@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/ qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
वीरवार, 21 दिसंबर 2023

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 21 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## अखिलेश को सीबीआई और ईडी का डर: राजभर

चंदौसी (संभल), 20 दिसंबर। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को ईडी और सीबीआई का डर है। वह दिन में भाजपा के खिलाफ बोलते हैं और रात में गुलदस्ता लेकर योगी और पीएम मोदी की शरण में चले जाते हैं। यह बात बुधवार को चंदौसी में प्रेसवार्ता के दौरान सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कही। बुधवार को बहजोई में महिला सम्मेलन में शामिल होने जाते समय ओमप्रकाश राजभर ने चंदौसी में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन के साथ सभी 80 सीट जीतने का दावा किया है। कहा कि सीट बंटवारे को लेकर कोई मतभेद और झगड़ा नहीं है। तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का लक्ष्य है। मंत्रिमंडल में शामिल होने के सवाल पर कहा कि जिस दिन मंत्रिमंडल का विस्तार होगा, उस दिन मंत्री बन जाएंगे। विपक्ष की ओर से खड़गे को प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनाने की बात पर कहा कि पांच राज्यों के चुनाव में इंडिया गठबंधन की स्थिति साफ हो गई है। तीन राज्यों में भाजपा की सरकार बनी। जनता ने साफ संदेश दिया है कि मोदी के मुकाबले कोई नहीं है। अखिलेश यादव को लेकर कहा कि सीबीआई और ईडी के डर से भाजपा को जिताने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों के विकास के लिए जो योजनाएं देश और प्रदेश में बन रही हैं। उनके दरवाजे तक पहुंचाने का संकल्प है।

# तीनों आपराधिक कानून संशोधन विधेयक लोकसभा से पारित

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 20 दिसंबर। संसद की सुरक्षा में चूक मामले पर विपक्ष आक्रमक हो गया है। 13 दिसंबर की घटना को लेकर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सांसद अड़े हुए हैं। इसी बीच, सदन की कार्यवाही में व्यवधान डालने के आरोप में विपक्षी सांसदों को संसद के शेष शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया है। जिसके बाद से ही विपक्षी सांसद आक्रमक हो गए हैं। सत्ता और विपक्ष के बीच तू-तू मैं-मैं के बीच शुक्रवार को शुरू हुई निलंबित करने की कार्रवाई मंगलवार को भी जारी रही। अब तक 141 विपक्षी सांसदों को संसद के शेष शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया है। इसी बीच, लोकसभा सचिवालय ने निलंबित सांसदों को लेकर एक सर्कुलर जारी किया है। संसद परिसर में निलंबित सांसदों के हंगामे के बीच लोकसभा सचिवालय ने एक सर्कुलर जारी किया। लोकसभा में दूरसंचार विधेयक, 2023 को पारित कर दिया गया। इससे पहले इस विधेयक पर दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बहस का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में डिजिटल भारत निधि यूएसओएफ (यूनिवर्सल सर्विसेज ऑब्लिगेशन फंड) को बदलने के संबंध में प्रावधान किया गया है। केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023 जो जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के अध्यक्ष की ऊपरी आयु सीमा को मौजूदा 65 वर्ष से बढ़ाकर 67 वर्ष करता है और 10 वर्ष के



अनुभव वाले अधिवक्ताओं को सदस्य बनने के लिए पात्र होने की अनुमति देता है, बुधवार को राज्यसभा से पारित हो गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023 पर चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मैंने तीनों विधेयकों को गहनता से पढ़ा है और इन्हें बनाने से पहले 158 परामर्श सत्रों में भाग लिया है। अमित शाह ने कहा कि सीआरपीसी में पहले 484 धाराएं थीं, अब इसमें 531 धाराएं होंगी। 177 धाराओं में बदलाव किए गए हैं और 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं। 39 नई उप-धाराएं जोड़ी गई हैं। 44 नए प्रावधान जोड़े गए हैं। इन विधेयकों पर चर्चा और बहस के बाद तीनों विधेयकों को धवनिमत से पारित कर दिया गया। गौरतलब है कि विपक्ष लगातार इन विधेयकों की आलोचना कर रहा था। आपराधिक कानून संशोधन से जुड़े तीन अहम विधेयकों पर बुधवार को लोकसभा में बहस की गई। ये तीनों बिल भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) व भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। इस विधेयक में ट्रायल कोर्ट को अधिकतम तीन सालों में अनिवार्य रूप से निर्णय देने का प्रावधान किया गया है। हैदराबाद के सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इन विधेयकों की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक विधेयक लोगों की नागरिक स्वतंत्रता और अधिकारों के लिए खतरा हैं क्योंकि वे पुलिस को किसी के भी खिलाफ कार्रवाई करने की व्यापक शक्तियां देते हैं। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि 20 दिसंबर 2023 से 18 जनवरी 2024 तक मुंबई पुलिस के अधिकार क्षेत्र के तहत सभी क्षेत्रों में सीआरपीसी धारा 144 के तहत नियमित निवारक आदेश जारी किए गए हैं। संसद में कार्यवाही के दौरान गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि केंद्र सरकार ने एक दिसंबर, 2018 से 30 नवंबर, 2023 तक 324 मामले राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंपे गए हैं। लोकसभा की कार्यवाही के दौरान तख्तियां दिखाने के आरोप में विपक्ष के दो अन्य सांसदों को निलंबित किया गया है। सांसद सी थॉमस और ए एम आरिफ को निलंबित किया गया है। शीतकालीन सत्र के दौरान अब तक 143 सासंद निलंबित किए जा चुके हैं। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री मामले में लोकसभा और राज्यसभा की आचार समितियों में शिकायत दर्ज कराई गई है। इसमें टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी, राहुल गांधी समेत कई विपक्षी सांसदों को निष्कासित करने की मांग की गई है। राज्यसभा में संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि विपक्षी सांसदों ने उपसभापति का अपमान किया है। पीएम और राष्ट्रपति का भी अपमान विपक्ष के द्वारा हमेशा किया गया।

# नए विधेयक लोगों के लिए खतरा: ओवैसी

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 20 दिसंबर। आपराधिक कानून संशोधन से जुड़े तीन अहम विधेयकों पर बुधवार को लोकसभा में बहस की गई। ये तीनों बिल भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) व भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। इस विधेयक में ट्रायल कोर्ट को अधिकतम तीन सालों में अनिवार्य रूप से निर्णय देने का प्रावधान किया गया है। हैदराबाद के सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इन विधेयकों की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक विधेयक लोगों की नागरिक स्वतंत्रता और अधिकारों के लिए खतरा हैं क्योंकि वे पुलिस को किसी के भी खिलाफ कार्रवाई करने की व्यापक शक्तियां देते हैं। लोकसभा में इन विधेयकों पर चल रही बहस में हिस्सा लेते हुए ओवैसी ने कहा कि ये विधेयक देश के आम लोगों के खिलाफ हैं। इसके कानून बनने के बाद लोगों से उनके अधिकार छीन लिए जाएंगे। ओवैसी ने आगे कहा कि बीएनएस में कई ऐसे प्रावधान शामिल किए गए हैं जो बहुत खतरनाक हैं। ये नागरिक स्वतंत्रता और अधिकारों के लिए खतरा हैं। इसमें पुलिस को न्यायाधीश, जूरी और एक्जिक्यूटर के रूप में काम करने की शक्तियां भी दे दी गई हैं। इतना ही नहीं, लोकसभा में पेश किए गए विधेयकों में राजद्रोह के अपराध को एक अलग अवतार में पेश किया गया है। साथ ही न्यूनतम सजा को भी तीन साल से बढ़ाकर सात साल कर दिया गया है। गौरतलब है कि दो तिहाई विपक्ष की अनुपस्थिति में



मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह ने आपराधिक कानून संशोधन से जुड़े तीन अहम विधेयकों भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक (बीएसबी) को लोकसभा में पेश किए थे। ये तीनों बिल भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) व भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। बुधवार को इन पर बहस की गई। तीनों विधेयकों में आपराधिक कानून में अहम बदलाव हुए हैं। इनके कानून बनने के बाद भीड़ हिंसा के आरोपियों को उम्र कैद की सजा मिलेगी। पहले सात वर्ष की सजा का प्रावधान था। आर्थिक सुरक्षा को खतरा पहुंचाना आतंकी गतिविधियों के दायरे में आएगा। तस्करी या नकली नोटों का उत्पादन, देश में रक्षा या विदेश में सरकारी संपत्ति को क्षति, सरकार को मजबूर करने के लिए किसी का अपहरण आतंकी कृत्य माना जाएगा। ऐसे छोटे अपराध जिससे समाज पर व्यापक प्रतिकूल असर नहीं पड़ता हो, इसके लिए विधेयक में जेल की जगह सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान है। छोटी-मोटी चोरी, नशे में धुत होकर परेशान करना व अन्य अपराधों के मामले में जेल की सजा खत्म कर दी गई है। इसके तहत दोषी व्यक्ति को सामुदायिक सेवा करनी होगी और इसके लिए उसे किसी तरह का आर्थिक भुगतान नहीं किया जाएगा। विधेयक में सामुदायिक सेवा को नए सिरे से परिभाषित भी किया गया है। दुष्कर्म के मामले में अदालती कार्यवाही के संबंध में कोर्ट की अनुमति के बिना कुछ भी प्रकाशित करना प्रतिबंधित होगा।

# दिन में सपने न देखें, चुनौतियों का सामना करें: प्रियांक खरगे

नई दिल्ली, 20 दिसंबर। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को प्रधानमंत्री पद के लिए कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने कहा कि खरगे देश के पहले दलित प्रधानमंत्री बन सकते हैं। हालांकि, इसके बाद कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष के बेटे और कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने इसपर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह अच्छा होगा अगर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे विपक्षी इंडिया गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे, लेकिन यहां दिन में सपने देखने से ज्यादा महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना है। प्रियांक खरगे ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को लोकसभा में बहुमत हासिल करने पर जोर दिया और इसे विपक्ष के लिए सबसे बड़ी चुनौती बताया है। प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर खरगे का नाम सामने रखने पर कई नेताओं समेत एमडीएमके नेता वाइको ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि खरगे ने कहा कि यहां जीत सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है और अभी विपक्षी गठबंधन की ताकत को बढ़ाना है। बाकी सबकुछ बाद में तय किया जाएगा। प्रियांक खरगे ने कहा, कांग्रेस के अध्यक्ष ने इसपर प्रतिक्रिया दी है। हमारे यहां चुनौती सबसे ज्यादा सांसदों को चुनकर उन्हें दिल्ली भेजने की है। बहुमत पाने के लिए हमें जो भी करना पड़ेगा हम करेंगे। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने जवाब दिया, क्या आप किसी कन्नड़ के प्रधानमंत्री बनने पर ना कहेंगे? अगर वह प्रधानमंत्री बनते हैं तो ये अच्छी बात है, लेकिन इससे पहले हमें अपने सामने आए चुनौतियों का सामना करना होगा। हमें सबसे पहले कांग्रेस को 200-250 सीटें जीताने होंगे और इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर अनुकूल महौल बनाना होगा।



ੴ



आपको अत्यंत दुखी ह्रदय के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय
स्व. अशोक कुमार
जो कि दिनांक 15-12-23 दिन शुक्रवार को अपनी संसारिक यात्रा पूरी करके प्रभु चरणों में विलीन हो गए है। उनको श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु
पाठ का भोग एवं अरदास
दिनांक 22-12-23 दिन शुक्रवार को
गुरुद्वारा रब दा कुत्ता, निरंकारी कॉलोनी, नयी दिल्ली
2.00 से 3.00 बजे संपन्न होगा।
शोक संतप्त - समस्त परिवार
मो. 8130885459, 9250612070

## दिल्ली में तीन और गाजियाबाद में सात महीने बाद सामने आया कोरोना केस

गाजियाबाद, 20 दिसंबर। सात महीने बाद गाजियाबाद में कोरोना का पहला केस मिला है। निजी चिकित्सक ने निजी लैब में मरीज की जांच कराई है, जिसमें कोविड पॉजिटिव रिपोर्ट आई है। स्वास्थ्य विभाग ने मरीज और उसके परिवार से सभी सदस्यों का सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिया है। जिला सर्विलांस अधिकारी आरके गुप्ता ने बताया कि मरीज को एहतियात बरतने और भीड़भाड़ वाले स्थान पर ना जाने की सलाह दी गई है। मरीज शास्त्रीनगर निवासी हैं। नाक कान गला रोग विशेषज्ञ बीपी त्यागी ने इसे कोरोना के नए वैरिएंट होने की आशंका जताई है। वहीं दिल्ली में मंगलवार को तीन कोरोना के नए केस मिले हैं। सभी मरीजों का उपचार अलग अलग अस्पतालों में चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक अब राजधानी में 20 लाख 14 हजार 448 मामले संक्रमण के दर्ज हो चुके हैं। विशेषज्ञों ने लोगों से फिर से चेहरे पर मास्क लगाने और भीड़भाड़ वाले इलाके में जाने से बचने की सलाह दी है। हालांकि आने वाले दिनों में 25 दिसंबर क्रिसमस और एक जनवरी को लोग नए साल के जश्न में डूबने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि आगे स्थित बिगड़ भी सकती है।

# दस दिन में कैसे हो पाएगा गठबंधन में सीटों का बंटवारा!

**सौरभ शर्मा**

नई दिल्ली, 20 दिसंबर। विपक्षी गठबंधन की बैठक में तय हुआ है कि 31 दिसंबर तक सीटों का बंटवारा हो जाएगा। सियासी गलियारों में चर्चा इस बात की हो रही है कि आखिर दस दिन में ऐसा क्या होगा कि गठबंधन के भीतर सीटों की शेयरिंग का फॉर्मूला तय होकर सभी सीटें घोषित हो जाएंगी। वहीं गठबंधन से जुड़ी पार्टी के नेताओं का कहना है कि गठबंधन की बैठक भले लंबे अरसे बाद हुई हो, लेकिन सीटों की शेयरिंग का फॉर्मूला पहले से तय हो चुका है। बस उसको लागू करके आगे की तैयारी शुरू करनी है। नई दिल्ली में सोमवार को हुई विपक्षी गठबंधन की बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें सबसे महत्वपूर्ण और जटिल बिंदु सीटों के शेयरिंग का फॉर्मूला भी था। गठबंधन में शामिल एक पार्टी के वरिष्ठ नेता कहते हैं कि लोगों को सीटों के शेयरिंग के फॉर्मूले पर सबसे बड़ी रार नजर आती है। जबकि हकीकत में ऐसा बिल्कुल नहीं है। वह कहते हैं कि उत्तर प्रदेश, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में जो थोड़ी बहुत समस्याएं नजर आ रही थी, उनका तकरीबन निपटारा हो गया है। जबकि




पंजाब में कुछ सीटों को लेकर आपसी समझ के साथ सीट शेयरिंग समझौता होना है। हालांकि सभी राज्यों में 31 दिसंबर या उसके आसपास तक सब कुछ फाइनल होकर आगे की रणनीति शुरू होगी। हालांकि सूत्रों के मुताबिक कुछ राज्यों में गठबंधन के दल बगैर किसी आपसी समझौते के सियासी मैदान में उतर सकते हैं। इसमें पश्चिम बंगाल और केरल को लेकर सबसे ज्यादा संभावनाएं नजर आ रही हैं। इसलिए इन राज्यों में कम्युनिस्ट पार्टी अलग चुनाव लड़ सकती है। जिसमें पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और केरल में कांग्रेस के साथ दोनों की फ्रेंडली फाइट की संभावनाएं बन रही हैं। गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के सूत्रों का मानना है कि बाकी किसी भी राज्य में खासतौर से हिंदी भाषी राज्य में कोई समस्या नहीं है। इसे लेकर सोमवार की बैठक में खुलकर चर्चा भी हुई है। गठबंधन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक सभी पार्टियों के नेताओं की बैठक भले एक लंबे अरसे बाद हुई हो, लेकिन सीटों के बंटवारे से लेकर अन्य सभी जरूरी बातों पर लगातार मंथन होता रहा है। गठबंधन ने जिस तरीके से सभी दलों को एक साथ आकर केंद्र सरकार और उनकी नीतियों के विरोध के लिए बड़ा मंच तैयार किया है, उस पर सहमति पहले भी बनी थी।

# समाज के सभी वर्गों की राय लेने के बाद जाति जनगणना पर फैसला: शिंदे

**नरेश मल्होत्रा**

मुंबई, 20 दिसंबर। पूरे देश में जाति आधारित जनगणना को लेकर लगातार बहस छिड़ी हुई है। विपक्षी पार्टियां लगातार जनगणना कराने की मांग कर रही हैं। अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने साफ कह दिया है कि समाज के सभी वर्गों की राय लेने के बाद इस मामले में फैसला लिया जाएगा। सीएम शिंदे रेशमीबाग इलाके में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक केबी हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक एमएस गोलवलकर के स्मारकों पर गए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने बुधवार को कहा कि जाति आधारित जनगणना पर उचित निर्णय समाज के सभी वर्गों की राय जानने और लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया जाएगा। गौरतलब है, आरएसएस के पदाधिकारी श्रीधर गाडगे ने मंगलवार को कहा था कि कोई जाति आधारित जनगणना नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने सवाल किया था कि इससे क्या हासिल होगा। उन्होंने पत्रकारों से कहा था कि इस तरह की कवायद से कुछ लोगों को राजनीतिक रूप से फायदा हो सकता है, क्योंकि इससे यह आंकड़ा मिलेगा कि किसी निश्चित जाति की आबादी कितनी है, लेकिन यह सामाजिक रूप से और राष्ट्रीय एकता के लिहाज से अच्छा नहीं है। आरएसएस पदाधिकारी की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर शिंदे ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र एक प्रगतिशील राज्य है और इसकी संस्कृति और परंपराएं अन्य राज्यों से अलग हैं। उन्होंने कहा कि यहां सभी समुदाय और जातियां एक साथ रहती हैं, एक साथ काम करती हैं और एक साथ जश्न मनाती हैं। इसलिए, समाज के सभी वर्गों की राय लेने के बाद लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सही फैसला लिया जाएगा। भाजपा से जुड़े मंत्री और विधायक हर साल नागपुर में राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान हेडगेवार और गोलवलकर के स्मारक पर जाते हैं। पिछले साल भाजपा के साथ गठबंधन करने वाले शिंदे ने कहा, हम हर साल शीतकालीन सत्र के दौरान डॉ. हेडगेवार के स्मारक पर जाते हैं। मुझे शांति महसूस होती है और यहां आने के बाद मुझे ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। यही कारण है कि हम यहां आए हैं। हिंदुत्व पर राजनीति के बारे में पूछे जाने पर शिंदे ने कहा, हमारे यहां आने के पीछे कोई राजनीति नहीं है। हमारी सरकार हिंदुत्व की विचारधारा और बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा पर बनी है। शिंदे ने कहा,



उनकी सरकार आम लोगों का प्रतिनिधित्व करती है। कोई भी मुझसे मिल सकता है और यह पहुंच उनकी सरकार की विशेषता है। मैं भी एक आम आदमी की तरह काम करता हूं, यही कारण है कि लोग हमें और हमारी सरकार को पसंद करते हैं। महाराष्ट्र में 140 से अधिक सांसदों के निलंबन पर विपक्षी विधायकों में गुस्सा है। उन्होंने बुधवार को अपनी बाहों पर काले फीते बांधकर इसका विरोध जताया। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार, कांग्रेस विधायक अशोक चव्हाण, शरद पवार वाली एनसीपी के नेता अनिल देशमुख, कांग्रेस विधायक सतेज पाटिल और कई अन्य विधायकों ने नागपुर में विधान भवन की सीढ़ियों पर केंद्र और राज्य सरकारों के खिलाफ नारेबाजी की। इसके अलावा, विधायकों ने मराठा आरक्षण के मुद्दे का समाधान नहीं होने और किसानों को सोयाबीन व कपास की फसलों का उचित मूल्य नहीं मिलने पर भी चिंता जताई। बता दें, संसद के दोनों सदनों के 141 सांसदों को अमर्यादित व्यवहार के लिए निलंबित कर दिया गया है। विपक्षी इंडिया गठबंधन ने शुक्रवार को देशव्यापी सरकार विरोधी प्रदर्शनों की घोषणा की है।

# जोकरों का काम कर रहे कुछ सांसद: जेपी नड्डा

नई दिल्ली, 20 दिसंबर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल करने के मामले पर घमासान मचा हुआ है। भाजपा ने धनखड़ के अपमान को किसानों और जाटों का अपमान बताया है। इसी बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि जनता नेताओं को अपना जनप्रतिनिधि बनाकर संसद में भेजती है, लेकिन कुछ नेता संसद जाकर जनता की बात उठाने की बजाय जोकरों जैसा काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति पद पर बैठे हुए वरिष्ठ सदस्य की नकल करना उनका अपमान करना है और जनता इस तरह के अपमानजनक व्यवहार को कभी स्वीकार नहीं करेगी। बस्ती में एक कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष के कुछ सदस्य लगातार निचले स्तर का व्यवहार कर संसद की गरिमा गिराने का काम कर रहे हैं। अब तक वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या भाजपा के नेताओं का अपमान कर रहे थे, लेकिन अब वे सीधे राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति का अपमान करने लगे हैं। यह शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र मर्यादा और परंपरा के आधार पर चलता है, लेकिन विपक्ष लगातार संसदीय परंपराओं का अपमान कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिस समय विपक्ष का एक सांसद अभद्र व्यवहार कर रहा था और उपराष्ट्रपति का अपमान कर रहा था, उसी समय इस घटना की निंदा करने की बजाय कांग्रेस के एक नेता (राहुल गांधी) उसका वीडियो बना रहे थे। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोग इस तरह की घटनाओं को रोकने की बजाय उसको बढ़ावा दे रहे हैं। नड्डा ने कहा कि वैसे तो राहुल गांधी ओबीसी और पिछड़ों की बात करते हैं, लेकिन उपराष्ट्रपति जैसे संसदीय पद पर बैठे हुए व्यक्ति का अपमान करते हुए उन्हें यह बात याद नहीं आई।



## 9 साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या मामले में 52 साल का शख्स का गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के स्वरूप नगर में एक लड़की के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के आरोप में एक 52 वर्षीय शख्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताा कि आरोपी को आईपीसी की धारा 364, 302 और 201 और 6 पॉक्सो अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है।



बता दें, 9 साल की बच्ची को 12 दिसंबर को आरोपी की गाड़ी में बैठे देखा गया था। 17 दिसंबर को आरोपी ने कबूल किया कि उसने बच्ची के शव को नहर में फेंक दिया था। बच्ची के शव को नहर से निकालने के लिए पांच गोताखोरों को लगाया गया था, लेकिन शव का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पीड़िता के शव की तलाश जारी है।

**दिल्ली महिला आयोग ने लिया संज्ञान**

वहीं, मामले में दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने स्वत-संज्ञान लिया है और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर मामले में ब्योरा मांगा है। डीसीडब्ल्यू प्रमुख स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस को पत्र लिखकर मामले की एफआईआर कॉपी मांगी है। इसके अलावा मामले में गिरफ्तार आरोपी की डिटेल भी मांगी है।

## युवती पर गाजियाबाद में कार सवार युवकों ने किया हमला

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के यूपी गेट चौकी के पास कार सवार चार युवकों ने गाड़ी में सवार मेरठ की युवती पर लाठी-डंडों से हमला कर उसको घायल कर दिया। वरना गाड़ी सवार युवकों ने युवती का कई किलोमीटर तक पहले पीछा किया था। चारों युवक थार गाड़ी तोड़कर भाग गए। घायल युवती ने चार युवकों को नामजद कराया है। मेरठ की रहने वाली युवती का कहना है कि वह अपने अंकल की कार लेकर शाम सात बजे दिल्ली जा रही थी। हाईवे पर काले रंग की वरना गाड़ी सवार चार युवकों ने उसका काफी दूर से पीछा शुरू कर दिया। वह बार-बार ओवरटेक कर युवती को रोकने का प्रयास कर रहा था। वह खुद को बचाने के लिए यूपी गेट की तरफ उतर गई। चौकी से कुछ मीटर पहले युवकों ने युवती की गाड़ी रुकवाकर उसे नीचे उतारा हमला कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं, कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। युवती का आरोप है कि युवकों ने उनसे अश्लीलता की। घायल हालत में युवती ने पुलिस को सूचना दी और शिकायत देकर विशाल, निक्की, सागर, विवेक के खिलाफ हमला, धमकी देना, गाड़ी तोड़ना, छेड़छाड़ और अन्य धारा में मुकदमा कराया है। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि युवकों की पहचान के बाद उनकी गिरफ्तारी को टीम लगी है।

## दिल्ली में 400 रुपये के लिए एक व्यक्ति की हत्या करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तरपूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में दो लोगों ने एक व्यक्ति से 400 रुपये और मोबाइल फोन लूटने के बाद उसकी हत्या कर दी। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों की पहचान वेलकम इलाके में जनता मजदूर कॉलोनी के रहने वाले शहजाद (20) और ताहिर (36) के रूप में हुई। उन्होंने सिर्फ 400 रुपये और एक मोबाइल फोन के लिए उस व्यक्ति की हत्या कर दी। अधिकारी ने बताया कि मंगलवार सुबह 7¬55 बजे वेलकम थाने में सामुदायिक केंद्र, वेस्ट गोरख पार्क के पास सड़क पर एक पुरुष का शव होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर देखा तो मृतक सड़क किनारे रजाई के नीचे पड़ा हुआ था। पुलिस उपायुक्त (उत्तरपूर्व) जॉय टिर्की ने कहा, उसके शरीर पर चाकू से वार के चार निशान थे ङ्क एक गर्दन की बाईं ओर और तीन छाती पर, दोनों तरफ।

## 9 साल की बच्ची का अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के बाद शव को नहर में फेंका

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। उत्तरी दिल्ली में नौ साल की एक लड़की का अपहरण किया गया, उसके साथ दुष्कर्म किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। इसके बाद उसके शव को एक नहर में फेंक दिया गया। पुलिस ने मंगलवार को कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, 12 दिसंबर की शाम नंगली पूना गांव की रहने वाली एक लड़की के अपहरण की रिपोर्ट स्वरूप नगर थाने में दर्ज कराई गई थी। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 363 के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई और जांच शुरू की गई।

# टीएमसी सांसद की बढ़ी मुश्किलें: उपराष्ट्रपति की नकल करने के मामले में शिकायत, दिल्ली पुलिस ने आगे भेजी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** टीएमसी सांसद द्वारा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल किए जाने के मामले में सियासत गरमा गई है। एक वकील ने संसद भवन के परिसर में उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करने वाले टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती शाम डिफेंस कॉलोनी पुलिस स्टेशन में अभिषेक गौतम नाम के एक वकील ने शिकायत दी थी। हमने इस मामले को नई दिल्ली जिला पुलिस को भेज दिया है।

**वकील ने की एफआईआर दर्ज करने की मांग**

वकील ने शिकायत में कहा है कि वीडियो बनाने का मकसद भारत के उप-राष्ट्रपति का



अपमान और बदनाम करने के लिए बनाया गया। वह किसान परिवार से आते हैं। ओबीसी कोटे से संबंध रखते हैं। साथ ही एक वकील हैं। वकील ने मांग की है कि टीएमसी सांसद और वीडियो में दिख रहे सभी लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा और आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की जाए।

**उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के समर्थन में आया जाट समाज**

पालम 360 खाप प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि यह बैठक न केवल टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के माफी मांग और इसके अलावा भारत के लाखों किसानों के लिए बुलाई गई है। हमने आज एक बड़ी बैठक करेंगे। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम कांग्रेस के बारे में बोलते हैं। विशेषकर राहुल गांधी के बारे में जिनके सामने यह घटना हुई। हमारी सिर्फ एक ही मांग है। हम किसान परिवार का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## नोएडा में शराब पीकर वाहन चलाने वाले और यातायात नियमों का पालन न करने वालों पर जमकर हो रही करवाई

**नोएडा।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत नोएडा और ग्रेटर नोएडा के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की टीमें मौजूद हैं जो नशे में वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ जमकर कार्रवाई कर रही हैं। दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में 16 दिसंबर से 31 दिसंबर तक यातायात पुलिस व नागरिक पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में नौ स्थानों पर संयुक्त टीम बनाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चैकिंग की गयी। अभियान के दौरान 529 वाहन चालकों को चैक किया गया जिनमें नौ के नशे में पाये जाने पर वाहनों को सीज/ई-चालान की कार्यवाही की गई। सड़क सुरक्षा पखवाडा अभियान के दौरान यातायात पुलिस गौतमबुद्धनगर ने 19 दिसंबर को दादरी, तिलपता, कुलेशरा, परीचौक, सैक्टर-37, सैक्टर-59, मॉडल टाउन आदि स्थानों पर 845 वाहन चालकों व आमजन को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। इसके साथ ही बिना हेलमेट (524), बिना सीट बेल्ट (118), रॉंग साइड (493), नो पार्किंग (453), ओवर स्पीड (189), अन्य (4826) के ई-चालान (कुल 6603) भी काटे गए।

## दिल्ली में Blue killer Lineबसों की वापसी: मोती नगर रेड लाइट पर बड़ा हादसा, बीच सड़क उड़े कार के परखच्चे

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक बार फिर से हत्यारी ब्लू लाइन बसों की वापसी हो गई है। अब मोती नगर की रेड लाइट पर इलेक्ट्रिक बस और कार की जबरदस्त टक्कर हुई है। आज सुबह इलेक्ट्रिक बस कर्मपुरा मोती नगर फ्लाईओवर के नीचे हादसे का शिकार हो गई। हादसा सुबह छह बजे का बताया जा रहा है।

**रोहिणी में भी ब्लू इलेक्ट्रिक बस हो चुकी है हादसे का शिकार**

वहीं इससे पहले बीते महीने दिल्ली के रोहिणी इलाके में भी ब्लू इलेक्ट्रिक बस हादसे का शिकार हो गई थी। दक्षिणी रोहिणी इलाके में बेकाबू बस ने कई वाहनों को रौंद दिया था। बस की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई थी। जबकि एक अन्य घायल हो गया था। घायलों को अंबेडकर अस्पताल में भर्ती किया गया था।

**डीटीसी बस ने मारी थी ई रिक्शा को टक्कर**



इसके अलावा अक्तूबर महीने में दिल्ली की डीटीसी बस भी हादसे का शिकार हो गई थी। ईस्ट विनोद नगर डिपो की तेज रफ्तार डीटीसी बस ने फल मंडी कोंडली पुल के पास दो ई-रिक्शा और एक फल की रेहड़ी में जोरदार टक्कर मार दी थी। इससे दोनों ई-रिक्शा पलट गए थे।

हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। टक्कर लगने से दोनों ई-रिक्शा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए थे। घटनास्थल पर चीखपुकार मच गई थी। आस पास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे थे। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई थी। हादसे के बाद बस चालक और कंडक्टर मौके से फरार हो गए।

## झूठी शान के लिए बहन समेत तीन की हत्या, 13 साल बाद दोषियों को मिली उम्रकैद

**बाहरी दिल्ली।** झूठी शान के लिए बहन समेत तीन की हत्या करने वालों को रोहिणी कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। हत्याकांड में शामिल चौथे व्यक्ति को कोर्ट ने सात साल की कैद की सजा दी है। इस सनसनीखेज तिहरे हत्याकांड में उम्रकैद की सजा पाने वाले अंकित चौधरी की बहन और उसके पति की जान चली गई थी और दो दिन बाद मनदीप नागर की बहन शोभा का शव एक कार में मिला था। कोर्ट ने इस मामले को मौत की सजा के लिए उपयुक्त नहीं माना। कोर्ट का यह फैसला हत्याकांड के करीब साढ़े 13 साल बाद आया है। रोहिणी के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बबरूभान ने हत्या (धारा 302) और षड्यंत्र (120-बी) के तहत अंकित चौधरी, मनदीप नागर और नकुल खारी को उम्रकैद की सजा और 20-20 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। अंकित चौधरी को



शस्त्र अधिनियम की धारा 25/27 में पांच साल की सजा व पांच हजार रुपये जुर्माना, मनदीप नागर को शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के तहत पांच साल की कैद व पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने चौथे अभियुक्त गौतमबुद्ध नगर के दुजाना गांव निवासी राकेश नागर उर्फ सींटू को धारा 216 (मदद देने) के तहत सात साल की कैद व एक हजार रुपये जुर्माना किया है। राकेश नागर, अंकित चौधरी के रिश्तेदार में भाई लगते हैं। अंकित चौधरी, मनदीप नागर और नकुल खारी तीनों दोस्त हैं।हत्याकांड के समय चारों की उम्र 18 से 20 वर्ष के बीच थी। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने गत सितंबर महीने के अंतिम सप्ताह में चारों को दोषी करार दिया था।करीब साढ़े 13 साल चले ट्रायल के बाद मंगलवार को कोर्ट ने अपना फैसला दिया। झूठी शान के लिए तीन हत्या के इस चर्चित मामले में अभियोजक पक्ष ने इस मामले को रेयररेस्ट ऑफ रेयर बताते हुए कोर्ट से हत्यारों को मौत की सजा दिए जाने की मांग रखी, लेकिन कोर्ट ने इसे उपयुक्त नहीं माना।

# दिल्ली में घटता प्रदूषण... सांसों को मिलती राहत: एक्यूआई हुआ 279, शुक्रवार तक हवा हो सकती है बेहद खराब

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बढ़ती सर्दी के बीच प्रदूषण का स्तर कम होता दिख रहा है। लेकिन अभी भी लोगों को खराब हवा से राहत नहीं मिली है। रीयल टाइम एयर क्वालिटी इंडेक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली के कई इलाकों की हवा अब भी खराब है। अभी भी एक्यूआई ऊपर नीचे हो रहा है।

बुधवार को सोनिया विहार इलाके में 279 एक्यूआई दर्ज हुआ है। जो सबसे ज्यादा है। वहीं दूसरी तरफ अलीपुर में 261, बवाना में 229, वजीरपुर में 221, आनंद विहार में 229, पंजाबी बाग में 198, द्वारका में 181, नोएडा में 163, गाजियाबाद में 176 एक्यूआई दर्ज हुआ है।

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक, हवा उत्तर-पश्चिम




दिशा की ओर से चली। इस दौरान गति 12 से 14 किलोमीटर प्रतिघंटा रही। बुधवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान गति 6 से 10 किलोमीटर प्रतिघंटा रहने के आसार हैं। सुबह के समय धुंध व कोहरा छाए रहने की आशंका है। ऐसे में हवा खराब श्रेणी में बनी रहेगी।

**पांच इलाकों में एक्यूआई 300 पार**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, दिल्ली में मंगलवार को पांच इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। इनमें नेहरू नगर में सबसे अधिक सूचकांक दर्ज किया गया। यहां एक्यूआई 328 रहा। एनएसआईटी द्वारका में 314, मुंडका में 305, जहांगीरपुरी में 312 सूचकांक दर्ज किया गया जो बेहद खराब श्रेणी है।

साथ ही, 24 इलाकों में हवा खराब श्रेणी में दर्ज की गई। इनमें पूसा में 280, मथुरा रोड़ में 285, लोधी रोड में 231, आईटीओ 293 व डीटीयू में 267 सूचकांक दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी है। वहीं, ग्रेटर नोएडा में 286, गुरुग्राम में 186, नोएडा में 206, गाजियाबाद में 204 व फरीदाबाद में 206 एक्यूआई दर्ज किया गया।

## हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार से महिलाओं के लिए सुरक्षा उपायों के बारे में पूछा, डीटीसी बसों में कैमरे लगाने का दिया सुझाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार को महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए डीटीसी बसों में कैमरे और ड्राइवर व कंडक्टर की सीटों पर अलर्ट बटन लगाने के बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय राजधानी में 16 दिसंबर, 2012 को चलती बस में 23 वर्षीय युवती के साथ हुए क्रूरतापूर्ण सामूहिक दुष्कर्म के बाद 2012 में दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए अदालत ने महिलाओं की सुरक्षा पर कई सवाल उठाए थे।



न्यायमूर्ति कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता की पीठ ने डीटीसी बसों में कैमरों की मौजूदगी, सीसीटीवी खंभों पर पुश-टू-टॉक बटन लगाना, सीसीटीवी फुटेज की संरक्षण अवधि और क्या कोई ऑडिट किया गया है, इस बारे में सरकार के वकील से सवाल किया। इसने दिल्ली सरकार से डीटीसी बसों में कैमरे और अलर्ट बटन को शामिल करने की व्यवहार्यता का विवरण देने के साथ-साथ सीसीटीवी डेटा की संरक्षण अवधि और महिला उत्पीड़न के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक परिवहन में विचार सहित पहले के आदेशों के अनु एक स्थिति रिपोर्ट पेश करने को कहा।


**NAME CHANGE**
I, Virender s/o Dhramvir Singh R/o 119 Sec- 21 B, faridabad haryana have change my name to Virender Singh for all purposes

**NAME CHANGE**
I, VANDANA SHARMA W/O NARENDER KUMAR residing at F-30 3RD FLOOR LAJPAT NAGAR-1 DELHI-110024 have changed my name to VANDANA for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I,SHILPY PANESAR D/O SUCHHA SINGH PANESAR R/O D-59 D-BLOCK SHAM NAGAR ,NEW DELHI-110018,HAVE CHANGED MY NAME FROM SHILPY PANESAR TO SHILPY GUPTA FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**NAME CHANGE**
I, Vansh S/o Rajender Rathee Residing H.No. 62/22, Kishan Pura, Rohtak - 124001 (Haryana) have changed my name to Vansh Rathee for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, Urmila Devi W/o Rishi Raj Residing VPO: Rindhana (4), Gohana, Sonipat - 131304 (Haryana) have changed my name to Urmila for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, Ishu S/o Manjeet Residing H.No. 914, Dubaldhan Kirmian (136), Beri, Jhajjar - 124202 (Haryana) have changed my name to Ishu Kadian for all future purposes.

**NAME CHANGE**
I, MOHAMMAD MUSA S/O MOHD ALIMAN residing at PLOT NO-34B KHASRA NO 286 2 ARUN ENCLAVE LONI DEHAT GHAZIABAD UP-201102 have changed my name to MD MUSA for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, Anil Kumar Ram s/o Gorakh Ram R/o Balua Tappa Shahpur TRAWN, GAZIPUR-233231, U.P, have changed my name to Anil Ram permanently

**NAME CHANGE**
I, Mohammed Asad Son of Sh Mohammed Yaseen R/O House Number C-12/397, F/F, Yamuna Vihar, North East, Delhi-110053, have changed my name Mohd Asad for all future purpose

**NAME CHANGE**
I, Mohammed Yaseen S/o Sh Sherddin R/O House Number B-977, Street No-5, Kabir Nagar, Gokalpur, North East, Delhi-110094, have changed my name Mohd Yaseen for all future purpose

**NAME CHANGE**
I, Budeshwari W/o Kiran Pal R/o A-2/12-13 Secound Floor,Sector-11 Rohini North West Delhi 110085, has changed my name from Km Budheshwari Devi Dogra to Budeshwari, for all purposes

**PUBLIC NOTICE**
I hitherto known as Khushboo Manchanda D/O Ratan Manchanda R/O- 85/40, Street No. 4, Chander Nagar, Shastri park, Krishna Nagar, East Delhi, Delhi-110051. have changed my name and shall hereafter be known as Samayra Dhingra.

**PUBLIC NOTICE**
I hitherto known as Namrata shokeen D/o Suresh Kumar shokeen W/o Ajay solanki R/o WZ-69A, Palam village,New Delhi-110045. have changed my name and shall hereafter be known as Namrata.

**NAME CHANGE**
I,Almas W/o Kashif Ur Rehman R/o-4383 Shahganj Chowk Ajmeri Gate Delhi-110006 have changed my name to Almas Parveen

**PUBLIC NOTICE**
General Public at large is hereby informed that my Client Shri RAISHA wife of Allauddin resident of C-340, LNJP colony Ranjit Singh Marg, Guru Nanak Hospital, New Delhi has debarred and disowned his Son Mohd Tanvir son of Allauddin from all her moveable and immoveable properties due to their misbehavior and severed all relation with him. Anybody dealing with him financially or otherwise shall do so at his own cost and risk
**ABHINAY GUPTA ADVOCATE**
4/7 SR-III, Office Campus,
Asaf Ali Road, New Delhi

**NAME CHANGE**
I, RENU SHARMA Wife of No. JC-304191W SUB (OFC) MANOJ KUMAR Unit-406 GUN MSL AD REGT Residing at MISHRAN MOHALLA, RADHAKUND RURAL, MATHURA, UTTAR PRADESH-281504 have changed my name from RENU SHARMA to RENU GAUR for all future purposes and in my husband's service records my date of birth wrongly mentioned as 19/07/1980 instead of my correct date of birth as 19/08/1980 vide Affidavit Dated 19/12/2023 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, KASHMEER SINGH father of No.19007938F L/NK BICHITRA SINGH residing at VILL-SAHABGANJ GRANT, PO-REHARIYA, TEH-MOHAMMDI, DISTT-LAKHIMPUR KHERI, U.P-262804 have changed my name from KASHMEER SINGH to KASHMIR SINGH for all future purposes vide Affidavit Dated 20/12/2023 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, LAVANYA D/O NARENDER KUMAR residing at F-30 3RD FLOOR LAJPAT NAGAR-1 DELHI-110024 have changed my name to LAVANYA KUMAR for all future purpose.

**NAME CHANGE**
I, GEETA DEVI wife of JC-492486F Rank-SUB Name-SANJAY KUMAR R/O VILL-RAGHUNATHPURA, PO+TEH-SURAJGARH, DIST-JHUNJHUNU, RAJASTHAN, PIN-333029 have changed my name from GEETA DEVI to GEETA KUMARI for all future purposes vide Affidavit Dated 20/12/2023 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**
I, Kashifur Rehman S/o Khalil Ur Rehman R/o-4383,Shahganj Chowk Ajmeri Gate Delhi-110006,have changed my name to Kashif Ur Rehman

**NAME CHANGE**
I, NO-15802691K Rank- L/NK (DMT) Name-GOVIND KUMAR MANDAL S/O BALDEV MANDAL residing at VILL-BAKHARPUR, TEH-KAHALGOAN, DIST- BHAGALPUR, BIHAR, PIN-813209, have changed my minor son's name from HAPPY KUMAR to MADHAV KUMAR for all future purposes vide affidavit No. IN-DL16395523675246V dated 20/12/2023 before Notary Public, Delhi.

**NOTICE**
Public at large is hereby informed that our client Smt. Rita Choudhary is the owner of Property No. A-33, admeasuring 50 sq.yds., Khasra No. 905, situated in village Nawada and colony known as Gulab Bagh, in Block-A, Uttam Nagar, New Delhi-110059. vide Sale Deed dated 20/12/2022 executed by (1) Smt. Sunita Singla & (2) Sh. Pawan Kumar in favour of Smt. Rita Choudhary (Doc No. 32222, Book No. 1, Vol No. 8459, Pages 6-14, SR-IIB Janakpuri). Initially, Sale Deed dated 31/12/1973 executed by Sh. Bhagmal in favour of S. Mela Singh in favour of S. Mela Singh, who executed Notarized GPA dated 04/07/1991 in favour of Sh. Ravinder Kumar, who executed Notarized GPA dated 14/10/1991 in favour of Sh. Ajay, who executed Regd. GPA, Will & Unregistered ATS dated 15/02/1997 in favour of Smt. Ram Wati, who executed Sale Deed dated 30/10/2014 in favour of Sh. Pankaj Aggarwal (Doc No. 6305), who executed Sale Deed dated 08/07/2016 in favour of (1) Smt. Sunita Singla & (2) Smt. Lali (Doc No. 11050), Unfortunately, Smt. Lali died leaving behind legal heirs (1) Sh. Rameshwar & (2) Sh. Pawan Kumar.Thereafter, Relinquishment Deed dated 21/11/2022 executed by Sh. Rameshwar in favour of Sh. Pawan Kumar (Doc No. 29518, Book No. 1, Vol No. 8345, Pages 75-78, SR-IIB Delhi), Finally, Sale Deed dated 20/12/2022 executed in favour of my abovementioned client who intends to mortgage the said immovable property for bonafide requirements to HDFC BANK LTD. Whosoever is having any objection to the said mortgage or anyone has claim or right or interest in the property shall contact the undersigned with the objection within 07 days failing which it shall be presumed that there stands no objections.
NEW DELHI
DATE: 20/12/2023
**PRAGYA BHUSHAN ADVOCATE**
Enrl. No. D/721/02
Office: L-27,GF, Kailash Colony, New Delhi-48
Mob.: 9968006418

**NAME CHANGE**
I, HIMANSHU GUPTA S/O VIDYA NIDHI GUPTA R/O D-59 D-BLOCK SHAM NAGAR NEW DELHI 1100018 have changed my minor Son name from YUG to YUG GUPTA for all future purpose

**NAME CHANGE**
I,HIMANSHU S/O VIDYA NIDHI GUPTA R/O D-59 D-BLOCK SHAM NAGAR ,NEW DELHI-110018,HAVE CHANGED MY NAME FROM HIMANSHU TO HIMANSHU GUPTA FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**PUBLIC NOTICE**
Mr. Inderjeet willing to purchase THIRD FLOOR, WITHOUT ROOF RIGHTS, FREEHOLD PROPERTY BEARING MUNICIPAL NO. 4/5852 BUILT ON PLOT NO. 101, AREA MEASURING 64.37 SQ. METERS, IN BLOCK NO. 4B, SITUATED AT BASTI REGHAR, DEV NAGAR, KAROL BAGH, NEW DELHI. which is owned by Mr. Deputy Prakash Chawla vide Gift Deed dated 27.07.2021 Doc No.11265, SR-III, Delhi in respect of ½ undivided share & half share acquired through Regd. Will dated 06.05.2008 executed by Mrs. Vidyawati Chawla and same property to be financed by Indiabulls Housing Finance Ltd., Branch Address:- 1st Floor, Mahata Tower, Plot No.54, Block B-1, Community Center, Janakpuri, New Delhi -110058. That, Mr. Subhash Chawla & Mr. Deputy Prakash Chawla are the only legal heirs of Mrs. Vidyawati Chawla.
If any person(s) objection for subject property, then kindly may contact the undersigned along with original property document, within 7 days from date of this notice on below mentioned address, failing which, the claim as per aforesaid shall be treated as null and void in respect of the subject property.
**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

**PUBLIC NOTICE**
My client bhagwan deen s/o Ram sanehi R/o C-1/41-42 budh vihar phase 2 Delhi do hereby disown/debarred his son vijay kumar and his wife suman from his all movable and immovable properties due to their disrespectful behaviour and severed all his relations with them if anybody deals with them in any manner in future he/she shall do so at his /her own risk cost and consequences my client shall not any manner be liable for the same.
**Ashok kumar Advocate**
Ch no 1211 ch block Rohini court Delhi
Mob no 9953152498

**NAME CHANGE**
I,Binesh Rehman W/o Kashif Ur Rehman R/o-4383 Shahganj Chowk Ajmeri Gate Delhi-110006,have changed my name to Bineesh Rehman

**PUBLIC NOTICE**
It is informed that my clients Shri Narayan Singh Yadav S/o Shri Kundan Singh Yadav Age-83 Years and Kaushalya W/o Shri Narain Singh Yadav Age-73 Years R/o: 233, Sikanderpuría Mohalla, Near C Block. Dwarka Sector-8, Raj Nagar-II, Delhi-110077 have severed all relations from their Son namely Deepak Yadav and Daughter-in-Law Smt. Santosh Yadav W/o Shri Deepak Yadav and debarred, disown them from their entire moveable and immovable properties because of their misconduct, misbehavior, disrespect, disobey and not having been in control of my clients. My clients and their family Members shall not be responsible at all for the acts, omissions, conduct and transaction of Deepak Yadav and Smt. Santosh Yadav in any manner whatsoever and any person dealing with them shall do at his/her own risk.
**PINKU SINGH Advocate**
Seat No-5, Hall No-2,
Dwarka Courts, Sec-10,
New Delhi-110075

**NAME CHANGE**
I, ARUN SAINI S/O KISHAN LAL SAINI R/O HOUSE NO.-RZ-C2/144, NEAR TENT WALA SCHOOL, VIJAY ENCLAVE PALAM, PALAM VILLAGE, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110045 have changed the name of my minor son BHAVIK aged 05 years and he shall hereafter be known as BHAVIK SAINI.

**सार्वजनिक सूचना**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारी ग्राहक श्रीमती पूनम देवी 200 वर्ग गज यानी 167.22 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले फ्रीहोल्ड आवासीय प्लॉट की मालिक हैं। ग्राम सिहानी, परगना लोनी, तहसील एवं जिला गाजियाबाद (उ.प्र.) के क्षेत्र में स्थित खसरा संख्या 185 दिनांक 06-06-2014 के विक्रय विलेख के आधार पर संबंधित उप-रजिस्ट्रार के कार्यालय में विधिवत पंजीकृत किया गया है। दस्तावेज़ संख्या 4847, पुस्तक संख्या ।, खंड संख्या 10302, पृष्ठ संख्या 133-198 में आज तक और उसका मूल विक्रय विलेख दिनांक 21-05-2012 खो गया है, संबंधित उप-रजिस्ट्रार के कार्यालय में दस्तावेज़ संख्या 5914 के रूप में पंजीकृत है। पुस्तक संख्या ।, खंड संख्या 8261, पृष्ठ संख्या 41-70 में, इसे (1) श्रीमती इंदुबाला पत्नी रमेश चंद और 2) श्रीमती आरती वर्मा पत्नी सचिन वर्मा के पक्ष में निष्पादित किया गया था, अब हमारा ग्राहक यह घोषणा कर रहा है कि उक्त संपत्ति पर किसी अन्य व्यक्ति का कोई अधिकार नहीं है, और वही संपत्ति श्री योगेश शर्मा के नाम से बिकने जा रही है, जिसका वित्त पोषण पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा शाहदरा, दिल्ली 110095 द्वारा किया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में अधिकारञ्चस्वामित्व या हित के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है तो इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 07 दिनों के भीतर हमसे संपर्क करें या उसी को संपर्क करें। यदि किसी को मिला तो अधोहस्ताक्षरित। इसके बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
**Naveen Kumar Verma (advocate)**
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010,
Contact at-09958871432

# इंश्योरेंस पॉलिसी लेने से पहले पूरी जानकारी लें : दिलबाग कादियान



**करनाल।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जनरल इंश्योरेंस की और से चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के दौरान आज चंद्रशेखर आजाद स्कूल करनाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया जरनल इंश्योरेंस के क्षेत्रीय प्रबंधक दिलबाग कादियान ने मोटर,दुर्घटना बीमा व स्वास्थ्य बीमा की जानकारी दी। ट्रैफिक नियमों पर भी चर्चा की। उन्होंने अपने परिवार की वित्तीय सुरक्षा के लिए हमें इंश्योरेंस पॉलिसी जरूर लेनी चाहिए। किसी भी दुर्घटना वह बुरे समय में यह पॉलिसी हमारे लिए बहुत ही मददगार साबित होती है। स्कूल के डायरेक्टर श्री जगबीर सिंह ने बच्चों से नैतिक मूल्यों पर चर्चा की। वह बच्चों को समझाया कि उन्हें हर क्षेत्र की नॉलेज होनी चाहिए ताकि बुरे वक्त को आसानी से संभाला जा सके। जगबीर सिंह ने कहा कि वह अपने बच्चों के लिए इस तरह के सेशन लगातार करवाते रहेंगे। उन्होंने सभी मेहमानों का धन्यवाद भी किया। इस अवसर पर जगदीश सिंह, कुसुम रानी, प्रदीप कुमार, मंजीत कुमार, दिलावर बिस्ला, मनोज संधू, रिशा नैन, मुकेश रानी व अन्य उपस्थित थे।

# पवित्र ग्रंथ गीता के श्लोकों ने मानवता को दिया आध्यात्मिक ज्ञान : भारती

प्रसिद्ध कलाकार मोरा लाला ने ब्रह्मसरोवर की फिजा घोला कबीर भक्ति का रस, कलाकार निधि शर्मा ने भजनों की प्रस्तुति से दर्शकों को झूमने पर किया मजबूर, सांध्यकालीन महाआरती में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती, प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा ने की शिरकत, मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र का एक पौराणिक और आध्यात्मिक इतिहास रहा है। इस धरा पर जहां भगवान श्रीकृष्ण ने मोह ग्रस्त अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया वहीं पवित्र ग्रंथ गीता के श्लोकों ने मानवता को आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान किया है। इसके साथ-साथ अनेक महान संतों के पैर इस धरा पर पड़े।

राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती मंगलवार को देर सायं ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में महोत्सव के गीता महाआरती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में बोल रहे थे। इससे पहले राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती, केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, कुरुक्षेत्र 48 कोस तीर्थ निगरानी कमेटी के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, केडीबी सदस्य अशोक रोशा, डा. ऋषिपाल मथाना, डा. एमके मोदगिल, कैप्टन अमरजीत सिंह, युद्घिष्ठर बहल ने पुरुषोत्तमपुरा बाग में सायं कालीन सांस्कृतिक संध्या का दीप प्रज्जवलित करके शुभारंभ किया। इस दौरान राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती ने प्रसिद्ध कलाकार मोरा लाला और निधि शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर



सम्मानित किया। इस सांस्कृतिक संध्या में सुप्रसिद्ध कलाकार मोरा लाला ने संत कबीर की वाणी को अपने शब्दों में पिरोकर प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति में कबीर के दोहे, समाज को दिशा दिखाने वाले शब्दों और कबीर के ज्ञान को गायन शैली के माध्यम से प्रस्तुत करके सबका ध्यान अपनी तरफ आकर्षित करने का काम किया। इस प्रस्तुति के साथ प्रसिद्ध कलाकार निधि शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण-राधा से जुड़े भजनों को प्रस्तुत करके दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इन दोनों प्रस्तुतियों की दर्शकों ने खूब सराहना की है।

राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती, प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, आरएसएस के प्रांत सह कार्यवाह डा. प्रीतम सिंह, जिला अध्यक्ष रवि बतान, जिला महामंत्री जसविंदर सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर ब्रह्मसरोवर की महाआरती और पूजा-अर्चना की तथा दीपशिखा प्रज्वलित कर विधिवत रुप से महाआरती का शुभारम्भ भी किया। उन्होंने कहा कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र धरा के स्मरण मात्र से ही मनुष्य को अपने पापों से मुक्ति मिलती है और पुण्य की प्राप्ति होती है। इसके साथ-साथ ब्रह्मसरोवर का भी कुरुक्षेत्र के इतिहास में एक धार्मिक और पौराणिक इतिहास है। विभिन्न अवसरों पर इस तीर्थ के सरोवर में स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है। पवित्र ब्रह्मसरोवर की महाआरती से कर्म करने की शक्ति मिलती है, इस शक्ति से समाज सेवा में अपना योगदान दिया जा सकता है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को कर्म करने का संदेश लेने के लिए कुरुक्षेत्र की भूमि पर जरुर आना चाहिए और पवित्र ग्रंथ गीता के संदेशों को अपने जीवन में धारण करके उनका अनुसरण करना चाहिए। इस महाआरती का गुणगान पंडित बलराम गौतम, पंडित सोमनाथ शर्मा, गोपाल कृष्ण गौतम, अनिल व रुद्र ने किया। केडीबी की तरफ से सभी मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# 50 आयुष्मान भारत कार्ड बनाकर स्वास्थ्य विभाग ने लाभ दिया

**कनीना।** विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के तहत गांव बवानिया में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए डॉ अजय कुमार यादव एसडीओ कृषि विभाग ने शपथ ग्रहण करवाई। मुंडायन गांव में एसईपीओ कृष्णपाल ने शपथ ग्रहण करवाई आम नागरिकों को अपने संबोधन में कहा भारत संकल्प यात्रा के तहत कैंप में लोगों की जन समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है उसके अनुकुल पूरा उतरना हमारा दायित्व है। अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना हमारा कर्तव्य व फर्ज है। मुंडायन गांव की सावित्री देवी, आशा कुमारी, मनोज देवी, ममता, मनीषा, व बवानिया गांव की मंजू,पिंकी, ममता, राजवंती, 10 महिलाओं को गैस कनेक्शन दिए। महिला बाल विकास विभाग की तरफ से बवानिया गांव की बबीता, रूबी व भारती की गोद भराई रस्म की व मुंडायन गांव की निशा, सुनीता की गोद भराई व बेटी तनिष्का का जन्मदिन व जीविका बेटी का अन्नप्राशन करवा कर आशीर्वाद दिया। आज कल्याण विभाग ने तारा देवी की? बुढापा पेंशन व चंद्रप्रकाश की दिव्यांग पेंशन बनाकर लाभ दिया। बवानिया गांव में पशुपालन विभाग ने अंतोदय मेले के तहत दो भैंसों का लोन 160000 रुपए पास करके 9 ग्रामीणों को लाभ दिया। स्वास्थ्य विभाग में50 लोगों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाकर लाभ दिया। 17 लोगों के आधार कार्ड नए बनाए गए व ठीक किए गए। कृषि विभाग के डॉक्टर योगेश कुमार जी ने ड्रोन से पंचायती फॉर्म के 1 एकड़ में नैनो यूरिया का छिड़काव करवा कर लोगों को जानकारी दी । महेश कुमार ऐटीम ने प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी। बवानिया गांव के सरपंच प्रतिनिधि संजीव कुमार व मुडायन गांव के सरपंच प्रदीप कुमार ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को फूलमाला पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर डॉक्टर दिशांत,डॉक्टर नाथूराम,डॉ दीपक, डॉ विजेंद्र, ध्यान सिहं ऐफसीओ ,जेई उत्तम व रवि , दीपक सांगवान, बागवानी विभाग से राजकुमार, सुपरवाइजर मंजू देवी,पुजा व विकास गोमला के अलावा सभी अधिकारी व कर्मचारी हाजिर रहे।



# प्रोफ़ेसर डॉ. संदीप सिंहमार यूनेस्को हेडक्वार्टर पेरिस में शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे



**हिसार।** संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन के पेरिस स्थित मुख्यालय में 7 से 9 फरवरी तक आयोजित वाली इंटरनेशनल कांफ्रेंस में जिले के गांव कुलाना निवासी प्रोफेसर डॉ. संदीप सिंहमार ऑब्जर्वर के तौर पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। यह कॉन्फ्रेंस एजुकेशन डेटा एंड स्टैटिसटिक्स विषय पर आयोजित की जा रही है, जिसमें दुनिया भर से शिक्षाविद भाग लेकर शिक्षा के भविष्य पर मंथन करेंगे। विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष इस इंटरनेशनल कांफ्रेंस में वर्तमान दौर में शिक्षा की प्रासंगिकता विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। यूनेस्को की कॉन्फ्रेंस में रजिस्ट्रेशन स्वीकृत होने के बाद एनआईआईअलएम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर (डॉ.) शमीम अहमद, चेयरमैन संदीप चहल, रजिस्ट्रार डॉ. राजीव दहिया, डायरेक्टर डॉ. बलराज ढांडा, डायरेक्टर संदीप चहल ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यूनेस्को कांफ्रेंस में भाग लेने से एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय को इंटरनेशनल स्तर पर पहचान मिलेगी।

# हिंदू जागरण दिवस के उपलक्ष में सेवा संकल्प कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गुरुग्राम।** समग्र हिंदू सेवा संघ एवं अर्थ सनातन योगस्थली ने संयुक्त रूप से न्यू कॉलोनी स्थित गीता भवन में 18 दिसंबर हिंदू जागरण दिवस के उपलक्ष में सेवा संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया।आने वाली 21 दिसंबर को जी ए वी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 7 गुरुग्राम में एक भव्य सेवा संकल्प सभा का आयोजन किया जाना है न्यू कॉलोनी स्थित गीता भवन में 18 दिसंबर हिंदू जागरण दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम में सभी ने मिलकर हिंदुओं में फैले जात-पात, क्षेत्रवाद, भाषावाद और संप्रदायवाद के आडंबरों से बाहर निकलकर एक सुंदर, शांत, समृद्ध, सुरक्षित एवं आनंद से परिपूर्ण राष्ट्र के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए शपथ ली। कार्यक्रम में समग्र हिंदू सेवा संघ हरियाणा प्रांत के अध्यक्ष श्री ब्रह्म प्रकाश कौशिक, उपाध्यक्ष डॉ परमेश्वर अरोड़ा, महामंत्री श्री राजीव मित्तल,कोषाध्यक्ष श्री चेतन जी सहित सैकड़ो लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जाने-माने शिक्षाविद एवं पूर्व कुलपति डॉ अशोक दिवाकर जी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से माननीय जगदीश ग्रोवर जी एवं जाने-माने समाजसेवी श्री लक्ष्मण पाहुजा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभी माननीयों ने एक स्वर में आह्वान किया कि अब समय आ चुका है कि प्रत्येक हिंदू को सुप्तावस्था से बाहर आकर सनातन विचारधारा को भली-भांति समझते हुए अपनाना है और इसके प्रचार प्रसार के लिए भी प्रयास करना हैं। सत्य सनातन वैदिक हिंदू धर्म का प्रचार प्रसार न केवल हमारे भारत देश को श्रेष्ठ बनाएगा बल्कि पूरे विश्व के कल्याण में माध्यम बनेगा। हिंदू जागरण दिवस के उपलक्ष में एक भव्य सेवा संकल्प सभा का आयोजन आने वाली 21 दिसंबर को जी ए वी



इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 7 गुरुग्राम में रखा गया है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक के राष्ट्रीय प्रचारक माननीय श्री इंद्रेश कुमार जी मुख्य अतिथि के रूप में भागीदारी करेंगे एवं अनुकरणीय परम श्रद्धेय महामंडलेश्वर श्री धर्मदेव जी महाराज की अध्यक्षता रहेगी। सभा को संबोधित करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं विख्यात विचारक श्री इंद्रेश कुमार उपस्थित रहेंगे

# निर्मल कल्याण का जीवन सेवा तथा कांग्रेस के प्रति समर्पित रहा: कुमारी सैलजा

**करनाल।** महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश महासचिव तथा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव राजेंद्र कल्याण एडवोकेट की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मल कल्याण का निधन हृदय गति रुक जाने से गत दिवस हो गया। उनके पार्थिव शरीर को आज पंचतत्व में विलीन कर दिया गया। उन्हें हर वर्ग के लोगों ने अंतिम विदाई दी। उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव तथा छत्तीसगढ़ की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि श्रीमती निर्मल कल्याण कांग्रेस की सशक्त महिला नैत्री थीं। जिन्होंने कांग्रेस को मजबूत करने में अपना अतुलनीय योगदान दिया। उन्होंने श्रीमती कल्याण के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजली अर्पित की। उन्होंने कहा कि कल्याण परिवार का हरियाणा की राजनीति में बड़ा योगदान रहा हैं। यह परिवार उनके पिता चौधरी दलबीर सिंह के काफी नजदीक रहा हैं। उन्होंने राजेंद्र कल्याण को इस शोक की घड़ी में ढांढ़स बंधाया। श्रीमती कल्याण कांग्रेस में महिला विंग की प्रदेश महासचिव रहीं। इसके अलावा वह हैफेड की डायरेक्टर रहीं। वह अपने



पति के साथ मिल कर सक्रिय राजनीति में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाती रहीं। उनके ससुर मुल्तान सिंह कल्याण हरियाणा विधानसभा में तीन बार विधायक तथा एक बार मंत्री रहे। उनके पति राजेंद्र कल्याण ने घरौंडा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। श्रीमती कल्याण के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रोहतक से सासंद डा. अरविंद शर्मा, विधायक हरविंदर कल्याण, अखिल भारतीय रोड़ समाज आरक्षण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष व किसान नेता राजेंद्र आर्य दादूपुर, जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप चौधरी, विरेंद्र राठौर,कांग्रेस के जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह, सोहन लाल गुप्ता, इंद्रजीत गुराया, ओमप्रकाश सलूजा, ललित बुटाना,आदि ने शोक व्यक्त किया।

# विधायक लीलाराम ने विधानसभा में उठाया बहु मंजिला पार्किंग का मुद्दा



**कैथल।** विधायक लीलाराम ने विधानसभा में भाई उदय सिंह किले के पास बहुमंजिला पार्किंग बनाने का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। उन्होंने कहा कि कैथल में अगर तीन मंजिला पार्किंग बनाई जाए तो शहर में दिनभर लगाने वाले जाम से निजात मिल सकती है। उन्होंने कहा कि हमारे पास भाई उदय सिंह किले के पास नगर परिषद की 1200 वर्ग गज जगह खाल पड़ी है जिसमें तीन मंजिला पार्किंग बन सकती है। पार्किंग स्थल के आगे शोरूम बनाने का भी हमारा प्रस्ताव है, ताकि नगर परिषद की आमदन भी बढ़े। विधायक लीलाराम की इस मांग पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता ने कहा कि उनके पास कैथल नगर परिषद की ओर से मल्टी स्टोरी कार पार्किंग का प्रस्ताव आ चुका है। अब हम नगर परिषद की ओर से एक एडवाजर नियुक्त करेंगे जो विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाकर सरकार को भेजेंगे। मल्टी स्टोरी पार्किंग के स्थान की फिजिबिलिटी को चैक करवाएंगे। अगर वहां पार्किंग बनना संभव है तो कैथल में पार्किंग बनाई जाएगी।

**सरकार के पास विचाराधीन है बहु मंजिला पार्किंग का प्रस्ताव**

नगर परिषद अध्यक्ष सुरभि गर्ग ने बताया कि उन्होंने सरकार के पास 18 करोड़ रुपए की डिटेल प्रोजेकट रिपोर्ट बनाकर भेजी है। उन्होंने 5 मंजिला पार्किंग का प्रस्ताव भेज रखा है। इसमें तीन मंजिला बेसमेंट, एक ग्राउंड फ्लोर और एक फस्ट फलोर बनाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि इस पार्किंग में 200 फोर-व्हीलर गाडियां, 100 टू-व्हीलर गाडियां की क्षमता रहेगी। इस पार्किंग स्थल पर 15 से 20 शोरूम भी बनाए जाएंगे ताकि नगर परिषद की आय भी बढ़े।


# आयुष्मान भारत चिरायु योजना के तहत हरियाणा में अब तक बने 1 करोड़ से अधिक कार्ड

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज विधानसभा सत्र में बताया कि हरियाणा सरकार ने नागरिकों के कल्याण और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता दिखाई है, जिसके चलते आज लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हुई हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में निरंतर प्रयासों के माध्यम से सरकार ने लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए कई योजनाएं चलाई हैं।

हरियाणा सरकार ने आयुष्मान भारत चिरायु हरियाणा योजना के तहत कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने का प्रयास किया है। प्रदेशवासियों को बड़ा तोहफा देते हुए हाल ही में आयुष्मान भारत-चिरायु हरियाणा योजना का विस्तार किया है। अब इस योजना के तहत 1.80 लाख रुपए से 3 लाख रुपये वार्षिक आय वाले परिवारों को भी इलाज का लाभ मिल रहा है।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत 19 दिसंबर 2023 तक कुल 1,00,48,464 कार्ड बनाए जा चुके हैं। वर्ष 2011 की सामाजिक आर्थिक एवं जातीय जनगणना के डाटा के तहत 28,89,287 कार्ड बनाए जा चुके हैं जबकि चिरायु योजना के तहत 71,01,289 कार्ड और चिरायु विस्तारीकरण योजना के तहत 57,888 कार्ड बनाए गए हैं।

अंबाला जिला में 4,42,209, भिवानी में 5,59,588, चरखी दादरी में 2,17,225, फरीदाबाद में 4,06,273, फतेहाबाद में




Overall card generation report 19.12.2022

| Sr No | District | Cards generated in SECC (A) | Cards generated in CHIRAYU(B) | Cards generated in CHIRAYU Extn.(C) | Total Cards Generated (A+B+C) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | AMBALA | 1,42,177 | 2,96,351 | 3,681 | 4,42,209 |
| 2 | BHIWANI | 1,34,441 | 4,22,681 | 2,466 | 5,59,588 |
| 3 | CHARKI DADRI | 54,735 | 1,61,569 | 921 | 2,17,225 |
| 4 | FARIDABAD | 96,413 | 3,08,932 | 928 | 4,06,273 |
| 5 | FATEHABAD | 1,30,744 | 3,23,478 | 2,709 | 4,56,931 |
| 6 | GURUGRAM | 93,547 | 2,23,980 | 1,933 | 3,19,460 |
| 7 | HISAR | 2,33,475 | 5,95,810 | 5,116 | 8,34,401 |
| 8 | JHAJJAR | 82,664 | 2,37,990 | 2,568 | 3,23,222 |
| 9 | JIND | 1,63,845 | 4,20,127 | 2,625 | 5,86,597 |
| 10 | KAITHAL | 1,94,311 | 3,05,592 | 3,050 | 5,02,953 |
| 11 | KARNAL | 2,52,053 | 4,20,081 | 4,913 | 6,77,047 |
| 12 | KURUKSHETRA | 1,63,159 | 2,90,669 | 4,193 | 4,58,021 |
| 13 | MAHENDRAGARH | 1,13,685 | 2,96,701 | 3,480 | 4,13,866 |
| 14 | MEWAT | 79,723 | 3,22,776 | 236 | 4,02,735 |
| 15 | PALWAL | 1,07,929 | 2,94,187 | 347 | 4,02,463 |
| 16 | PANCHKULA | 40,642 | 1,13,050 | 539 | 1,54,231 |
| 17 | PANIPAT | 1,34,896 | 4,08,691 | 2,751 | 5,46,338 |
| 18 | REWARI | 84,413 | 2,22,657 | 2,767 | 3,09,837 |
| 19 | ROHTAK | 92,994 | 2,72,165 | 1,547 | 3,66,706 |
| 20 | SIRSA | 1,52,695 | 4,13,730 | 3,445 | 5,69,870 |
| 21 | SONIPAT | 1,35,941 | 3,74,797 | 3,381 | 5,14,119 |
| 22 | YAMUNANAGAR | 2,04,805 | 3,75,275 | 4,292 | 5,84,372 |
| | Total | 28,89,287 | 71,01,289 | 57,888 | 1,00,48,464 |

4,56,931 और गुरुग्राम में 3,19,460 कार्ड बने हैं। हिसार में 8,34,401, झज्जर में 3,23, 222, जींद में 5,86,597, कैथल में 5,02, 953, करनाल में 6,77,047, कुरुक्षेत्र में 4,58,021, महेंद्रगढ़ में 4,13,866 और मेवात में 4,02,735 आयुष्मान भारत चिरायु कार्ड बनाए गए हैं। वहीं पलवल में 4,02,463, पंचकूला में 1,54,234, पानीपत में 5,46,338, रेवाड़ी में 3,09,837, रोहतक में 3,66,706, सिरसा में 5,69,870, सोनीपत में 5,14,119 और यमुनानगर जिला में 5,84,372 कार्ड बनाए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना में 1.20 लाख रुपये सालाना आय वाले परिवारों को शामिल किया गया था, जिनका नाम सामाजिक आर्थिक एवं जातीय जनगणना (एसईसीसी-2011) के डाटा में था। हरियाणा सरकार ने अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ देने के उद्देश्य से इस योजना का दायरा बढ़ाते हुए चिरायु हरियाणा योजना शुरू की और सालाना आय सीमा को 1.20 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.80 लाख रुपये किया।

योजना का विस्तार करते हुए हरियाणा सरकार ने उन लोगों को भी इसमें शामिल किया है जिनकी आमदनी 1 लाख 80 हजार रुपए से ज्यादा और 3 लाख रुपये वार्षिक से कम है, वे परिवार भी मात्र 1500 रुपए का वार्षिक प्रीमियम देकर इस योजना का लाभ ले रहे हैं। इस योजना के तहत प्रदेश में कुल 715 अस्पताल सूचीबद्ध हैं, जिनमें 539 निजी अस्पताल और 176 सरकारी अस्पताल शामिल हैं।

# शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा से जोडऩा सिखाता है योग : शमशेर नैन

**करनाल।** पतंजलि योग समिति करनाल की ओर से आयोजित की जा रही दिव्य योग कक्षा सेवा समिति आश्रम अर्जुन गेट करनाल में साधकों को विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर योग शिक्षक शमशेर सिंह नैन ने कहा कि आज की दौड़ भरी जिंदगी में सभी को योग अपनाना चाहिए, क्योंकि योग ही वह शुद्ध विज्ञान है जो मनुष्य को स्वयं से-शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा से जोडऩा सिखाता है। उस परम शक्ति के दर्शन करवाता है, जिसे मानव जीवन भर भौतिक दुनिया में ढूंढता रहता है। योग शिक्षक सुरेंद्र नारंग ने कहा कि योग सभी को करना चाहिए, ऐसी कोई समस्या नहीं जो योग से ठीक नहीं हो सकती। मोटापा, बीपी, शुगर तो ठीक कैंसर के रोगी भी योग से ठीक हो चुके हैं। लक्ष्मी चोपड़ा ने कहा कि स्वस्थ एवं निरोगी जीवन के लिए योग अत्यंत आवश्यक है, इससे तन-मन कि शांति मिलती है। आज की जीवनशैली में हम सभी को अनिवार्य रूप योग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीमार रहना अपने साथ अन्याय है। बीमारी की वजह से हम काम नहीं कर पाते हैं. इसलिए योग करना चाहिए। इस अवसर पर नरेश निझावन, पूनम निझावन, जितेंद्र गुप्ता, लक्ष्मी चोपड़ा, रिंपी खरबंदा, अशोक नारंग, सविता नारंग, बलदेव राणा, कमल चोपड़ा, पूर्ण चंद, अंजू अरोड़ा, दया, दविंद्र चौधरी, पूनम निझावन, नीरू गुप्ता, गुरदयाल सिंह, वंशिका, भारती, किरण बाला, रेनु गोयल, रामलाल गोयल, दीनानाथ भाटिया, ज्योति गुलाटी, आशा गाबा, कविता, मधु बाला, मंजू शर्मा, नेहा, संतोष कथूरिया व वंदना आदि मौजूद रहे।

# एडवोकेट दीपक हुड्डा ने भारी बहुमत से जीतकर महासचिव पद पर हैट्रिक बनाई




**रोहतक।** जिला बार में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर एडवोकेट दीपक हुड्डा ने कहा कि वे तीसरी बार महासचिव बने है और उन्होनें हैट्रिक बनाई है, जो आज तक किसी ने भी नहीं बनाई। जिला बार उन्हें अगले प्रधान पद के दावेदार के रूप में देख रहा है। उन्होनें कहा कि वे इस बार पारदर्शिता से काम करेगें। जो अवैध काम बार में चल रहे है जैसे अवैध रूप से इमारतों का निर्माण, वे उनका ऑडिट करवा के पारदर्शिता के साथ हाउस मीटिंग में रखेगें। उन्होनें कहा कि रातों रात इमारतों का निर्माण हो जाता है और उन्हें अवैध रूप से बेच दिया जाता है। इस सबकी सारी जानकारी हाउस मीटिंग में रखी जाएगी। उन्होनें कहा कि पुरानी सारी कमेटियाँ भंग कर दी गई है। नये सिरे से नई कमेटियों का गठन किया जाएगा। इस अवसर पर महासचिव दीपक हुड्डा ने कहा कि उनके साथियों ने उन्हें जिस उम्मीद से चुनकर उन्हें जो डयूटी सौंपी है वे उस का कर्तव्यपूर्ण निर्वाहा करेगें।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के करनाल शहर में आशातीत परिणाम आ रहे सामने

**करनाल।** नगर निगम करनाल, प्रधानमंत्री आवास योजना (पी.एम.ए.वाई.) के तहत पात्र व्यक्तियों को मकान निर्माण के लिए अनुदान राशि मुहैया करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इसके आशातीत परिणाम भी सामने आ रहे हैं। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि योजना के तहत करनाल शहरी क्षेत्र में 2 हजार 134 आवेदकों ने उक्त राशि प्राप्त करने के लिए फार्म भरे थे। जांच-पड़ताल के बाद 791 आवेदक पात्र पाए गए, जिन्हें लेटर ऑफ इंटेंट यानि स्वीकृति पत्र जारी किए गए। उन्होंने बताया कि 737 व्यक्तियों द्वारा मकान निर्माण की शुरूआत करने के बाद अनुदान की 1 लाख रुपये (प्रति व्यक्ति) की पहली किस्त जारी की गई। इसके बाद निर्माण को आगे बढ़ाने के दौरान 638 व्यक्तियों को 1 लाख रुपये की दूसरी किस्त जारी की गई और इसके बाद 499 व्यक्तियों को मकान निर्माण पूरा करने पर 50 हजार रुपये की तीसरी किस्त भी जारी कर दी गई है। इसके तहत इन सभी 499 व्यक्तियों के मकान बनकर तैयार हो गए हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत सरकार नया मकान बनाने के लिए अढ़ाई लाख रुपये और मकान की एन्हांसमेंट यानि वृद्धि के लिए डेढ लाख रुपये अनुदान देती है। अनुदान प्राप्त करने की पात्रता की जानकारी देते उन्होंने बताया कि आवेदक के पास अपना कच्चा मकान या प्लॉट होना चाहिए, पक्का मकान न हो। पूरे भारत में मकान निर्माण के लिए पहले से किसी प्रकार का ऋण न लिया गया हो। जिस जगह पर मकान बनाया जाना प्रस्तावित है, वह नगर निगम का अधिकृत क्षेत्र होना चाहिए। लाभार्थी की आयु 18 वर्ष से ऊपर और आय की पात्रता में आवेदक आर्थिक रुप ये कमजोर वर्ग का होना चाहिए। निगमायुक्त ने ऐसे सभी लाभार्थी जिन्होंने अपने मकान निर्माण पूरे नहीं किए हैं, उनसे अपील करते हुए



कहा है कि वे जल्द से जल्द अपना मकान निर्माण पूरा कर लें और उस पर प्रधानमंत्री आवास योजना की प्लेट भी लगाएं। इसके बाद ही उन्हें तीसरी व अंतिम किस्त जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि ऐसे व्यक्तियों को मोटीवेट करने के लिए टीम के सदस्य समय-समय पर फील्ड विजिट भी करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के तहत अब तक करनाल शहरी क्षेत्र में करीब 14 करोड़ 73 लाख रुपये की राशि मकान निर्माण अनुदान के रुप में जारी की जा चुकी है।

# उद्घाटन के आधे घंटे बाद ही बत्ती गुल!

**डबवाली।** शहर के सिल्वर जुबली चौक पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु स्थापित की गई नयी लाल बत्तियों की बत्ती उद्‌घाटन के बाद चन्द मिनटों बाद ही गुल हो गई। उक्त लाल बत्तियों पर नगर परिषद डबवाली द्वारा अनुमानित लागत करीब 11 लाख रूपये खर्च की गई। पता चला है कि कार्य का अंतिम बिल बनना अभी बाकी है। नगर परिषद के चेयरमैन टेक चंद छाबड़ा ने मंगलवार को बाद दोपहर को लाल बत्तियों का उदघाटन किया था। इस अवसर पर नप के ईओ सुरिंदर कुमार व इनेलो के वरिष्ठ नेता संदीप चौधरी, संदीप गर्ग व अन्य लोग मौजूद थे। वार्ड-15 से जजपा पार्षद प्रेम बहल ने बंद पड़ी लाल बत्तियां दिखाते हुए कहा कि नप चेयरमैन द्वारा 12:45 बजे उदघाटन के महज आधे घंटे बाद ही लाल बत्तियां बंद हो गई, जिससे नप की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ खड़े हुए हैं, उन्होंने उद्‌घाटन में जल्दबाजी के आरोप लगाते हुए कहा कि सभी तरह की जांच के बाद तीन राज्यों को जोड़ने वाले मुख्य चौक पर लाल बत्तियों का उद्‌घाटन किया जाना चाहिए था। शहर के अन्य पार्षद भी लाल बत्तियो के उदघाटन में कोई सन्देश/निमन्त्रण न आने से खफा हैं, वार्ड दो से पार्षद दीपक बाबा व वार्ड 16 से पार्षद सुमित अनेजा ने नप चेयरमैन पर मनमर्जी के आरोप लगाये व कहा कि उनके सहित कई अन्य पार्षदों को उक्त कार्यक्रम का संदेश नहीं आया। वह भी शहर के चुने हुए जनप्रतिनिधि हैं।

**'जो आ गये ठीक, हमने किसी को कहा ही नहीं था'**



नप चेयरमैन टेकचंद छाबड़ा ने कहा कि 'उदघाटन में जो आ गये ठीक है, हमने किसी को कहा ही नहीं था।' नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता राकेश पूनिया ने बताया कि लाल बत्तियों में कोई खराबी नहीं आई थी, चौक पर टाइमिंग सेटिंग में खामी होने के चलते ट्रैफिक पुलिस ने बत्तियों को बंद कर दिया था। बाकी इनका एक वर्ष का रखरखाव निर्माण एजेंसी के पास है।

## आईसीएसआई ने आईएमएओ के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**कोलकाता।** इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) ने अपने सदस्यों के बीच व्यावसायिकता और विशेषज्ञता बढ़ाने के प्रयासों के तहत इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट अकाउंटेंट्स (आईएमएओ) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। बैंगलुरू में आयोजित आईसीएसआई-सीआईआरसी के कॉरपोरेट सीएस पर दूसरे क्षेत्रीय सम्मेलन में आईसीएसआई और आईएमएओ के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। आईसीएसआई के अध्यक्ष सीएस मनीष गुप्ता ने बताया, 'हितधारकों की बढ़ती जरूरतों और अपेक्षाओं को समझना और पेशेवर ज्ञान और कौशल में लगातार सुधार करना जरूरी है। आईएमए के साथ सहयोग इसमें मददगार साबित होगा। इससे दक्षता बढ़ेगी और कामकाजी पेशेवरों की विभिन्न चुनौतियों के लिए नए मौके मिलेंगे।'

आईएमए के अध्यक्ष और सीईओ माइक डेप्रिस्को ने सहयोग के रणनीतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'हमारा दृष्टिकोण सहयोगात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रमों और प्रमाणपत्रों के माध्यम से कंपनी सचिवों को उनके पेशेवर कौशल और दक्षता बढ़ा कर सशक्त बनाना है। हमारी साझेदारी वित्त, शासन और रणनीति चुनौतियों का संयुक्त रूप से समाधान करने के लिए कंपनी सचिवों और अन्य हितधारकों के बीच चर्चा और साझेदारी की सुविधा प्रदान करेगी।

## सरकार ने कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स फिर घटाया, नई दरें लागू

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव के बीच केंद्र सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल पर लागू अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) में बड़ी कटौती की है। वहीं, डीजल के निर्यात विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) में कटौती की गई है। हालांकि, एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) निर्यात पर लागू लेवी में इजाफा किया गया है।




नई दरें लागू हो गई हैं। सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स की दर 5 हजार रुपये प्रति टन से घटा कर 1,300 रुपये प्रति टन कर दी गई है। इसके साथ ही डीजल के निर्यात पर मौजूदा एसएईडी को एक रुपये प्रति लीटर से घटा कर 0.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। वहीं, एटीएफ के निर्यात पर लेवी शून्य से बढ़ा कर एक रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। हालांकि, पेट्रोल पर एसएईडी अभी शून्य बना रहेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले एक दिसंबर को केंद्र सरकार ने कच्चे पेट्रोलियम पदार्थों पर विंडफॉल टैक्स को 6,300 रुपये प्रति टन से घटा कर 5 हजार रुपये प्रति टन करने की घोषणा की थी। भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमत के जवाब में जुलाई, 2022 में पहली बार विंडफॉल टैक्स लगाया था।

## विदेशी निवेशकों ने दिसंबर में इस साल का तोड़ा रिकॉर्ड, अब तक 54,757 करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने भारतीय शेयर बाजार में इस साल सबसे ज्यादा निवेश दिसंबर में किया है। इस माह अब तक एफआईआई ने 54,757 करोड़ का शुद्ध निवेश किया है। उदारीकरण के बाद वित्त वर्ष 1992-92 में इन निवेशकों ने भारतीय बाजार में निवेश की शुरुआत की थी। तब से अब तक किसी एक महीने में सर्वाधिक निवेश दिसंबर, 2020 में कोरोना के समय रहा था। उस समय 62,016 करोड़ का निवेश हुआ था। यह रिकॉर्ड इस महीने टूटने की संभावना है। अगर ऐसा हुआ तो 1992-93 के बाद दिसंबर पहला ऐसा महीना होगा, जो सर्वाधिक निवेश का रिकॉर्ड बना सकता है। दिसंबर में निवेश का नया रिकॉर्ड बनने का सबसे बड़ा कारण तीन राज्यों में भाजपा की विजय है। इसका संकेत यह है कि अगले साल आम चुनाव में पार्टी को तीसरी बार बहुमत मिलने की उम्मीद है। इससे आर्थिक सुधारों के साथ अर्थव्यवस्था में तेजी बने रहने की उम्मीद है। अब तक बड़े निवेश में अगस्त, 2022 में 51,204 करोड़, अगस्त, 2020 में 47,080 करोड़, नवंबर, 2020 में 60,358 करोड़ और इस साल जून में 47,148 करोड़ रुपये का निवेश था। एफआईआई के लगातार निवेश से सेंसेक्स ने 71,000 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। डेट में भी एफआईआई निवेश इस साल 61,889 करोड़ रहा है। दरअसल, जेपी मॉर्गन अगले साल से अपने उभरते इंडेक्स में भारत के सरकारी बॉन्ड को शामिल करेगा। इससे विदेशी निवेशक डेट में निवेश बढ़ा रहे हैं। कैलेंडर साल के लिहाज से 2023 में अब तक इक्विटी में निवेश 1.60 लाख करोड़ हुआ है। 2020 में यह 1.70 लाख करोड़ और 2010 में 1.33 लाख करोड़ था।

# कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के पार, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में तेजी जारी है। ब्रेंट क्रूड 79.18 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 73.44 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई फेरबदल नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका हुआ है। वहीं, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के





तीसरे दिन कारोबार की शुरुआत ब्रेंड क्रूड 0.05 डॉलर यानी 0.06 फीसदी की गिरावट के साथ 79.18 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.97 डॉलर यानी 1.34 फीसदी की उछाल के साथ 73.44 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## अनंतिम कर संग्रह विधेयक, 2023 लोकसभा से पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने करों के अनंतिम संग्रह विधेयक, 2023 को ध्वनि मत से पारित कर दिया। इस विधेयक के जरिए साल 1931 के संबंधित अधिनियम को निरस्त करने का प्रावधान किया गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद के निचले सदन लोकसभा में इस विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब दिए जाने के बाद इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। सीतारमण ने 13 दिसंबर, 2023 को लोकसभा में करों का अनंतिम संग्रहण विधेयक, 2023 पेश किया था। यह विधेयक अनंतिम कर संग्रह एक्ट, 1931 को निरस्त करता है। इसमें सीमा शुल्क या उत्पाद शुल्क के अंतरिम अधिरोपण या वृद्धि का प्रावधान है।सीतारमण ने लोकसभा में चर्चा के दौरान कहा कि करों के अनंतिम संग्रह विधेयक, 2023 में 1931 के विधेयक के मौजूदा प्रावधानों को शामिल किया गया है। उन्होंने चर्चा का जवाब देते हुए सदन को बताया कि सट्टा भी संभावित अस्पष्टता (या भ्रम) को दूर करने के उपाय के तौर पर इस विधेयक को लाया




गतिविधि को रोकने के लिए बजट में सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क दर में बदलाव को तत्काल प्रभाव से लागू करने के लिए यह प्रावधान हर साल लागू किया जाता है।

वित्त मंत्री ने कहा कि अंतरिम अवधि में उत्पन्न होने वाली किसी गया है। यह विधेयक टैरिफ वर्गीकरण में बदलाव के साथ या उसके बिना सीमा शुल्क या उत्पाद शुल्क लगाने या बढ़ाने से संबंधित कानूनों का प्रावधान करेगा, जो एक निर्धारित समय के लिए तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगा।

# सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर सोना, चांदी में गिरावट

**नई दिल्ली।** देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोना सपाट स्तर पर यानी बिना किसी उतार-चढ़ाव के कारोबार करता नजर आ रहा है। आज भी चेन्नई के अलावा देश के सभी सर्राफा बाजारों में सोना 63 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे ही कारोबार कर रहा है। हालांकि चांदी के भाव में आज प्रति किलोग्राम 500 रुपये तक की गिरावट दर्ज की गई है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी आज 500 रुपये की गिरावट के साथ 77,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 62,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना 62,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,4000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 63,110 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की



कीमत 57,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा कोलकाता में 24 कैरेट सोना 62,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 62,770 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 57,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 62,670 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 57,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 62,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज कोई उतार-चढ़ाव नहीं दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरू, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 62,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 57,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## एयर इंडिया ने सोशल मीडिया पर नए लोगो का शुरू किया इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया एयरलाइन ने अपने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और वेबसाइट पर अपने नए ब्रांड लोगो का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। इसके साथ ही एयर इंडिया ने 'पुरानी एयर इंडिया' से 'नई एयर इंडिया' में इसके पूर्ण परिवर्तन की घोषणा कर दी है।




एयर इंडिया अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट और इंस्टाग्राम पर नए लुक में दिख रहा है। एयरलाइन ने नए लोगों को अपनाने के साथ एक वीडियो पोस्ट में लिखा है, ''एयर इंडिया के साहसिक, गर्मजोशीपूर्ण और जीवंत अध्याय में आपका स्वागत है। संभावनाओं की खिड़कियों के माध्यम से हम भारतीय विमानन के एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं।''

इसी महीने एयर इंडिया ने अपने केबिन और कॉकपिट क्रू सदस्यों के लिए मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई वर्दी की भी पहली झलक दिखाई थी। एयर इंडिया की नई वर्दी को सबसे पहले एयरबस ए350 विमान के चालक दल सदस्य को दिया जाएगा। इसके बाद नई वर्दी अगले कुछ महीनों में एयर इंडिया चरणबद्ध तरीके से इस्तेमाल में लाएगी।

## अब हाउसईजी के प्लेटफॉर्म से एक बटन के क्लिक पर खरीद सकेंगे तैयार घर

**नई दिल्ली।** प्रोप-टेक स्टार्टअप हाउसईजी ने एंटलर और अन्य कंपनी के साथ मिलकर एक मिलियन डॉलर का फंड जुटाया है। हाउसईजी का उद्देश्य भारत में विशाल और असंगठित 75 अरब डॉलर के द्वितीयक रियल एस्टेट बाजार में घरों को खरीदना और बेचना आसान बनाने के लिए एक एंड-टू-एंड तकनीकी मंच का निर्माण करना है।

HouseEazy
India's 1st Instant Home Buyer

हाउसईजी के संस्थापक तरुण सैनानी और दीपक भाटिया के पास रियल एस्टेट उद्योग में 25 वर्षों से अधिक का संयुक्त अनुभव है। ये पहले गोदरेज प्रॉपर्टीज में एक साथ काम करते थे। इन दोनों ने 1.2 अरब डॉलर से अधिक की रियल एस्टेट बिक्री का प्रबंधन किया है। वे ग्राहकों के लिए एक बटन के क्लिक पर तैयार घरों को सुरक्षित रूप से खरीदने और बेचने के लिए हाउसईजी प्लेटफॉर्म का निर्माण कर रहे हैं, जो पारंपरिक ऑफलाइन प्रक्रिया की अक्षमताओं और जोखिमों को दूर करेगा। हाउसईजी के सह-संस्थापक तरुण सैनानी ने कहा कि भारत में पारंपरिक रूप से द्वितीयक लेन-देन किए जाते हैं, जिसमें खरीदारों और विक्रेताओं को बहुत जोखिम का सामना करना पड़ता है। भारत में एंटलर के पार्टनर राजीव श्रीवत्स ने कहा कि आवासीय संपत्तियों की दोबारा खरीद-बिक्री की प्रक्रिया टूट गई है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक बाजार के विपरीत इस क्षेत्र में कोई विश्वसनीय ब्रांड नहीं हैं। श्रीवत्स ने बताया कि 75 अरब डॉलर का द्वितीयक रियल एस्टेट बाजार बढ़ते शहरीकरण की मजबूत प्रतिकूल परिस्थितियों के साथ बढ़ने के अलावा नवाचार के लिए तैयार है। इसमें हाउसईजी ने उपभोक्ताओं की ज़रूरतों के साथ आशाजनक शुरुआती रुझान दिखाया है।

## एलजी में गहराया संपत्ति विवाद, कंपनी के चेयरमैन के खिलाफ मां और बहनों ने अपने हक के लिए दायर किया मुकदमा

**नई दिल्ली।** दुनिया की जानी-मानी कंपनी और दक्षिण कोरियाई समूह एलजी के चेयरमैन कू बॉन-मू का निधन 2018 में हुआ था। उस समय कम से कम सार्वजनिक रूप से ऐसा कोई अंदेशा नहीं था कि कंपनी में आगे चलकर संपत्ति के बंटवारे पर विवाद शुरू हो जाएगा। दस अरब डॉलर के समूह की पुरुषप्रधान परंपराओं को चुनौती देते हुए पूर्व चेयरमैन की विधवा और बेटियों ने उनके गोद लिए हुए बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। एलजी एक 10 अरब डॉलर का कॉरपोरेट साम्राज्य है जो पुरुष प्रधानता के सिद्धांत पर शासित है। इसका उत्तराधिकार प्रभावी रूप से 14 साल पहले तय किया गया था जब कंपनी के तत्कालीन चेयरमैन कू और उनकी पत्नी ने अपने सबसे बड़े भतीजे, कू क्वांग-मो को गोद लिया था। 1994 में दंपति के किशोर बेटे की मृत्यु के बाद परंपरा के कारण गोद लेने का यह फैसला लिया गया था, क्योंकि उन्हें सिर्फ बेटी थी।

# शेयर बाजार में फिर बना मजबूती का रिकॉर्ड, निवेशकों को 46 हजार करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली।** शुरुआती कारोबार में दबाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार ने आज शानदार रिकवरी की और एक बार फिर ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड कायम किया। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी लेकिन दिन से पहले सत्र में ही मुनाफावसूली का दबाव बन जाने की वजह से शेयर बाजार के दोनों सूचकांक गिर कर लाल निशान में कारोबार करने लगे। हालांकि दिन के दूसरे सत्र के थोड़ी देर पहले ही बाजार में खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों मजबूती के नए शिखर पर पहुंच गए। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.17 प्रतिशत और निफ्टी 0.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार में पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, एफएमसीजी और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसके साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर और फार्मास्यूटिकल इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। ऑटोमोबाइल, आईटी, रियल्टी और मेटल सेक्टर के शेयरों में गिरावट का रुख बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आया। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.31 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.10 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार की तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 46 हजार करोड़ रुपये का इजाफा हो गया।



बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 359.23 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 358.77 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 46 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,904 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,911 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,852 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 141 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,138 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,017 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,121 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर बढ़त के साथ और 15 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 24 शेयर हरे निशान में और 26 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज मजबूत शुरुआत का रिकॉर्ड बनाते हुए 164.19 अंक की मजबूती के साथ 71,479.28 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण सुबह 10 बजे के करीब ये सूचकांक 243.11 अंक टूट कर 71,071.98 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद से ही खरीदारों ने बाजार में लिवाली का जोर बनाने की कोशिश शुरू कर दी। दोपहर 12 बजे के थोड़ी देर पहले बाजार में चौतरफा लिवाली शुरू हो गई। लगातार हो रही खरीदारी के कारण आज का कारोबार खत्म होने के 1 घंटा पहले ये सूचकांक निचले स्तर से 550 अंक से भी अधिक की रिकवरी करके 308.62 अंक की मजबूती के साथ अभी तक के सर्वोच्च स्तर 71,623.71 अंक तक पहुंच गया। हालांकि आखिरी 1 घंटे में एक बार फिर मुनाफावसूली शुरू हो जाने के कारण सेंसेक्स ऊपरी स्तर से नीचे खिसक कर 122.10 अंक की बढ़त के साथ 71,437.19 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने भी आज ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड कायम करते हुए 59 अंक की उछाल के साथ 21,477.65 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में मुनाफावसूली के दबाव की वजह से ये सूचकांक भी 80.90 अंक लुढ़क कर 21,337.75 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद खरीदारी शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक ने काफी तेजी से रिकवरी शुरू कर दी। बाजार में लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 2 बजे के बाद इस सूचकांक ने निचले स्तर से 165 अंक से भी अधिक की छलांग लगा कर 86.40 अंक की मजबूती के साथ अभी तक के सबसे ऊंचे स्तर 21,505.05 अंक तक पहुंचने में सफलता हासिल की। हालांकि बाद में मुनाफावसूली शुरू हो जाने की वजह से निफ्टी ऊपरी स्तर से नीचे फिसल कर 34.45 अंक की बढ़त के साथ 21,453.10 अंक के स्तर पर बंद हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से कोल इंडिया 5.55 प्रतिशत, नेस्ले 4.66 प्रतिशत, एनटीपीसी 2.13 प्रतिशत, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स 1.73 प्रतिशत और सिप्ला 1.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। अडाणी पोर्ट्स 1.86 प्रतिशत, हीरो मोटोकॉर्प 1.75 प्रतिशत, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 1.55 प्रतिशत, विप्रो 1.47 प्रतिशत और अडाणी इंटरप्राइजेज 1.32 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## लोकसभा से केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023 को मंजूरी

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023 को ध्वनि मत से पारित कर दिया। केंद्रीय माल और सेवा कर संशोधन विधेयक में अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) के अध्यक्ष और सदस्यों के लिए आयु सीमा बढ़ाने का




प्रावधान है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद के निचले सदन लोकसभा में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब दिए जाने के बाद ध्वनि मत से इसे पारित कर दिया। केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023 को 13 दिसंबर को लोकसभा में पेश किया गया था। ये विधेयक केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) अधिनियम, 2017 में संशोधन के लिए पारित किया गया था। इस अधिनियम में वस्तुओं और सेवाओं की अंतर-राज्य आपूर्ति पर सीजीएसटी लगाने और संग्रह करने का प्रावधान है। वित्त मंत्री ने विधेयक पर चर्चा के दौरान विभिन्न सदस्यों की ओर से पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा बताया कि करदाताओं को हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अपने लंबित मुकदमों को अपीलीय न्यायाधिकरण में लाने की छूट प्रदान की गई है। इस विधेयक में जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) के अध्यक्ष और सदस्यों के लिए आयु सीमा क्रमशः बढ़ाकर 70 वर्ष और 67 वर्ष करने के प्रावधान किए गए हैं, जो अभी क्रमश 67 वर्ष और 65 वर्ष है।


## स्पाइसजेट एयरलाइन ने दिवालिया गो फर्स्ट के अधिग्रहण की इच्छा जताई

**नई दिल्ली।** नकदी संकट से जूझ रही सस्ती हवाई सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी स्पाइसजेट ने दिवालिया विमानन कंपनी गो फर्स्ट के अधिग्रहण में रुचि दिखाई है। स्पाइसजेट दिवालिया विमानन कंपनी गो फर्स्ट की उचित जांच-पड़ताल के बाद प्रस्ताव पेश करने की योजना बना रही है।

स्पाइसजेट ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि उसने 'गो फर्स्ट के समाधान पेशेवर (आरपी) के समक्ष रुचि दिखाई है। एयरलाइन ने कहा कि वह जांच-पड़ताल के बाद अधिग्रहण की पेशकश करना चाहती है। कंपनी के मुताबिक अधिग्रहण प्रस्ताव का मकसद गो फर्स्ट को स्पाइसजेट के साथ संभावित गठजोड़ में एक मजबूत और व्यावहारिक एयरलाइन बनाना है।

कंपनी ने बताया कि उसके निदेशक मंडल ने वित्तीय स्थिति को मजबूत करने और विकास योजनाओं में निवेश तथा संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 27 करोड़ अमेरिकी डॉलर की नई पूंजी जुटाने की प्रक्रिया को मंजूरी दी है। हालांकि, स्पाइसजेट को सितंबर तिमाही के दौरान 428 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। वहीं, एयरलाइन को पूर्व प्रमोटर कलानिधि मारन को मध्यस्थता फैसले के बाद बकाया राशि का भुगतान भी करना है। उल्लेखनीय है कि गो फर्स्ट एयरलाइन ने 'प्रैट एंड व्हिटनी इंजन' समस्याओं की वजह से उत्पन्न वित्तीय संकट के बीच तीन मई से अपनी उड़ान सेवाएं बंद कर दी थी। फिलहाल कंपनी दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। गो फर्स्ट पर लेनदारों को 6,200 करोड़ रुपये से ज्यादा का बकाया है।

# विंटर सीजन में ब्लोटिंग और गैस से हैं परेशान, तो झट से राहत दिलाएंगे ये हर्ब्स



**पाचन से जुड़ी समस्या आमतौर पर खाली पेट और गलत खानपान के कारण होती है। ऐसे में आपको अपनी डाइट में बदलाव करना चाहिए साथ ही कुछ असरदार घरेलू उपाय अपनाकर भी ब्लोटिंग या गैस की समस्या से राहत पा सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको इस आर्टिकल में कुछ हर्ब्स के बारे में बताएंगे जो पाचन की दिक्कतों से छुटकारा दिला सकते हैं।**

अनहेल्दी डाइट और खराब जीवनशैली के कारण लोग पाचन से जुड़ी समस्याओं से परेशान रहते हैं। कई बार ओवरईटिंग के कारण गैस, ब्लोटिंग, खट्टी डकार आदि की समस्या होती है। पेट की इन दिक्कतों को दूर करने के लिए लोग दवाइयां खाने लगते हैं। चाहें तो आप नेचुरल तरीके से भी ब्लोटिंग और गैस की समस्या से राहत पा सकते हैं।

**ब्लोटिंग और गैस से राहत दिलाएंगे ये हर्ब्स**

**अजवाइन**

अजवाइन में पिनीन, लिमोनेन और कार्वोन की मात्रा पर्याप्त होती है। यह गैस ब्लोटिंग से राहत दिलाने में मददगार है। अगर आप अक्सर पाचन से जुड़ी समस्या से परेशान रहते हैं, तो अजवाइन की चाय पी सकते हैं। इसे बनाने के लिए एक पैन में पानी उबालें, इसमें एक चम्मच अजवाइन डालकर उबालें। जब पानी आधा हो जाए, तो गैस बंद कर दें। इसे पीने से खाना आसानी से पच सकता है।

**सौंफ**

ओवरईटिंग के कारण गैस, सूजन आदि की समस्या आम हैं। इससे बचाव के लिए आप सौंफ की मदद ले सकते हैं। इसमें एनेथोल, फेनचोन और एस्ट्रैगोल होते हैं जो एंटीस्पास्मोडिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी के रूप में कार्य करते हैं। खाना खाने के बाद सौंफ चबाएं, यह पेट के लिए फायदेमंद होता है।

**अदरक**

अक्सर पीरियड्स के दौरान महिलाओं को ब्लोटिंग, एसिडिटी, पेट में ऐंठन आदि की समस्या होती है। इसके लिए आप खाने में अदरक का इस्तेमाल कर सकते हैं। अदरक की चाय आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प साबित हो सकता है। इसे बनाने के लिए पानी गर्म करें, इसमें बारीक अदरक काट कर डालें, इसे उबालें। इसे छान लें और इसमें शहद मिक्स करें और इस चाय का आनंद लें।

**जीरा**

जीरा में क्यूमिनलडिहाइड, सिमीन और अन्य टेरपेनॉइड यौगिकों के रूप में पाए जाते हैं, जो गैस और पेट की ऐंठन से तुरंत राहत दिलाते हैं।

**कैमोमाइल टी**

कैमोमाइल टी पीने से पाचन से जुड़ी समस्या कम होती है। अगर आप ब्लोटिंग से परेशान रहते हैं, तो कैमोमाइल टी पीने से राहत पा सकते हैं।

# मी लार्ड फैसला मिला है, पर न्याय नहीं मिला!

स्वतंत्रता संघर्ष की उस मूल दिशा ने ही इसका रास्ता बनाया था कि इस्लाम के नाम पर भारत से अलग होकर पाकिस्तान के बनने और ज्यादातर लगते हुए मुस्लिम बहुल इलाके पाकिस्तान में जाने के बावजूद, सीमाएं लगने के बावजूद मुस्लिम बहुल जम्मू-कश्मीर कानूनन भारत के साथ बना रहा है और उसका बड़ा हिस्सा आज भी भारत के अधिकार में है।2019 के अगस्त में शुरू में जम्मू-कश्मीर के संबंध में केंद्र सरकार ने जो विवादास्पद कदम उठाए, उनकी कानूनी/ संवैधानिक वैधता पर उस समय संसद में तथा संसद के बाहर भी गंभीर सवाल उठे थे और उसी आधार पर इन कदमों को सुप्रीम कोर्ट में कई राजनीतिक तथा सामाजिक-नागरिक अधिकार संगठनों की ओर से चुनौती भी दी गई थी। बहरहाल, कानूनी वैधता पर विवाद के विपरीत, मोदी सरकार के उक्त कदमों के संबंध में एक बात निर्विवाद थी। ये कदम सत्ताधारी भाजपा और उससे भी बढ़कर उसके मातृ संगठन, आरएसएस के बुनियादी लक्ष्यों में से एक को पूरा करने वाले कदम थे। कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली, संविधान की धारा-370 को खत्म कराना, स्वतंत्रता की शुरूआत से ही आरएसएस के और उसके द्वारा खड़ी की गई राजनीतिक पार्टियों, पहले जनसंघ और आगे चलकर भाजपा के मूल एजेंडे पर रहा था। अगर सवा चार साल पहले, भाजपा की प्रबल बहुमत की सरकार ने, आरएसएस के इस पुराने एजेंडे को पूरा कर दिया था, तो अब सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने, मोदी सरकार के उक्त कदमों पर वैधता की मोहर लगाकर, आरएसएस के उक्त एजेंडे के पूरे किए जाने को, तथाकथित अमृतकाल के भारत की नियति बना दिया है।कहने की जरूरत नहीं है कि देश को बलपूर्वक इस दिशा में धकेले जाने की समस्या सिर्फ यह नहीं है कि यह दिशा आरएसएस के एजेंडे की है। समस्या यह है कि यह दिशा, इस देश के स्वतंत्रता संघर्ष की मूल दिशा से उल्टी है। स्वतंत्रता संघर्ष की उस मूल दिशा ने ही इसका रास्ता बनाया था कि इस्लाम के नाम पर भारत से अलग होकर पाकिस्तान के बनने और ज्यादातर लगते हुए मुस्लिम बहुल इलाके पाकिस्तान में जाने के बावजूद, सीमाएं लगने के बावजूद मुस्लिम बहुल जम्मू-कश्मीर कानूनन भारत के साथ बना रहा है और उसका बड़ा हिस्सा आज भी भारत के अधिकार में है। आरएसएस के एजेंडे की मूल दिशा, जो जम्मू-कश्मीर की इस बहुसंख्यक आबादी के प्रति वैरभाव पर आधारित है, इस नाजुक रिश्ते को उधेड़ने का ही काम कर सकती है, फिर चाहे एक भूभाग के रूप में उसके कितने ही बड़े हिस्से पर बलपूर्वक नियंत्रण रखना क्यों न संभव हो।इसलिए, भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष के बीच से निकली, स्वतंत्र भारत की मूल संकल्पना की परवाह करने वाला कोई व्यक्ति अगर बरबस, बाबरी मस्जिद विवाद में सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय बैंच के ही फैसले के बाद चलन में आई इस उक्ति को एक बार फिर दोहराए तो हैरानी की बात नहीं होगी–मी लार्ड, फैसला मिला है, न्याय नहीं!

न्याय नहीं मिलने के दो पहलू हैं, जो आगे चलकर आपस में जुड़ जाते हैं। पहला तो यही कि धारा-370 के निरस्त किए जाने को वैध ठहराते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने उस विशिष्ट रिश्ते की ओर से आंखें ही मूंदे रखी हैं, जिसकी अभिव्यक्ति इस धारा की विशिष्ट व्यवस्था में हो रही थी। इसी का नतीजा सुप्रीम कोर्ट के फैसले में इस दावे के रूप में सामने आता है कि जम्मू-कश्मीर के भारतीय संघ के साथ विलय की संधि पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद, उसकी कोई %आंतरिक संप्रभुता% नहीं रह गई थी। और इसलिए, संप्रभुता के इकलौते आसन के रूप में भारतीय संघ को, अपने अंग के रूप में उसके लिए निर्णय लेने के समस्त अधिकार हैं, जिसमें धारा 370 को खत्म करना भी शामिल है।

लेकिन, संप्रभुता की यह नितांत एकात्मवादी अवधारणा है, जबकि भारतीय संविधान में स्थापित संघीय व्यवस्था, संप्रभुता की एक बहुपरतीय अवधारणा की मांग करती है, जहां स्वायत्तता के रूप में संप्रभुता के तत्व दूर तक बिखरे रहते हैं। राज्यों के अधिकारों की विस्तृत व्यवस्था पर आधारित भारतीय संघीय व्यवस्था, संप्रभुता के तत्वों के इसी बिखराव की अभिव्यक्ति है। धारा-371 के अंतर्गत उत्तर-पूर्व के अनेक राज्यों में तथा अन्य कई राज्यों में भी, संघीय शासन के बरक्स स्थानीय शासन को दिए गए विशेषाधिकार, इसी का एक और स्तर हैं। धारा-370 इसी के एक और स्तर को अभिव्यक्त करती थी, जिसमें इस रूप में इसकी अनुल्लंघनीयता की गारंटी भी जोड़ी गई थी कि इसका अनुमोदन करने वाली जम्मू-कश्मीर की संविधान सभा के अनुमोदन से ही, इसे बदला जा सकता था। यह एक पवित्र वादे की अभिव्यक्ति थी, जो भारतीय संघ की ओर से विलय के समय, जम्मू-कश्मीर की जनता से किया गया था।

लेकिन, 2018 में राज्य में राज्यपाल/ राष्ट्रपति शासन लगाकर, विधानसभा के भंग किए जाने के जरिए, कपटपूर्वक इस वादे को तोड़े जाने का रास्ता तैयार किया गया, जिस पर अदालत ने इसलिए अनुमोदन की मोहर लगा दी है कि उसकी नजर में ऐसा करना उस संप्रभुता के दायरे में था, जिसका एकमात्र संघ में ही वास है। संप्रभुता की इसी सीमित करने वाली अवधारणा का विस्तार कर, मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में, पांच सदस्यीय संविधान



पीठ इस मनमाने निष्कर्ष पर पहुंची कि संविधान की धारा, जम्मू-कश्मीर के भारत से पूर्ण-एकीकरण के लिए की गई एक अस्थायी व्यवस्था थी और इसलिए, उसका खत्म होना उसके अस्तित्व के उद्देश्य के ही पूरा होने का सूचक है। धारा 370 के खत्म किए जाने के लिए, इस धारा को ही दलील बनाए जाने से, ऊटपटांग चीज दूसरी नहीं हो सकती है।न्याय नहीं मिलने का दूसरा पहलू, मोदी सरकार के जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा खत्म करने और उसे दो केंद्र शासित क्षेत्रों में बांटने के निर्णय से संबंधित है।

राज्य का दर्जा खत्म करने और उसे टुकड़ों में बांटने का यह निर्णय, इसके बावजूद लिया गया था कि उस समय जम्मू-कश्मीर विधानसभा अस्तित्व ही नहीं थी जबकि संघीयता के तकाजों के आधार पर संविधान इसकी स्पष्ट व्यवस्था करता है कि संघ के हिस्से के रूप में किसी राज्य के दर्जे या उसकी सीमाओं में बदलाव के लिए, संघ का प्रस्ताव राष्ट्रपति द्वारा राज्य की राय हासिल करने के लिए उसे भेजा जाना आवश्यक है, भले राज्य की राय राष्ट्रपति के लिए बाध्यकर नहीं होती है। इस मामले में कपटपूर्वक इस मामले में राज्य की राय के स्थानापन्न के रूप में राज्यपाल की राय को रख दिया गया, जो निर्विवाद रूप से संघीय सरकार का एजेंट होता है। विचार करने का प्रश्न यह था कि क्या केंद्र को इसकी इजाजत दी जा सकती है कि, अपने ही एजेंट की राय को, राज्य की राय बनाकर, राज्यों के साथ अपनी मनमानी का रास्ता बना ले।दुर्भाग्य से सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने इस प्रश्न को सीधे संबोधित करने से बचने का ही रास्ता ही अख्तियार किया। उल्टे उसने पूरे मामले में विचार कर कोई निर्णय देने से ही इस बहाने से इंकार कर दिया कि संघ सरकार की ओर से यह वादा किया गया था कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा। इसलिए, इस प्रश्न पर विचार करने की जरूरत ही नहीं रह जाती है! लेकिन, इस मामले में विवाद में न जाने की अदालत की उत्सुकता इतनी प्रबल थी कि उसने वादा करने वाले संघीय शासन से यह तक जानने की जरूरत नहीं समझी कि राज्य के दर्जे की बहाली कब की जाएगी? उल्टे, उसी फैसले में उसने मोदी सरकार के उन्हीं कदमों के क्रम में, जम्मू-कश्मीर को तोड़कर, लद्दाख को केंद्र शासित क्षेत्र बनाए जाने को वैध भी, ठहरा दिया। यानी कुल मिलाकर, एक राज्य को उसकी राय लिए बिना टुकड़ों में बांटे जाने को उसी अदालत ने वैध ठहरा दिया, जिसने ऐसा किए जाने की वैधता को दी गई चुनौतियों पर विचार कर इस पर संवैधानिक व्यवस्था स्पष्ट करने की जरूरत नहीं समझी।एक नजीर के रूप में, सुप्रीम कोर्ट के फैसले का यह पहलू, जम्मू-कश्मीर के साथ जो कुछ करता है, उसके अलावा देश की संघीय व्यवस्था मात्र के लिए गंभीर खतरे का रास्ता खोल देता है। इस तरह तो कोई संघीय शासन अपनी मर्जी से पहले किसी राज्य पर राष्टपति शासन लगाकर और इस तरह से वहां अपने एजेंट के रूप में राज्यपाल को राज्य की राय का स्थानापन्न बनाकर, इस कपटचाल के जरिए आसानी से किसी राज्य का दर्जा घटा सकता है, उसे तोड़ सकता है, उसकी सीमाओं को बदल सकता है या उसके

क्षेत्र का किसी दूसरे राज्य में विलय कर सकता है। सिद्घांत रूप में तो इस तरह संघीय शासन, सभी राज्यों को खत्म कर, संघीय ढांचे का अस्तित्व ही खत्म कर सकता है और देश में एकात्मक व्यवस्था कायम कर सकता है। जिस तरह, धारा 370 का सहारा लेकर धारा 370 को खत्म किया गया है, उसी प्रकार संघीय व्यवस्था करने वाले संविधान का सहारा लेकर, संघीय व्यवस्था को भी खत्म किया जा सकता है।अन्याय के ये दोनों पहलू वहां जुड़ जाते हैं, जहां संविधान पीठ भारतीय संघ के केंद्रीयकरणकारी मंसूबों पर अंकुश लगाने का अपना संवैधानिक दायित्व पूरा करने के बजाय, उसमें संप्रभुता के वास के नाम पर ज्यादा से ज्यादा उसके कदमों के साथ चलता नजर आता है। हैरानी की बात नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट के दो-दो पूर्व-न्यायाधीश अब तक सार्वजनिक रूप से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को अन्यायपूर्ण करार देकर, सर्वोच्च न्यायालय से अपने निर्णय को बदलने की मांग कर चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व-न्यायाधीश रोहिंग्टन नारीमन ने तो यह गंभीर सवाल भी उठाया है कि सुप्रीम कोर्ट ने यह अन्याय कैसे होने दिया कि जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन का बिना किसी आधार के विस्तार किया जाता रहा है, जबकि देश का संविधान एक साल से आगे विस्तार पर काफी कड़ाई से अंकुश लगाता है .

संपादकीय

## भारत को लेकर अमेरिका की चिंता

अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता के लिए बने अमेरिकी आयोग यूएससीआईआरएफ ने बाइडेन सरकार से अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत भारत को %विशेष चिंता वाला देश घोषित करने का आह्वान किया है। यह आयोग 2020 से लगातार ऐसी ही मांग उठाते आया है। इस साल फिर आयोग ने कहा है कि भारत व्यवस्थित तरीके से लोगों की धार्मिक आजादी और आस्था को निशाना बना रहा है।इसलिए भारत को विशेष चिंता का देश नामित किया जाए। खास बात यह है कि इस बार भारत के लिए यह नकारात्मक टिप्पणी विदेशों में धार्मिक अल्पसंख्यकों को कथित रूप से निशाना बनाने का हवाला देते हुए की गई है। कुछ समय पूर्व कनाडा में खालिस्तान आंदोलन से जुड़े हरदीप सिंह निज्जर की हत्या और उसके बाद अमेरिका में इसी तरह गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को आयोग ने चिंताजनक बताया है। हालांकि इन दोनों मामलों पर भारत की प्रतिक्रिया को लेकर विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने कहा है कि जरूरी नहीं कि दोनों मुद्दे एक जैसे हों। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहां हम जो करते हैं जिम्मेदारी से करते हैं।अच्छी बात है कि भारत सरकार कहीं तो ये स्वीकार कर रही है कि वो जो करती है जिम्मेदारी से करती है। वर्ना पिछले कुछ सालों में तो यही दिख रहा है कि बड़े-बड़े फैसले बिना किसी जिम्मेदारी के लिए जा रहे हैं। नोटबंदी और लॉकडाउन जैसे फैसले इसकी मिसाल हैं, जिनमें लाखों लोग प्रभावित हो गए और फिर भी कहीं किसी की जिम्मेदारी नहीं तय हुई। अभी संसद पर इतने सनसनीखेज तरीके से धुएं का हमला किया गया, उस पर भी सरकार में बैठे जिम्मेदार लोग, जिम्मेदार तरीके से जवाब देने से बचते रहे हैं। अब कम से कम विदेश मंत्री ने जिम्मेदारी से काम करने की बात तो मानी है। इसके बाद अब विदेश मंत्री को इस बात का जवाब भी दे देना चाहिए कि आखिर क्यों अमेरिकी आयोग लगातार तीसरे साल भारत की धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर चिंताजनक टिप्पणी कर रहा है। जिस तरह प्रेस की स्वतंत्रता से लेकर भुखमरी के आंकड़ों तक भारत हर अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग को गलत बताता आया है, और इससे पहले अमेरिकी आयोग की धार्मिक स्वतंत्रता की रिपोर्ट को भी खारिज करता आया है, इस साल की रिपोर्ट को भी रद्दी की टोकरी में डाला जा सकता है। लेकिन अयोध्या के बाद मथुरा और काशी में अपने संकल्प को पूरा करने के लिए तैयार बैठी भाजपा क्या यह बताएगी कि आखिर साल दर साल एक जैसी ही चिंता क्यों व्यक्त की जा रही है। कहीं कोई चिंगारी सुलग तो रही है, जिसका धुआं अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नजर आने लगा है।अयोध्या में राम मंदिर तो बन कर लगभग तैयार हो ही चुका है, इस बीच पिछले साल काशी में ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे के लिए अदालती आदेश जारी हुआ था और अब मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में कोर्ट की निगरानी में सर्वे कराने की मांग स्वीकार कर ली गई है। 1991 में लागू किया गया प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट अब अपनी प्रासंगिकता खोता जा रहा है, जिसमें कानूनी प्रावधान है कि 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। जब यह कानून बनाया गया था, उस वक्त किसी ने शायद कल्पना नहीं की होगी कि भारत को हिंदू राष्ट्र में तब्दील करने का उन्माद इतने व्यापक तौर पर असर दिखाने लगेगा। लेकिन 30 सालों में गंगा-जमुना में इतना पानी बह गया है कि गंगा-जमुनी संस्कृति भी वक्त की धार में खो गई है। अब जो जितनी नफरत के साथ राजनैतिक सौदेबाजी करेगा, वो उतना बड़ा नेता कहलाएगा। तो इस वक्तदेश में सत्ताधारी लोगों में बड़ा नेता बनने की होड़ लगी हुई है।केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने हलाल और झटके के मांस पर राजनीति करते हुए कहा है कि मैं उन मुसलमानों की प्रशंसा करता हूं जो केवल हलाल मांस ही खाते हैं। अब हिंदुओं को अपनी धार्मिक परंपराओं के प्रति इसी तरह की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी चाहिए। गिरिराज सिंह ने कहा कि हत्या करने का हिंदू तरीका झटका है। इसलिए हिंदुओं को हमेशा झटका पर कायम रहना चाहिए। अब तक नवरात्रि और सावन के महीने में मीट की दुकानें बंद करने की मुहिम छेड़ी जाती थी।

# उत्तर प्रदेश में विपक्ष का बड़ा राजनीतिक प्रदर्शन 20 दिसंबर से

तीन हिंदी भाषी राज्यों में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में अपनी करारी हार से सबक लेते हुए कांग्रेस नेतृत्व सावधानी से कदम बढ़ा रहा है। 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक के ठीक बाद यह यात्रा विपक्ष के नेताओं को प्रेरित करने और उन्हें एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए महत्वपूर्ण कदम होगी।भाजपा की कथित जनविरोधी सरकार से छुटकारा पाने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस अब 20 दिसंबर को सहारनपुर के शाकंभरी देवी मंदिर से अपनी उत्तर प्रदेश जोड़ो यात्रा शुरू करेगी जो 25 दिनों तक चलने के बाद नैमिषारण्य (सीतापुर) में समाप्त होगी। इस दौरान यात्रा उत्तर प्रदेश के 10 पश्चिमी और मध्य जिलों के 16 संसदीय क्षेत्रों से होकर गुजरेगी।

जाहिर तौर पर यह यात्रा कांग्रेस का शो है, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के अलावा वरिष्ठ विपक्षी नेता, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और कई वरिष्ठ विपक्षी नेता भी भाग लेंगे।

तीन हिंदी भाषी राज्यों में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में अपनी करारी हार से सबक लेते हुए कांग्रेस नेतृत्व सावधानी से कदम बढ़ा रहा है। 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक के ठीक बाद यह यात्रा विपक्ष के नेताओं को प्रेरित करने और उन्हें एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए महत्वपूर्ण कदम होगी।

आरएसएस द्वारा चुनावी प्रबंधन की कमान संभालने और रणनीति तैयार करने के साथ, कांग्रेस के लिए इंडिया ब्लॉक के घटकों को एक साथ लाने और आरएसएस की योजना को चुनौती देने की रोमांचकारी तात्कालिकता पैदा हो गई है। इसमें कोई संदेह नहीं कि भाजपा और नरेंद्र मोदी भगवा राजनीतिक पारिस्थितिकी तंत्र का सार्वजनिक चेहरा होंगे, मतपत्र की मुख्य लड़ाई आरएसएस द्वारा लड़ी जायेगी।

भाजपा के चुनावी तंत्र पर अपनी मजबूत पकड़ बनाये रखने का आरएसएस का संकल्प इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों के रूप में अपने तीन भरोसेमंद कैडरों को स्थापित करने की योजना में स्पष्ट रूप से प्रकट होता है, भले ही इन राज्यों में भाजपा को जीत दिलाने के लिए मोदी को श्रेय दिया जा रहा है। स्पष्ट राजनीतिक मजबूरियों के कारण आरएसएस नेतृत्व मोदी को दरकिनार करना पसंद नहीं करेगा, लेकिन तब यह उन्हें चुनावी रणनीतियों और तैयारियों में हस्तक्षेप करने की अनुमति भी नहीं देगा।

ालांकि मोदी और अमित शाह को उत्तर प्रदेश में पार्टी के लिए रणनीतिकार माना जाता है और वे स्पष्ट रूप से राज्य के नेताओं के साथ बातचीत कर रहे हैं, यह आरएसएस नेतृत्व है जो दिशानिर्देश जारी कर




रहा है और नीतियों और कार्यक्रमों को तैयार कर रहा है। यद्यपि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आरएसएस कैडर नहीं हैं, संघ नेतृत्व उनकी नाव को बर्बाद करने को तैयार नहीं है।सत्ता विरोधी खतरे को खत्म करने के लिए आरएसएस ने जिला इकाइयों के पदाधिकारियों में फेरबदल और बदलाव का काम किया है। आरएसएस का मुख्य निशाना पश्चिमी उत्तर प्रदेश रहा है। संयोग से 2013 के मुजफ्फरनगर दंगे के बाद आरएसएस ने इस क्षेत्र में एक मजबूत आधार हासिल कर लिया था। लेकिन हालिया किसान आंदोलन के मद्देनजर क्षेत्र में राजनीतिक परिदृश्य और समीकरण बदल गये हैं। जिन जाटों ने मुसलमानों पर खतरनाक हमले किये थे, वे अविश्वास के तत्व पर काबू पा चुके हैं और अब मुसलमानों के साथ अच्छे संबंध बना रहे हैं। जाटों ने भाजपा से नाता तोड़ लिया है। भाजपा के लिए बुरी खबर यह है कि हिंदू किसानों के एक बड़े वर्ग ने भाजपा की ओर से मुंह मोड़ लिया है। किसान आंदोलन के दौरान मरने वाले 800 किसानों में से अधिकांश राज्य के पश्चिमी क्षेत्र के थे।

यह भाजपा से हिंदू अलगाव का तत्व है जिसने कांग्रेस को उत्तर प्रदेश जोड़ो यात्रा को पश्चिमी यूपी में केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया है। 2024 के आम चुनाव पर नजर रखते हुए सपा, बसपा और कांग्रेस ने मुस्लिम वोटों को लुभाने की कोशिशें तेज कर दी हैं। फिर भी वे देश के राजनीतिक रूझान का अनुसरण करना पसंद कर सकते हैं और वे हो सकता है कि कांग्रेस के पीछे चल दें।कांग्रेस भाजपा को हरा सकती है, लेकिन राज्य से लोकसभा सीटें जीतने के लिए उसे हिंदुत्व को लेकर आरएसएस द्वारा शुरू किये गये मनोवैज्ञानिक युद्ध को हराना होगा।

राज्य में जाति निर्णायक कारक रही है, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व स्थानीय जाति क्षत्रपों तक पहुंचने में विफल रहा है। उत्तर प्रदेश में 17 आरक्षित लोकसभा सीटें हैं, जिनमें से अधिकांश पर दलित वोट बैंक का प्रभाव है। लेकिन सच तो यह है कि न तो समाजवादी नेता अखिलेश और न ही कांग्रेस ग्रामीण स्तर पर इस आबादी तक पहुंच पाई है। कांग्रेस के दलित नेता मल्लिकार्जुन खड़गे का जादू दलितों को कितना प्रेरित करेगा, यह अभी साफ नहीं है।

2024 के चुनाव में दलित मतदाताओं का विश्वास जीतना, जो धीरे-धीरे मायावती और बसपा से दूर हो रहे हैं, विपक्षी दलों का प्राथमिक मिशन रहा है।योगी के सत्ता में आने के बाद पिछले सात सालों में भाजपा ने समाजवादी पार्टी और बीएसपी से कई दलित नेताओं को अपने पाले में कर लिया है। हाल के महीनों में अखिलेश अपने %पीडीए% (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) नारे के जरिये दलित मतदाताओं को जोड़ने में सक्रिय हैं। लेकिन यह काम करता नजर नहीं आ रहा है। दलित यादवों के वर्चस्व को लेकर सशंकित हैं। दलित नेताओं को लगता है कि वे न तो समाजवादी पार्टी में और न ही भाजपा में स्वीकार्य हैं। उनसे बस दिखावा किया जाता है।

कांग्रेस के साथ समस्या यह है कि वह इस उलझन में फंसी हुई है कि किसके साथ गठबंधन किया जाए- चाहे यह ऊंची जातियों के साथ हो या दलितों के साथ। दोनों के बीच घोर विरोधी संबंध हैं। वह स्थानीय दलित नेताओं द्वारा गठित विभिन्न छोटे दलित उन्मुख दलों के साथ तालमेल को लेकर भी उलझन में है।

एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि कांशीराम की विरासत पर कब्ज़ा किया जा रहा है। सभी दल उन्हें और उनकी विचारधारा को पहचानने का प्रयास कर रहे हैं। 9 अक्टूबर को कांग्रेस ने उनके आदर्शों पर केंद्रित %दलित गौरव यात्रा% शुरू की। सपा भी बाबासाहेब अंबेडकर और कांशीराम दोनों का आह्वान करते हुए %संविधान बचाओ जन चौपाल% आयोजित कर रही है। राष्ट्रीय राजनीतिक दिग्गजों को अपने पाले में करने में माहिर आरएसएस ने सभी प्रतिस्पर्द्धियों को पछाड़ते हुए प्रतिस्पर्धा कड़ी कर दी है।

हाल के विधानसभा चुनावों में 35 प्रतिशत वोट शेयर के साथ समाजवादी पार्टी राज्य की सबसे बड़ी पार्टी है और यह इंडिया गठबंधन का हिस्सा भी है। यह एक मिथ्या आख्यान है कि मोदी के करिश्मे ने भाजपा को 2019 के चुनाव में 62 लोकसभा सीटें जीतने में मदद की थी। सच तो यह है कि पुलवामा में सैनिकों की हत्या के बाद की लहर मोदी और भाजपा के लिए आश्चर्यजनक रूप से लाभदायी साबित हुई। अगर पुलवामा कांड नहीं हुआ होता तो भाजपा की सबसे बुरी हार होती। तीन राज्यों में जीत का श्रेय मोदी को देते हुए, विश्लेषक अक्सर इन राज्यों में आरएसएस द्वारा निभाई गई भूमिका को नजरअंदाज कर देते हैं। यदि मोदी वास्तव में निर्णायक होते तो उन्होंने आरएसएस को इन राज्यों में आरएसएस कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री बनाने की अनुमति नहीं दी होती।



कोरोना महामारी के दौरान बच्चे अपने पाठ्यक्रम में से ऐसी विभिन्न कक्षाओं में दाखिला और भाग ले रहे हैं जो उनके कौशल को बढ़ाने के लिए उनके स्कूल द्वारा प्रदान नहीं किया जा रहा है। यह पैटर्न विभिन्न आयु समूहों में देखा गया है जिसके कारण भारत में ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म की मांग बढ़ रही है।

# बच्चों को घर बैठे खेल-खेल में सिखाएं गणित के गुण

कोरोना वायरस महामारी के बाद कई छात्र काफी मानसिक तनाव महसूस कर रहे हैं। इस तनाव को दूर करने के लिए कई छात्र नए-नए हुनर सीख रहे हैं। ऐसे में भारत में ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म की मांग काफी बढ़ गई है। माता-पिता अपने बच्चों को नए कौशल सिखाने के लिए ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म का सहारा ले रहे हैं। ऐसे में अगर आप अपने बच्चे को गणित और सांख्यिकी गणना सिखाना चाहते हैं तो अबेकस ट्रेनिंग क्लास की मदद से आप अपने बच्चों को खेल में गणित पढ़ा सकते हैं।
कोरोना महामारी के दौरान बच्चे अपने पाठ्यक्रम में से ऐसी विभिन्न कक्षाओं में दाखिला और भाग ले रहे हैं जो उनके कौशल को बढ़ाने के लिए उनके स्कूल द्वारा प्रदान नहीं किया जा रहा है। यह पैटर्न विभिन्न आयु समूहों में देखा गया है जिसके कारण भारत में ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म की मांग बढ़ रही है। माता-पिता अलग-अलग ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म ढूंढ रहे हैं जिसके माध्यम से उनके बच्चों को रचनात्मक सीखने के माहौल में पाला जा सकता है। गणित और संख्या कुछ बच्चों के लिए स्वाभाविक रूप से आती है, लेकिन जब गणना की बात आती है तो स्कूल और कॉलेज के छात्रों का एक बड़ा हिस्सा कुछ हद तक संघर्ष करता है। अबेकस, जैसा कि हम सभी जानते हैं, सदियों से मौजूद है और इसे अंकगणितीय कौशल और संख्यात्मक प्रवाह को विकसित करने के लिए दुनिया भर में सबसे अच्छे उपकरणों में से एक माना जाता है।
अबेकस टूल का उपयोग गणितीय कार्यों जैसे जोड़, घटाव, गुणा, वर्ग या घनमूल को करने के लिए किया जाता है। अबेकस का उपयोग दशमलव अंक, ऋणात्मक संख्या और बहुत कुछ गिनने के लिए भी किया जा सकता है। अपने गणना कौशल में सुधार के अलावा, अबेकस सीखने से बच्चे के समग्र विकास में मदद मिल सकती है। अबेकस सीखने के कुछ लाभ इस प्रकार हैं :

- कैलकुलेशन की गति और सटीकता में सुधार करता है
- विश्लेषणात्मक कौशल और तार्किक रीजनिंग का निर्माण करता है
- गणित में रुचि पैदा करता है
- एकाग्रता और अवलोकन शक्ति को बढ़ाता है
- मेमोरी में सुधार करता है
- आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान बनाता है

यहां भारत में पांच ऐसे प्लेटफार्मों के बारे में बताया गया है जो 100 प्रतिशत डिजिटल एबेकस प्रशिक्षण प्रदान करते हैं और युवाओं को भविष्य के रोल मॉडल बनने के लिए प्रेरित करते हैं।



## ब्रिटिश यूथ इंटरनेशनल कॉलेज

यूके स्थित प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन अबेकस शिक्षण मंच लॉन्च करने वाली दुनिया की पहली कंपनी है। उनके मंच में पूरी तरह कार्यात्मक वर्चुअल अबेकस है जो बच्चों के समग्र मानसिक विकास के लिए इंटरैक्टिव प्रशिक्षक के नेतृत्व वाली अबेकस शिक्षण पद्धति का उपयोग करता है। ये ऑनलाइन कक्षाएं चरण-दर-चरण अप्रोच प्रदान करती हैं जिसका उद्देश्य छात्रों को अबेकस को ध्यान में रखकर मार्गदर्शन करना और कैलकुलेटर की तुलना में तेजी से संख्या की गणना करना है। शिक्षक प्रत्येक छात्र को गहन शिक्षण प्रदान करते हैं। वे जोड़, घटाव, गुणा, भाग, दशमलव जोड़, दशमलव घटाव, दशमलव गुणा और दशमलव भाग को कवर करते हैं। वे एकमात्र अबेकस कंपनी हैं जो दशमलव आधारित गणना प्रदान करती हैं।

## उडेमी

उदमी अबेकस कोर्स का उद्देश्य आपकी गणना, क्षमता, संख्या बोध और मानसिक अंकगणित को बेहतर बनाने में मदद करके मस्तिष्क का विकास करना है। यह पाठ्यक्रम मल्टीमीडिया और एनिमेशन के जरिये आपको सिखाएगा कि अबेकस पर सही और तेज बुनियादी गणित संचालन कैसे करें। इन अबेकस ऑनलाइन कक्षाओं को शुरू करके बच्चे अबेकस पर संख्याएं रखने, हल करने और जोड़ और घटाव को समझने में सक्षम होंगे।

## अबेकस सुपरमैथ्स

'सुपरमैथ्स' छात्रों को अबेकस टूल का उपयोग करने के लिए एक दोस्ताना और इंटरैक्टिव मंच प्रदान करता है। उनकी कक्षाएं आपको ऑनलाइन वर्कशीट पर काम करके मानसिक सिद्धांत अवधारणाओं को अभ्यास में लाने की अनुमति देती हैं। यह कोर्स दो ट्रैक में आता है, जूनियर और सीनियर। पहले ट्रैक में 11 स्तर होते हैं जबकि दूसरे वरिष्ठ ट्रैक में 8 स्तर होते हैं। प्रत्येक स्तर के अंत में एक ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाती है जिसके बाद छात्र को अगले स्तर पर पदोन्नत किया जाता है। वे प्रशिक्षक के नेतृत्व में आवेदन आधारित वीडियो कक्षाओं के माध्यम से पढ़ाते हैं।

## अबेकस मास्टर

अबेकस मास्टर ने अबेकस को अधिक रोचक और मनोरंजक बनाने के लिए अनूठी विशेषताओं के साथ एक व्यापक शिक्षण मंच बनाया है। यह ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म 5-12 वर्ष की आयु के बीच के छात्रों को अबेकस प्रशिक्षण प्रदान करता है। इसमें आठ स्तर शामिल होते हैं जो बुनियादी से लेकर उन्नत अबेकस गणनाओं तक सभी विषयों को कवर करते हैं। छात्र इस पाठ्यक्रम को अपनी गति के हिसाब से ले सकते हैं ; हालाँकि, पोर्टल पूरी तरह से आश्वस्त होने के लिए प्रत्येक स्तर पर कम से कम दो महीने बिताने का सुझाव देता है। उनकी कक्षाएं एनिमेशन, अंजान वीडियो और प्रैक्टिस वर्कशीट की मदद से दी जाती हैं।

## स्मार्ट किड अबेकस

स्मार्ट किड की 'अबेकस फ्रेंचाइजी' बच्चों के लिए अबेकस ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करती है। ये कक्षाएं सप्ताह में एक बार 45 मिनट के लिए आयोजित की जाती हैं। समय में कोई पाबन्दी नहीं है और छात्र कई प्रकार के पाठ्यक्रमों में से चुन सकते हैं। यह आठ स्तरीय पाठ्यक्रम है जिसमें 5 बुनियादी और 3 अग्रिम स्तर हैं। पाठ्यक्रम 4-14 वर्ष आयु वर्ग के छात्रों के लिए डिजाइन किए गए हैं और ये पाठ्यक्रम कौशल के विकास के साथ-साथ संपूर्ण मस्तिष्क विकास को बढ़ावा देते हैं।



# फ्लाइट में यात्रियों की मेहमान नवाजी कर कमाएं हजारों

केबिन क्रू का मतलब होता है केबिन के कर्मचारी। किसी भी फ्लाइट में जहाँ यात्री बैठते हैं, उसे केबिन कहते हैं। फ्लाइट में यात्रियों की सेवा और सुरक्षा के लिए जो टीम होती है, उसे केबिन क्रू कहते हैं। केबिन क्रू की जिम्मेदारी फ्लाइट में आने वाले यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखना, उनकी जरूरतों को पूरा करना और यात्रियों को फ्लाइट के नियम समझाना होता है। बहुत से लोग केबिन क्रू बनना चाहते हैं लेकिन उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं होती है कि केबिन क्रू कैसे बनें। आज के इस लेख में हम आपको केबिन क्रू बनने के लिए जरूरी योग्यता, प्रक्रिया और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी देंगे

केबिन क्रू की जिम्मेदारी फ्लाइट में आने वाले यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखना, उनकी जरूरतों को पूरा करना और यात्रियों को फ्लाइट के नियम समझाना होता है। बहुत से लोग केबिन क्रू बनना चाहते हैं लेकिन उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं होती है कि केबिन क्रू कैसे बनें।

## योग्यता

- उम्मीदवार को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से बारहवीं कक्षा में साइंस, कॉमर्स या आर्ट्स किसी भी स्ट्रीम में पास होना चाहिए। या किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी अगर आपने किसी भी सब्जेक्ट में स्नातक की हो तो आप केबिन क्रू की जॉब के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- आवेदक की ऊंचाई 157 से 170 सेंटीमीटर के बीच होनी चाहिए।
- आवेदक की आयु 17 से 26 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

## जरूरी कौशल

- केबिन क्रू बनने के लिए अच्छी कम्युनिकेशन स्किल होनी चाहिए।
- केबिन क्रू बनने के लिए दूसरों के साथ अच्छी तरह से बातचीत करने का ढंग होना चाहिए।
- आपके शरीर पर किसी प्रकार का टैटू नहीं होना चाहिए।
- आपकी अंग्रेजी एवं हिंदी भाषा पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए।
- केबिन क्रू बनने के लिए अच्छी पर्सनालिटी और गुड लुक्स भी जरुरी होते हैं।

## कोर्सेज

- डिप्लोमा इन केबिन क्रू एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन एयरलाइन एंड ट्रेवल मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन एविएशन एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन एयरलाइन केबिन क्रू
- सर्टिफिकेट कोर्स इन एयर हॉस्टेस

## केबिन क्रू कैसे बनें

- एयरलाइन कंपनियां समय-समय पर केबिन क्रू की भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी करती हैं।
- केबिन क्रू का एप्लीकेशन फॉर्म भरने के बाद आवेदक को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है।
- इंटरव्यू क्लियर करने के बाद आवेदक की शारीरिक जाँच और मेडिकल टेस्ट होता है।
- मेडिकल टेस्ट क्लियर करने के बाद ग्रुप डिस्कशन होता है।
- इन सभी टेस्ट्स को पास करने वाले उम्मीदवारों का चयन केबिन क्रू के लिए होता है।

## सैलरी

शुरुआत में बतौर केबिन क्रू आपकी सैलरी प्रतिमाह 30,000 रूपये से 50,000 रूपये तक हो सकती है। हालंकि, समय के साथ अनुभव होने पर सैलरी बढ़कर 70 हजार रूपये से 1 लाख रूपये प्रतिमाह तक हो सकती है।



# वैकल्पिक चिकित्सा में कॅरियर बनाना चाहते हैं तो चुनें मैग्नेटिक थेरेपी

एक मैग्नेटो चिकित्सक को मैग्नेटोमीटर के सही उपयोग के बारे में पता होना चाहिए, जो एक चुंबक के ध्रुवों को निर्धारित करता है। इसके अलावा आपको चुंबकीय चिकित्सा में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरणों की भी सही जानकारी होनी चाहिए।
मैग्नेटिक थेरेपी, जिसे मैग्नेट थेरेपी या मैग्नो थेरेपी भी कहा जाता है, वास्तव में एक वैकल्पिक चिकित्सा उपचार है, जिसमें विभिन्न रोगों के उपचार के लिए चुंबक का इस्तेमाल किया जाता है। यह एक बेहद सिंपल, इफेक्टिव, सुरक्षित व पूरी तरह से दर्दरहित प्राकृतिक उपचार है। चुंबकीय चिकित्सा को एक विज्ञान के साथ-साथ एक कला के रूप में माना जाता है, क्योंकि इसमें मानव के विभिन्न अंगो, रोगों को जानने के साथ-साथ व मैग्नेट के उचित उपयोग को जानना भी उतना ही जरूरी है। विज्ञान में, चुंबकीय चिकित्सा एक्यूपंक्चर के समान है। वहीं कला में, इसमें विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए शरीर के विभिन्न हिस्सों पर विभिन्न आकारों और शक्तियों के मैग्नेट का इस्तेमाल किया जाता है। यह एक बेहद डिफरेंट चिकित्सा थेरेपी है। तो चलिए जानते हैं कि इस क्षेत्र में कैसे बनाएं कॅरियर-

## स्किल्स

एक मैग्नेटो चिकित्सक को मैग्नेटोमिटर के सही उपयोग के बारे में पता होना चाहिए, जो एक चुंबक के ध्रुवों को निर्धारित करता है। इसके अलावा आपको चुंबकीय चिकित्सा में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरणों की भी सही जानकारी होनी चाहिए। इसके अलावा उन्हें मानव शरीर व उसके महत्वपूर्ण अंगों की रचना व उसके विज्ञान के बारे में भी पता होना चाहिए।

## शैक्षणिक योग्यता

भारत में केवल कुछ ही संस्थान मैग्नेट थैरेपी पाठ्यक्रमों की पेशकश कर रहे हैं। मैग्नेट थेरेपी में सर्टिफकिट, डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता 10 2 है और पीजी पाठ्यक्रमों के लिए स्नातक होना आवश्यक है। डिप्लोमा कोर्स की अवधि 1 वर्ष की है और स्नातक और स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स 2 वर्ष का है। कुछ संस्थान शार्ट टर्म डिप्लोमा और मास्टर डिप्लोमा कोर्स भी करवाते हैं, जिनकी अवधि एक से तीन महीने की होती है। एक मैग्नेटिक थेरेपिस्ट प्राइवेट व पब्लिक हॉस्पिटल, नेचुरोपैथी हॉस्पिटल या वैकल्पिक उपचार चिकित्सा केन्द्रों में काम कर सकते हैं। इसके अलावा मैग्नेटिक थेरेपिस्ट इंडिपेंडेंट प्रैक्टिस भी कर सकते हैं। इतना ही नहीं, वह उपचार के लिए मैग्नेटिक ज्वैलरी, ब्रेसलेट व अन्य उत्पादों को भी बेच सकते हैं। एक मैग्नेटिक थेरेपिस्ट की आय असीमित है। उनकी आय उनके चिकित्सीय कौशल पर निर्भर करती है। सेल्फ इंपलायड मैग्नेटिक थेरेपिस्ट घंटे के हिसाब से चार्ज करते हैं। उनका एक सेशन करीबन 20 से 30 मिनट का होता है।

## प्रमुख संस्थान

- इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन, कोलकाता
- एक्यूप्रेशर रिसर्च, टेनिंग व टीटमेंट इंस्टीट्यूट, जोधपुर
- ऑल इंडिया पैरा मेडिकल टेक्नोलॉजी एंड अल्टरनेटिव मेडिकल काउंसिल, लुधियाना
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरोपैथी, पुणे
- कॉलेज ऑफ क्लिनकिल मैग्नेटोलॉजी और प्राण हीलिंग कॉलेज, त्रिशूर
- इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन एंड रिसर्च, कोलकाता
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन एंड रिसर्च, बैंगलोर
- महेन्द्र इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन, जयपुर





# एक्वापॉनिक्स फार्मिंग में है बेहतर भविष्य

**क्वापोनिक्स दो शब्दों से मिलकर बना है। पहला एक्वाकल्चर जिसमें मछली पालन होता है और दूसरा हाइड्रोपोनिक जिसमें पानी पर खेती होती है। एक्वापोनिक्स में एक ही पारिस्थितिकी तंत्र में मछलियाँ और पौधे एक साथ उगाए जा सकते हैं। इसमें परंपरागत खेती की तुलना में लगभग 90 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है।**

आज के समय में एग्रीटेक स्टार्टअप बहुत तेजी से विकसित हो रहा है। एक्वापोनिक्स दो शब्दों से मिलकर बना है। पहला एक्वाकल्चर जिसमें मछली पालन होता है और दूसरा हाइड्रोपोनिक जिसमें पानी पर खेती होती है। एक्वापोनिक्स में एक ही पारिस्थितिकी तंत्र में मछलियाँ और पौधे एक साथ उगाए जा सकते हैं। इसमें परंपरागत खेती की तुलना में लगभग 90 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है जबकि इसमें पौधे दोगुनी रफ्तार से बढ़ते हैं। एक्वापॉनिक्स में एक फिश टैंक में मछली पालन किया जाता है और दूसरी तरफ पानी पर हाइड्रोपोनिक खेती का सिस्टम बनाया जाता है। फिश टैंक में मछलियां फीड खाने के बाद करीब 70 फीसदी तक मल निकालती हैं जिसमें अमोनिया होता है। इसके बाद फिश टैंक से अमोनिया वाले पानी को हाइड्रोपोनिक खेती के लिए इस्तेमाल किया जाता है। जब ये पानी पौधों की जड़ों तक पहुंचता है तो वहां मौजूद बैक्टीरिया इसे नाइट्रोजन में तोड़ देते हैं। यह पौधों के विकास के लिए बहुत ही अहम होता है। इसके बाद पानी को फिर से प्यूरिफाई किया जाता है और दोबारा मछलियों के टैंक में डाला जाता है। इस तरह एक ही पानी बार-बार इस्तेमाल होता रहता है और पानी की बचत होती है।
एक्वापोनिक फार्मिंग सेटअप तैयार करने में कितनी लागत आएगी यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप बड़ा सेटअप तैयार करना चाहते हैं या छोटा। उदाहरण के लिए अगर आप एक एकड़ जमीन पर एक्वापोनिक फार्मिंग करते हैं तो आपका करीब 3 करोड़ रूपए तक का खर्चा आ सकता है। इसके साथ ही अगर आप मुनाफा चाहते हैं तो आपको अच्छी क्वालिटी वाली चीजें इस्तेमाल करनी होंगी। एक्वापोनिक खेती से हुई पैदावार पूरी तरह ऑर्गेनिक होती है इसलिए आप इसके लिए सामान्य की तुलना में दो से तीन गुना कीमत कमा सकते हैं। हालाँकि, आपको पैदावार से पहले ही उसे बेचने की तैयारी कर लेनी होगी वरना आपको भारी नुकसान हो सकता है। इसके लिए आप बड़े-बड़े रिटेल स्टोर, रेस्टोरेंट और फाइव स्टार होटलों से कॉन्ट्रैक्ट कर सकते हैं।

जानकारी

# बुजुर्गों में ज्यादा होनी चाहिए विटामिन 'K' की मात्रा

जब आप विटामिन के बारे में सोचते हैं तो आप आपको पता होना चाहिए की आपके शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन कितने जरूरी होते हैं। वैसे तो विटामिन सभी उम्र के लोगों के लिए जरूरी होते हैं क्योंकि वो हमारे शरीर को कई तरह से स्वस्थ रखने का काम करते है।

विटिमिन K उन लोगों के लिए ज्यादा जरूरी हो जाते हैं जो वृद्ध उम्र में होते हैं। बोस्टन की टफ्ट यूनिवर्सिटी में विटामिन K लैब के डायरेक्टर सरह बूथ के मुताबिक, जो लोग वृद्ध उम्र में होते हैं उनमें काफी कम मात्रा में विटामिन पाया जाता है। जो कि उनको स्वस्थ रहने के लिए काफी जरूरी है। उस उम्र के लोगों को विटामिन च की पूर्ति करनी चाहिए जिससे की उनका शरीर स्वस्थ रहे।

एक अध्ययन के मुताबिक, जिसमें सरह और उनके साथी मौजूद थे उसमें जो वृद्ध लोगों में कम ब्लड लेवल था उनमें विटामिन की कमी थी जिसके कारण वह फिजिकल एक्टिविटी में भी एक्टिव नहीं थे। जबकि जिनका ब्लड लेवल ज्यादा था उनमें ऐसा नहीं था।


2015 के एक अध्ययन में 65 साल और उससे ज्यादा उम्र के लोग जो ज्यादा विटामिन K की पूर्ति करते थे उनकी सेहत काफी अच्छी थी। लेकिन जिन लोगों में विटामिन K की कमी थी वो उतने स्वस्थ नहीं थे जो कि जर्नल न्यूट्रीएंट्स में प्रकाशित हुई थी।



### विटामिन 'के' क्यों है जरूरी

विटामिन K हमारी हड्डियों की मजबूती के लिए बहुत जरूरी है। अगर आपके शरीर में विटामिन 'के' की कमी है, तो चोट लगने या कटने पर बहुत ज्यादा ब्लीडिंग होती है। क्योंकि विटामिन 'के' ब्लड क्लॉटिंग में मदद करता है। अगर इस विटामिन की शरीर में ज्यादा कमी हो जाए, तो कई बार आपके शरीर के अंगों में अंदरूनी ब्लीडिंग हो सकती है, जो बहुत खतरनाक है। शरीर की हड्डियों में कैल्शियम की मात्रा को पहुँचाने में सहायक होता है। जो रक्त के स्त्राव के समय रक्त को थक्का बनाकर रोकने के लिए आवश्यक होता है। विटामिन के शरीर में रक्त के संचार को नियंत्रित रखता है। इससे ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है। गर्भवती महिलाओं में विटामिन 'के' भ्रूण के विकास के लिए जरूरी होता है। इसके अलावा भी ये शरीर की कई समस्याओं से बचाव के लिए जरूरी होते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि विटामिन 'के' आपको किन आहारों से मिलता है। आइए हम आपको बताते हैं ऐसी 5 सब्जियां, जिनसे आपको मिलता है भरपूर विटामिन 'के'।

विटामिन 'के' का मुख्य स्त्रोत हरी सब्जियां होती है, जैसे – सरसों का साग,बन्दागोभी, मूली, चुकंदर की पत्तियों में, पालक, गेहूं और फल।



# महिलाओं में होने वाली दूसरी सबसे बड़ी बीमारी है सर्वाइकल कैंसर

भारत में स्तन कैंसर के बाद महिलाओं में होने वाली दूसरी बड़ी बीमारी है सर्वाइकल कैंसर। एचजीसी कैंसर सेंटर की सितंबर 2019 की रिपोर्ट के अनुसार, 53 में से 1 भारतीय महिला को जीवनकाल में यह बीमारी होती है। गर्भाशय में कोशिकाओं (सेल्स) की अनियमित वृद्धि के कारण यह कैंसर होता है। समय रहते इसका उपचार किया जाए तो बचा जा सकता है, लेकिन सबसे बड़ी समस्या है जागरुकता का अभाव।

भारत ही नहीं कई देशों में यही स्थिति है। जैसे- ऑस्ट्रेलियन इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ एंड वेलफेयर की रिपोर्ट के अनुसार, वहां 45 फीसदी महिलाओं को इस बीमारी की मूलभूत जानकारी नहीं है। बहरहाल, सबसे अच्छी बात यह है कि अन्य प्रकार के कैंसर को नहीं रोका जा सकता, लेकिन सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम संभव है। ताजा खबर यह है कि अक्टूबर 2019 में ऑस्ट्रेलिया की क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने इस कैंसर के इलाज का दावा किया है। जिन एडिटिंग टेक्नोलॉजी का चूहों पर सफल परीक्षण किया है।

### सर्वाइकल कैंसर के लक्षण

- नेशनल सेंटर ऑफ बायोटेक्नोलॉजी इंफोर्मेशन (एनसीबीआई) के अनुसार, स्त्री रोग संबंधी लक्षण ही सर्वाइकल कैंसर की शुरुआत होते हैं। इसलिए इन्हें हल्के में न लेते हुए डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।
- अगर व्हाइट डिस्चार्ज की शिकायत है तो इसे हल्के में न लें। वेजाइना से बदबूदार पानी का रिसाव होना सर्वाइकल कैंसर का एक लक्षण है। तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।
- पेट के निचले भाग में दर्द हो और इसके साथ ही पीरियड्स के बीच में स्पॉटिंग या संबंध बनाते समय ब्लीडिंग हो तो चिंता का विषय है।
- पेशाब करते समय दर्द होने का मतलब है कि कैंसर यूरिन थैली तक पहुंच गया है। ऐसे में तुरंत डॉक्टर से जांच करवाना चाहिए।

### बरतें ये तीन बड़ी सावधानियां

- शरीर की साफ-सफाई का खास ध्यान रखें। थोड़ी-सी सावधानी आपको इस कैंसर से बचा सकती है। सर्वाइकल कैंसर बच्चेदानी के भीतरी व बाहरी किसी भी सतह पर हो सकता है।
- यह कैंसर असुरक्षित यौन संबंध बनाने से भी फैलता है। इसलिए पार्टनर से संबंध बनाते समय सेफ्टी का ध्यान रखें।
- अगर महिलाएं नियमित रूप से अपना पैप टेस्ट करवाती हैं तो आप पूरी तरह से इस बीमारी से बच सकती हैं।

### संभव है सर्वाइकल कैंसर का इलाज

सर्वाइकल कैंसर से निजात पाने के लिए वेक्सीनेशन, सर्जरी और कीमोथेरेपी का सहारा लेना पड़ता है। इस बीमारी से बचने के लिए 30 साल से कम उम्र की महिलाओं को वैक्सीन दी जाती लेकिन इससे भी केवल 70 फीसदी ही बचाव किया जा सकता है।

### आसान है सर्वाइकल कैंसर की जांच

स्त्रीरोग संबंधी आम बीमारियां दवा लेने से भी दूर नहीं हो रही है तो सर्वाइकल कैंसर की जांच जरूरी हो जाती है। यह जांच है पैप स्मीयर टेस्ट। नेशनल इंस्टिट्यूट बायो-टेक्नोलॉजी इन्फोर्मेशन की रिपोर्ट के अनुसार, इस कैंसर का पता लगाने के लिए पैप स्मीयर टेस्ट या पैप टेस्ट की सलाह दी जाती है। महज 10 से 20 मिनट में होने वाले इस टेस्ट की रिपोर्ट सामान्य, अस्पष्ट या असामान्य आ सकती है।

**सामान्य:** यदि पैप टेस्ट का परिणाम सामान्य आता है तो रिपोर्ट को 'निगेटिव' बताया जाता है। इसका मतलब है कि टेस्ट में कैंसर के कोई लक्षण नहीं है।

**अस्पष्ट:** टेस्ट रिजल्ट अस्पष्ट भी आ सकते हैं। रिजल्ट अस्पष्ट आने का मतलब है कि आपकी ग्रीवा कोशिकाएं ऐसी दिखती हैं जैसे वे असामान्य हो सकती हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि यह एचपीवी से संबंधित है या नहीं। यह गर्भावस्था, रजोनिवृत्ति या संक्रमण जैसे बदलावों से संबंधित हो सकता है। एचपीवी टेस्ट यह पता लगाने में मदद कर सकता है कि क्या आपके सेल में परिवर्तन एचपीवी से संबंधित हैं।

**असामान्य:** यदि पैप टेस्ट असामान्य है तो 'पॉजिटिव रिजल्ट' कहा जाता है। रिजल्ट पॉजिटिव आने का यह मतलब नहीं है कि आपको कैंसर ही है। इसका मतलब यह है कि गर्भ में कुछ असामान्य कोशिकाएं है जो आगे चलकर कैंसर के रूप में विकसित हो सकती है। गर्भाशय ग्रीवा पर असामान्य परिवर्तन एचपीवी द्वारा हो सकता है। परिवर्तन मामूली (कम-ग्रेड) या गंभीर (उच्च-ग्रेड) हो सकते हैं। लेकिन यदि उन कोशिकाओं को हटाया नहीं जाता है तो ये गंभीर बदलाव कैंसर में बदल सकती हैं।

पैप टेस्ट की रिपोर्ट के बाद कुछ मामलों में डॉक्टर अन्य जांचें भी करवाते हैं। कोल्पोस्कोपी के जरिए योनिमार्ग और बच्चेदानी के मुख में होने वाले परिवर्तन या बदलाव की जांच एक यंत्र द्वारा की जाती है। बायोप्सी में बच्चेदानी के मुख से छोटा-सा टुकड़ा लिया जाता है और लैब में कैंसर के परिवर्तन देखे जाते है। यह प्रक्रिया बाह्य रोगी विभाग में ही सम्पन्न की जाती है।

सेहत

# कैंसर, कब्ज, गठिया में फायदा देते हैं काली सरसों के बीज

काली सरसों एक पौधा है, जिसके फूल पीले रंग के होते हैं। सरसों के पौधे की लगभग 40 विभिन्न प्रजातियां हैं। सरसों के बीज से तेल निकाला जाता है, जिसका उपयोग भोजन बनाने, औषधि के रूप में और दवा बनाने के लिए किया जाता है। काली सरसों के बीज को भोजन में एक सामग्री के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। काली सरसों को आमतौर पर सब्जी या दाल में तड़का देने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। साउथ इंडियन फूड में काले सरसो का इस्तेमाल बहुतायत किया जाता है। सरसों के बीज से तेल बाकी कुकिंग ऑयल से ज्यादा फायदेमंद होता है। इसमें अच्छे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो छोटी-छोटी परेशानियों से आपको दूर रखते हैं।

खाद्य पदार्थों में भी, काली सरसों के बीज का उपयोग मसाले के रूप में और सरसों के मसाला स्वाद के लिए किया जाता है। सरसों का मसाला बनाने के लिए आमतौर पर तीन अलग-अलग प्रकारों का उपयोग किया जाता है। काली सरसों (ब्रैसिका निग्रा) सबसे तीखी होती है। सफेद सरसों (ब्रैसिका अल्बा) सबसे सौम्य है और पारंपरिक अमेरिकी पीली सरसों बनाने के लिए उपयोग की जाती है। ब्राउन सरसों (ब्रैसिका जंकिया) गहरे पीले रंग की होती है, इसमें तीखा स्वाद होता है, और इसे डिजोन सरसों बनाने के लिए उपयोग किया जाता है।

### बीमारियों को दूर भगाते हैं काली सरसों के बीज



काली सरसों का तेल आम सर्दी, जोड़ों और मांसपेशियों (गठिया) के दर्द, और गठिया के लिए उपयोग किया जाता है। इसके अलावा काली सरसों के बीज का उपयोग उल्टी पैदा करने, मूत्र उत्पादन में वृद्धि और भूख बढ़ाने के लिए पानी की अवधारण (एडिमा) से राहत के लिए किया जाता है।

कुछ लोग पिसी हुई काली सरसों को गर्म पानी में मिलाकर पेस्ट बनाते हैं। वे पेस्ट को कपड़े में पैक करते हैं और कपड़े को सीधे त्वचा पर सरसों के प्लास्टर के रूप में लगाते हैं। इस तैयारी का उपयोग फेफड़े (फुफ्फुसीय), गठिया, पीठ के निचले हिस्से के दर्द के निमोनिया, दर्द और सूजन के इलाज के लिए किया जाता है।

### काली सरसों के बीज के लाभ

**कैंसर में है लाभकारी:** सरसों के बीज ग्लूकोसाइनोलेट्स और मायरोसिनस जैसे यौगिकों से भरे होते हैं, जो शरीर में कैंसर पैदा करने वाली कोशिकाओं की वृद्धि को रोकते हैं। जर्नल ह्यूमन एंड एक्सपेरिमेंटल टॉक्सिकोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, छोटे बीजों में कीमोप्रेंटिव क्षमता हो सकती है और कार्सिनोजेन्स के प्रभाव से बचाव हो सकता है।

**पाचन को सुदृढ़ करता है:** सरसों के बीज आपके पाचन तंत्र के लिए भी उत्कृष्ट हैं। अगर आप अपच की समस्या से पीड़ित हैं तो सरसों के बीज इससे छुटकारा पाने में मदद कर सकते हैं। बीज फाइबर से भरे होते हैं, जो आसान मल त्याग में मदद करता है और शरीर की पाचन शक्ति को बढ़ाता है।

**हृदय रोगों से बचाता है:** सरसों का तेल आमतौर पर हर भारतीय घर में इस्तेमाल किया जाता है और यह हृदय संबंधी समस्याओं से पीड़ित लोगों के लिए काफी फायदेमंद है। यह आपके कोलेस्ट्रॉल के स्तर को प्रबंधित करने में मदद करता है और रक्त में खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करता है, जो आपके हृदय स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

**हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाते हैं:** सरसों के बीज आपकी हड्डियों के लिए भी अच्छे होते हैं क्योंकि वे सेलेनियम नामक खनिज से भरे होते हैं, जो आपकी हड्डियों को मजबूत बनाता है। वे आपके नाखूनों, बालों और दांतों को मजबूत बनाने में भी मदद करते हैं। सरसों के बीज में एंटीऑक्सिडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो मसूड़ों, हड्डियों और दांतों में दर्द से राहत दिलाने में मदद करते हैं।

**त्वचा की समस्या का है समाधान:** हर मौसम में त्वचा को हाइड्रेट रखना महत्वपूर्ण है और सरसों के बीज आपकी इस में मदद कर सकते हैं। बीज आपकी त्वचा को हाइड्रेट करते हैं, सभी अशुद्धियों को दूर करते हैं और आपकी त्वचा को मुंहासों से बचाते हैं। बीज एंटी इंफ्लामेट्री गुणों के साथ पैक किए जाते हैं जो शरीर में सूजन को कम कर सकते हैं। आप सरसों के तेल को त्वचा पर मालिश कर इसके फायदे ले सकते हैं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। शुभांक-3-5-7

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। शुभांक-5-6-9

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा
व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-7

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेगें। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8


**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। आत्मचिंतन करें। शुभांक-4-6-8

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी
लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-9

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-1-5-8


**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। "आगे-आगे गौरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-6-9

## काकुरो पहेली - 2683




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 2682 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक कवि की कविताएं कोई नहीं सुनता था आखिरकार एक दिन जब एक व्यक्ति ने उनकी कविता सुनी तो कवि ने उसका आभार मानते हुए कहा कि 'आप पहले ऐसे महानुभाव है जिन्होंने कि मेरी कविताएं इतने ध्यान से सुनी हैं.'

दूसरा व्यक्ति- 'जरा जोर से बोलिए मैं थोड़ा ऊंचा सुनता हूँ.'

▯ ▯ ▯

एक कैदी से मिलने जेल में कोई नहीं आता था, यह देख कर जेलर को उस पर दया आ गई उसने कैदी को बुलाकर पूछा कि 'क्या बात है तुमसे मिलने तुम्हारा कोई रिश्तेदार जेल में क्यों नहीं आता है ?'

कैदी- 'क्योंकि साहब वे सब भी तो यहीं ही है !'

▯ ▯ ▯


दो मित्र आपस में बातें कर रहे थे. एक बोला- 'क्या यह ताज्जुब की बात नहीं कि रमेश के भाग्य ने उसका आखिर तक साथ दिया.'

'वह कैसे ?'

'खाना खाते हुए वह एक मोती निगल गया था.' मित्र ने पूरी बात बताते हुए कहा -'जब उसका ऑपरेशन करके वह मोती निकाला गया तो वह इतना कीमती निकला कि उसकी कीमत से न केवल आपरेशन का बिल ही चुक गया, बल्कि उसका क्रिया-कर्म भी ठाठ से सम्पन्न हुआ.'

▯ ▯ ▯

## फिल्म वर्ग पहेली- 2683



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, राखी, की 'एक रास्ता है' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'ये नैन डरे डरे' गीत वाली फिल्म-३
६. सनी देओल, रवीना की 'दिल ना किसी का जाये' गीत वाली फिल्म-३
७. 'मैं तुझसे मिलने आई मंदिर जाने के बहाने' गीत वाली की फिल्म-२
९. संजयदत्त, पूजा की 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'कुछ लोग मुहब्बत करके' गीत वाली राज बब्बर, डिम्पल की फिल्म-२
१२. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की जोड़ी वाली पहली फिल्म-२
१४. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानसी की फिल्म-२
१६. 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'थोड़ा है थोड़े की' गात वाली राकेश रोशन, बिंदिया की फिल्म-२,२
१८. 'मैंने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'जिंदगी के खेल में' गात वाली अनिल कपूर, माधुरी की फिल्म-२
२०. फिल्म 'डकैत' में मीनाक्षी के साथ नायक कौन था?-२
२२. फिल्म 'परिंदा' में 'अन्ना' के चरित्र की भूमिका किसने की थी?-२
२३. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली फिल्म-२
२५. जीतेंद्र, जया की 'बीती ना बिताई रैना' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली जीतेंद्र, श्रीदेवी, जया की फिल्म-३
२९. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली फिल्म-३
३१. संजीव, राखी की एक फिल्म-३
३२. 'तारे हैं बारती' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कितना प्यारा वादा' गीत वाली फिल्म-३
२. सुनीलदत्त, किशोर सायरा की फिल्म-४
३. 'सुंदरा सुंदरा' गात वाली फिल्म-३
४. फिल्म जिसमें शाहरूख ने गूँगे की भूमिका की थी-३
५. 'राहों में उड़ती जाए बिछड़े' गीत वाली फिल्म-२
८. 'जीवनमृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका?-२
११. 'अबके बरस ये हाल है' गीत किस म्यूजिक एलबम का है?-२
१२. 'मिजाजे गिरामी दुआ है' गीत वाली फिल्म-२
१३. संजय कपूर, शिल्पा की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'बिन साजन झूला झूलूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शोला और शबनम' में गोविंदा की नायिका कौन थी?-२
१७. 'पालकी में होके सवार' गीत वाली फिल्म-५
२० 'आंखों में नींदें ना' गीत वाली फिल्म-३
२१. जीतेंद्र, नंदा की 'देखते ही तुझे मेरे दिलने कहा' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली फिल्म-२
२६. लक्की अली, गौरी की एक फिल्म-२
२८. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
३०. विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली-2684

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बा | ग | बा | न | | त्रि | | धू | म |
| रू | | द | | स्व | दे | श | | र्या |
| द | ला | ल | | | व | | दा | दा |
| | ड़ | | प्या | सा | | सी | मा | |
| दु | ला | रा | | ज | ख्मी | | द | म |
| श्म | | ज | मी | न | | ने | | म |
| नी | तू | | ना | | म | हा | न | ता |
| | | आ | | दो | स्त | | गी | |
| दि | ल | ज | ले | | | बे | ना | म |

## सूडोकु -2683


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -2682 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 2683



**बाएँ से दाएँ**

1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली -2682 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | | ल | | वा | य | लि | न |
| | ल | | रा | | प | व | न | | ख | फा |
| ए | | | ध | व | ल | | र | | | स |
| ह | र | द | म | | पा | ल | | फ | क | त |
| सा | | म | | दा | ना | | सा | | मा | |
| न | वी | न | त | म | | अ | ज | वा | ई | न |
| | र | | वा | | स | दा | | रि | | वी |
| प | ता | का | | ह | क | | अ | स | मा | न |
| र | | | जी | | प | र | दा | | | ता |
| वा | त | | न | ल | का | | व | | द | |
| ज | रु | र | त | | ना | | त | ल | वा | र |


# सबूतों को देखूंगा : नरेंद्र मोदी

## खालिस्तानी आतंकी पन्नूं की हत्या की साजिश पर पीएम मोदी का बयान

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नूं की हत्या की साजिश के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली बार प्रतिक्रिया आई है। गौरतलब है कि इस मामले में अमेरिका ने भारत से जांच की मांग की है। इस घटना को लेकर पीएम मोदी ने कहा कि वह मामले में मिले सबूतों को देखेंगे। हालांकि, प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इन छोटी-मोटी घटनाओं से भारत और अमेरिका के रिश्तों पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

**अमेरिका के आरोपों का पीएम मोदी ने दिया जवाब**

अमेरिका के इन्हीं आरोपों पर पीएम मोदी ने फाइनेंशियल टाइम्स से बात की। उन्होंने कहा कि अगर हमारे किसी नागरिक ने कुछ



अच्छा या बुरा किया है तो हम इस मामले में जांच के लिए तैयार हैं। कानून के राज की तरफ हमारी पूरी प्रतिबद्धता है। प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही खालिस्तानी आतंक का मुद्दा उठाते हुए कहा, 'विदेश में जिस तरह कुछ कट्टरपंथी संगठन गतिविधियां कर रहे हैं, उसे लेकर मैं चिंतित हूं। इस तरह के तत्व अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर लोगों को डराने और हिंसा भड़काने में शामिल रहते हैं।'

**भारत-अमेरिका के रिश्तों पर नहीं पड़ेगा कोई असर: पीएम मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुसार इन आरोपों का भारत-अमेरिका के संबंध पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। उन्होंने कहा, 'इस रिश्ते को मजबूत करने के लिए मजबूत द्विदलीय समर्थन मौजूद है, जो एक स्थिर साझेदारी का स्पष्ट संकेत है। कुछ घटनाओं को दोनों देशों के राजनयिक संबंधों से जोड़ना मुझे अच्छा नहीं लगता है।'

## भाजपा सदस्यों ने की धनखड़ के अपमान की घोर निंदा

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति एवं उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का संसद परिसर में मजाक उड़ाने की गतिविधियों का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के लिए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों और मंत्रियों ने सदन में घोर निंदा करते हुये प्रश्नकाल में खड़े होकर कार्यवाही में भाग लिया। आज राज्य सभा में सुबह चार बार के स्थगन के बाद प्रश्नकाल शुरू होने पर संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच सभापति की ओर मुखातिब होते हुये कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य राहुल गांधी ने इस वीडियो को बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित किया है जो बहुत ही निदंनीय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता ने संवैधानिक पद के साथ ही एक किसान के पुत्र और जाट का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने 20 वर्षो से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपमान करते आ रहे हैं क्योंकि वे भी पिछड़ी जाति से हैं।



## 'एकल पार्टी शासन' चाहती है मोदी सरकार : मल्लिकार्जुन खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि संसद से अपनी वाजिब मांगों के लिए आवाज उठाने के मुद्दे पर सांसदों को निलंबित कर मोदी सरकार ने साबित कर दिया है कि वह निरंकुश होकर एकल पार्टी सरकार चलना चाहते हैं। श्री खड़गे ने यहां जारी एक बयान में कहा कि संसद से 141 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है क्योंकि वे गंभीर सुरक्षा उल्लंघन पर गृह मंत्री अमित शाह से बयान चाहते थे। उन्होंने कहा कि छह घुसपैठियों पर आतंकवाद विरोधी तथा गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। घुसपैठियों को संसद में प्रवेश दिलाने में मदद करने वाले भाजपा सांसद से अब तक कोई पूछताछ नहीं की गई है तो यह कैसी जांच है। श्री खड़गे ने कहा, 'संसदीय सुरक्षा के लिए जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारियों को जवाबदेह क्यों नहीं बनाया गया।



## आपराधिक कानून में बदलाव कर अहम कदम उठा रही है सरकार

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सदस्यों ने बुधवार को कहा कि अपराधी कानून में समय के अनुसार बदलाव आवश्यक है और ऐसा कर मोदी सरकार अहम कदम उठा रही है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निशिकांत दुबे ने भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक 2023, भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता 2023 पर चर्चा को आगे बढ़ते हुए आज कहा कि सारे कानून पुराने हो चुके हैं और नागरिकों के साथ इन कानूनो के कारण न्याय नहीं होता है इसलिए सरकार ने देश के नागरिकों के हित में इन क़ानूनों में बदलाव करने का कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि कुछ सांसदों ने इस मुद्दे पर हिंदी के शब्दों के इस्तेमाल पर आपत्ति जाताई है, लेकिन वे भूल जाते हैं कि हमारी मानसिकता गुलामी की है और गुलामी के शब्द हमें अच्छे लगते हैं। उनका कहना था कि उन्हें देखना चाहिए कि पुराने संसद भवन में सारे श्लोक संस्कृत में लिखे है तब किसी ने इसका विरोध नहीं किया था तो अब हिंदी के इस्तेमाल का विरोध क्यों किया जा रहा है।




## मार्च 2024 तक जितना चलो उतना टॉल चुकाने की व्यवस्था होगी शुरूः गडकरी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि मार्च 2024 तक देश में राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेस वे पर जितना चलो उतना टॉल चुकाने की व्यवस्था शुरू हो जायेगी। श्री गडकरी ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि इस प्रौद्योगिकी का परीक्षण दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे पर किया गया है। अब इसको पूरी तरह से लागू करने की तैयारी चल रही है। इसमें लोकेशन आधारित टॉल की व्यवस्था है। इसमें जिनता किलोमीटर वाहन टॉल रोड पर चलेगा उतना किलोमीटर का ही टॉल देना होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए बैंकों और प्रौद्योगिकी कंपनियों को मिलकार एक कंपनी बनायी जा रही है जो इस व्यवस्था को संचालित करेगी। इससे राष्ट्रीय भारतीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को सलाना करीब 15 हजार करोड़ रुपये की बचत हो सकती है।

## राज्यसभा के सभापति की नकल करने वाले सांसद बोले- यह एक कला है, किसी को चोट पहुंचाने का इरादा नहीं था

**देहरादून।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल उतारने वाले तृणमूल कांग्रेस के नेता और सांसद कल्याण बनर्जी ने इस घटना पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि नकल उतारना एक कला है।



मेरे मन में सभापति के लिए पूरा सम्मान है। हमारा किसी को चोट पहुंचाने या दुख पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था। इस घटना को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि जो कुछ भी हुआ वह संसद सदन के बाहर का मामला था। वहीं, राहुल गांधी से जब पत्रकारों ने इस मुद्दे पर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर कोई बयान नहीं देना चाहते।

## 'समाज के सभी वर्गों की राय लेने के बाद जाति जनगणना पर फैसला', विपक्ष की मांग पर शिंदे का एलान

**नई दिल्ली।** पूरे देश में जाति आधारित जनगणना को लेकर लगातार बहस छिड़ी हुई है। विपक्षी पार्टियां लगातार जनगणना कराने की मांग कर रही हैं। अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने साफ कह दिया है कि समाज के सभी वर्गों की राय लेने के बाद इस मामले में फैसला लिया जाएगा।

**आरएसएस के संस्थापक को श्रद्धांजलि**

सीएम शिंदे रेशमीबाग इलाके में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक केबी हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक एमएस गोलवलकर के स्मारकों पर गए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने बुधवार को कहा कि जाति आधारित जनगणना पर उचित निर्णय समाज के सभी वर्गों की राय जानने और लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए



लिया जाएगा।सीएम शिंदे ने बुधवार को कहा कि जाति आधारित जनगणना पर उचित निर्णय समाज के सभी वर्गों की राय जानने और लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया जाएगा।पूरे देश में जाति आधारित जनगणना को लेकर लगातार बहस छिड़ी हुई है। विपक्षी पार्टियां लगातार जनगणना कराने की मांग कर रही हैं। अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने साफ कह दिया है कि समाज के सभी वर्गों की राय लेने के बाद इस मामले में फैसला लिया जाएगा।

## कोरोना के बढ़ते मामले को लेकर केन्द्र सरकार सतर्क, राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली।** कोरोना और इसके नए वेरिएंट जेएन- 1 के बढ़ते खतरे को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को स्वास्थ्य सुविधाओं और चिकित्सा संबंधी सेवाओं की तैयारियों पर राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना के जेएन-1 वेरिएंट को वेरियंट ऑफ इंटरेस्ट माना है, यानी यह वायरस तेजी से फैल सकता है।

इस उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि यह एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने का समय है। हमें घबराने नहीं, सतर्क रहने की जरूरत है। अस्पताल की तैयारी, निगरानी बढ़ाने और लोगों के साथ प्रभावी संचार के मॉक ड्रिल के साथ करने के निर्देश दिए। उन्होंने राज्यों को कहा कि स्वास्थ्य का क्षेत्र




तैयार रहना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हर 3 महीने में एक बार सभी अस्पतालों में मॉक ड्रिल होना चाहिए। इसके लिए राज्यों को केन्द्र सरकार की ओर से सभी प्रकार का समर्थन दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को तैयारियों में किसी भी तरह की ढिलाई नहीं किसी राजनीति का क्षेत्र नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय हर सहायता के लिए उपलब्ध है।उल्लेखनीय है कि कोरोना के नए वेरियंट जेएन-1 के एक मामले की केरल में पुष्टि की गई है। दुनिया के कई देशों में कोरोना के नए मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

## टीएमसी सांसद मिमिक्री विवाद; मंत्री विज बोले- संसद सदस्यता समाप्त कर चिड़ियाघर में भर्ती करा देना चाहिए

**नई दिल्ली।** टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री का विवाद बढ़ता जा रहा है। भाजपा नेताओं ने उनको घेरना शुरू कर दिया है। हरियाणा के स्वास्थ्य एवं गृहमंत्री अनिल विज भी इस विवाद में कुद गए हैं। इस विवाद पर हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि सांसद कल्याण बनर्जी ने जिस प्रकार से देश के उपराष्ट्रपति का मज़ाक उड़ाया है उसके लिए उनकी संसद सदस्यता समाप्त कर देनी चाहिए और उन्हें किसी चिड़ियाघर में भर्ती करा देना चाहिए। बता दें कि अनिल विज अपने बयानों के लिए हमेशा चर्चा में रहते हैं और केंद्र की राजनीति पर भी लगातार उनके बयान आते रहते हैं। बुधवार को उन्होंने मीडिया के सामने सांसद बनर्जी द्वारा मिमिक्री करने को गलत ठहराया है।



## एबी-पीएमजेवाई ने लिया जनांदोलन का रूपः अर्जुन मुंडा

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आज आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना देश में एक जन आंदोलन का रूप ले चुकी है। यह योजना दुनिया की बेहतर हेल्थ केयर योजना है जिससे सुदूर क्षेत्र में रहने वाले लोगों तक भी स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जा रही है।



बुधवार को केन्द्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में मीडिया से बातचीत में अर्जुन मंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की प्राथमिकताओं में स्वास्थ्य का क्षेत्र बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। केन्द्र सरकार देश के सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है। इसी दिशा में प्रधानमंत्री ने युवाओं को फिट इंडिया आंदोलन से जोड़ा है। युवा फिट रहेंगे तो देश के विकास में भागीदारी सुनिश्चित कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को ध्यान में रखते हुए देश को टीबी मुक्त भारत बनाने की दिशा में भी मिशन मोड में काम शुरू किया गया है। इसके साथ हाल ही में जनजातीय मंत्रालय के साथ स्वास्थ्य मंत्रालय ने सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन-2047 की शुरुआत की है । यह दुनिया का अभिनव कार्यक्रम है जो 7.5 करोड़ लोगों की आबादी को ध्यान में रख कर शुरू किया गया है।

## यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा सचिव और सीडीएस से की मुलाक़ात

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और सैन्य बलों के प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान से अलग-अलग मुलाक़ात की। इस दौरान भारत-यूरोपीय संघ के बीच बेहतर तालमेल और रक्षा उद्योग सहयोग के रास्ते तलाशे गए। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने आज नई दिल्ली में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, जिसमें सुरक्षा और रक्षा पर यूरोपीय संसद की उपसमिति के छह सदस्य शामिल थे। यूरोपीय संसद के सदस्यों (एमईपी) के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सुश्री नथाली लोइसो ने किया। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने सुरक्षा और रक्षा पर यूरोपीय संसद उपसमिति (एसईडीई) के अध्यक्ष महामहिम नथाली लोइसो और प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। चर्चा यूरोपीय संघ-भारत रणनीतिक सुरक्षा और रक्षा सहयोग के साथ-साथ इंडो पैसिफ़िक में अधिक सहयोग के रास्ते पर केंद्रित थी। भारत-यूरोपीय संघ के बीच बेहतर तालमेल और रक्षा उद्योग सहयोग के रास्ते तलाशे गए।



## मुंबई एयरपोर्ट पर 9 करोड़ की ड्रग्स समेत विदेशी महिला गिरफ्तार

**मुंबई।** की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर एक विदेशी महिला को 9 करोड़ की ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। युगांडा से मंगलवार को देर रात मुंबई आई महिला ने अपने अंडरवियर में 890 ग्राम ड्रग्स छिपा रखी थी। कस्टम विभाग के अधिकारी ने बुधवार को बताया कि उनकी टीम को ड्रग सहित विदेशी महिला के मुंबई एयरपोर्ट पर आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर कस्टम की टीम एयरपोर्ट पर निगरानी कर



रही थी। संदिग्ध महिला के दिखने पर कस्टम टीम ने उसे रोककर तलाशी ली। जब उसके सामान में ड्रग नहीं मिला तो उसके अंडरगारमेंट की तलाशी महिला अधिकारियों ने ली और 890 ग्राम ड्रग्स पाया गया। इसके बाद कस्टम की टीम ने विदेशी महिला को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना की गहन छानबीन की जा रही है।

## पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीओमओ) ने मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा करते हुए यह जानकारी दी।

मुलाकात के बाद ममता ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्होंने केन्द्र सरकार की ओर से राज्य को समय पर फंड न जारी किए जाने का मुद्दा प्रधानमंत्री से मुलाकात में उठाया है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया है कि केन्द्र और राज्य के अधिकारी इस मुद्दे को लेकर एक संयुक्त बैठक करेंगे।

ममता ने कहा कि राज्य की गरीब जनता का एक लाख 16 हजार करोड़ रुपये केन्द्र सरकार ने रोक रखा है। इस मुद्दे को लेकर



उन्होंने प्रधानमंत्री के सामने राज्य का पक्ष रखा है।विपक्ष की ओर से प्रधानमंत्री के चेहरे को लेकर ममता ने कहा कि कल की बैठक में उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम का प्रस्ताव रखा था। जिसका आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने भी समर्थन किया था। हालांकि संवाददाता सम्मेलन के दौरान ममता बनर्जी ने उपराष्ट्रपति की नकल उतारने वाले मुद्दे पर कुछ भी नहीं बोला। उल्लेखनीय है कि टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कल संसद भवन परिसर में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का नकल उतार उनका मजाक बनाया था।

## '10 राज्यों ने मामलों की जांच के लिए CBI को दी गई सहमति वापस ली', सदन में बोले कार्मिक राज्य मंत्री

**नई दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा में बताया कि तमिलनाडु और तेलंगाना सहित 10 राज्यों ने अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में मामलों की जांच के लिए सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति वापस ले ली है।

**इसलिए होती है अनुमति की जरूरत**

दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (डीएसपीई) अधिनियम, 1946 की धारा 6 के अनुसार, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को अपने अधिकार क्षेत्र में जांच करने के लिए संबंधित राज्य सरकारों से सहमति की आवश्यकता होती है। डीएसपीई अधिनियम की धारा-6 के तहत सीबीआई का गठन किया गया है। इस प्रावधान के तहत, डीएसपीई का एक सदस्य यानी सीबीआई संबंधित राज्य सरकार की सहमति के बिना उस राज्य में अपनी शक्तियों और अधिकार क्षेत्र का प्रयोग नहीं कर सकती है। कई गैर-भाजपा राज्यों ने सीबीआई से आम सहमति वापस लेते हुए आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार गैर-भाजपा शासित राज्यों में राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ एजेंसी का दुरुपयोग कर रही है।

**इन राज्यों ने ली सहमति वापस**

कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि पंजाब, झारखंड, केरल, राजस्थान, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, मिजोरम, तेलंगाना, मेघालय और तमिलनाडु ने सामान्य सहमति वापस ले ली है। यह पूछे जाने पर कि क्या केंद्र सरकार का डीएसपीई अधिनियम की धारा 6 में संशोधन करने का प्रस्ताव है। इस पर मंत्री ने कहा नहीं।

## सहारा के तीन करोड़ निवेशकों ने किये 80 हजार करोड़ रुपये के रिफंड का दावा

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि सहारा सहकारी समितियों से रिफंड के लिए अब तक तीन करोड़ लोगों ने 80 हजार करोड़ रुपये के रिफंड का दावा किया है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी देते हुये कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार निवेशकों को रिफंड की प्रक्रिया पोर्टल के माध्यम से शुरू की गयी है। अभी पांच हजार करोड़ रुपये इसके लिए मिले हैं और दावा किये जाने के 45 दिनों में रिफंड की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि निवेशकों को निवेश के दावे को लेकर प्रमाण ऑनलाइन ही देना होता है और उसकी पुष्टि होने के बाद ही रिफंड किया जा रहा है।

## जीएसटी क्रेडिट के लिए गलत दावे बड़ी चुनौती : सुशील मोदी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के सुशील मोदी ने आज राज्यसभा में कहा कि जीएसटी क्रेडिट के लिए व्यापारियों द्वारा किये जा रहे करोड़ों रूपये के गलत दावे सरकार के लिए बड़ी चुनौती हैं। श्री मोदी ने बुधवार को सदन में केन्द्रीय वस्तु और सेवा कर ( दूसरा संशोधन) विधेयक 2023 पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि जीएसटी क्रेडिट के लिए बेईमानी से दावा करना सरकार के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि यह सरकार और ईमानदार कददाताओं के लिए चिंता का विषय है। भाजपा सदस्य ने कहा कि इस तरह के व्यापारियों के क्रेडिट को सीमित किया जाना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने जीएसटी प्रक्रिया में पंजीकरण के लिए न्यूनतम कारोबार की राशि 40 से बढाकर 60 लाख किये जाने की भी मांग की। साथ ही अपने राज्य में ही व्यापार करने वाले करदाताओं के लिए सरलीकृत पंजीकरण प्रक्रिया भी शुरू की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जीएसटी में करोड़ों रूपये की कर वंचना को पकड़ा गया है और इन मामलों में 1400 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। श्री मोदी ने जीएसटी परिषद की सराहना करते हुए कहा कि इसमें एक निर्णय को छोड़कर सभी निर्णय सर्वसम्मति से बिना मतदान के लिये गये हैं । उन्होंने कहा कि केवल लॉटरी के मुद्दे को छोड़कर किसी मुद्दे पर कभी परिषद में मतदान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि जीएसटी परिषद की अवधारणा को दूसरे मंत्रालयों में भी लागू किया जाना चाहिए। बीजू जनता दल के अमर पटनायक ने विधेयक का समर्थन किया और कहा कि यह न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम 2021 के अनुरूप लाया गया है । उन्होंने कहा कि अभी देश में जीएसटी से संबंधित 15 हजार अपील लंबित हैं और न्यायाधिकरण के गठन से इनका समाधान होगा। उन्होंने कहा कि न्यायाधिकरणों में रिक्तियों को भी शीघ्रता से भरा जाना चाहिए। वाई एस आर कांग्रेस के मस्तान राव बीड़ा ने विधेयक का समर्थन करते हुए जीएसटी में कर की श्रेणियों की संख्या के अत्यधिक होने का उल्लेख किया और कहा कि इससे करदाताओं में भ्रम पैदा होता है और कर्मचारियों का काम बढता है। उन्होंने जीएसटी विवरणी भरने में दिक्कतों का उल्लेख करते हुए कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी तंत्र को मजबूत किये जाने की जरूरत है। अन्नाद्रमुक के एम थंबी दुरै ने जीएसटी के नाम पर लोगों को परेशान किये जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु सरकार केन्द्र से जीएसटी का पैसा ले रही है लेकिन उसे कहां खर्च कर रही है इसका पता नहीं चलता। उन्होंने तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में मूसलाधार वर्षा के कारण हुए जान माल के नुकसान का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस स्थिति से ठीक से नहीं निपट रही है।



# मेहंदी से बाल हो गए हैं ड्राई तो आप भी ट्राई कर सकती हैं ये होममेड हेयर मास्क

**आमतौर पर लोग सफेद बालों को कलर करने के लिए मेहंदी का इस्तेमाल करते हैं। मेहंदी के इस्तेमाल से बालों को अच्छा कलर तो मिल जाता है और कुछ दिनों के लिए बालों के सफेद दिखने की समस्या भी कम हो जाती है। लेकिन कई बार मेहंदी लगाने के बाद बाल ड्राई होने लगते हैं और ड्राई बाल मुख्य रूप से हेयर फॉल का कारण भी बनते हैं। अक्सर मेहंदी अप्लाई करते समय हम कुछ गलतियां करते हैं जिसकी वजह से बाल ज्यादा ड्राई हो जाते हैं। जैसे मेहंदी से पहले बालों में तेल न लगाना और रूखे बालों में ही मेहंदी लगाना।**

जब हम रूखे बालों में ही मेहंदी का इस्तेमाल करने लगते हैं तो मेहंदी लगाने के बाद बाल और ज्यादा रूखे और बेजान हो जाते हैं। अगर आपके बाल भी मेहंदी के बाद ज्यादा ड्राई हो जाते हैं तो आप इनकी ड्राइनेस कम करने के लिए बालों में कुछ होममेड हेयर मास्क अप्लाई कर सकती हैं। ये हेयर मास्क वैसे तो पूरे तरह से प्राकृतिक हैं और इनका बालों में कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है लेकिन बालों में ये हेयर मास्क अप्लाई करने से पहले आप विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें क्योंकि सभी के बालों का प्रकार अलग होता है और किसी भी सामग्री का असर आपके बालों पर अलग तरीके से हो सकता है।

## बालों में मेहंदी लगाने के बाद इन बातों का रखें ध्यान

यदि आप बालों में मेहंदी अप्लाई करती हैं तो आपको सबसे ज्यादा ध्यान में रखने वाली बात ये है कि मेहंदी लगाने से पहले किसी भी ऑयल जैसे जैतून या नारियल के तेल का इस्तेमाल करें। मेहंदी बालों से हटाने के तुरंत बाद शैम्पू न करें बल्कि कम से कम 12 घंटे बाद ही बालों को शैम्पू करें। शैम्पू के बाद आप कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें, क्योंकि मेहंदी बालों को ड्राई कर सकती है।

## बालों में मेहंदी के बाद होममेड हेयर मास्क क्यों जरूरी है

यदि आप मेहंदी से ड्राई हो चुके बालों में होममेड हेयर मास्क अप्लाई करती हैं तो ये 20 मिनट से भी कम समय में आपके बालों को ढेर सारे लाभ प्रदान करने में मदद करता है। हेयर मास्क आपके बालों को मुलायम और हाइड्रेटिंग बनाने के साथ बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने, बालों में चमक जोड़ने और यहां तक कि बालों के झड़ने को कम करने में भी मदद करते हैं। आइए जानें मेहंदी का बालों में इस्तेमाल करने के बाद आप कौन से हेयर मास्क का इस्तेमाल अपने बालों में कर सकते हैं।



### ब्राउन शुगर और ऑलिव ऑयल हेयर मास्क

ब्राउन शुगर बालों के लिए एक बेहतरीन एक्सफोलिएंट है जो आपके स्कैल्प से उन मृत त्वचा कोशिकाओं और किसी भी बचे हुए अवशेष के निर्माण से छुटकारा पाने में मदद करता है। वहीं जैतून का तेल हमेशा सूखे बालों के इलाज के लिए प्राकृतिक कंडीशनर के रूप में उपयोग किया जाता है। यह बालों को नमी प्रदान करके बालों की ड्राइनेस को कम करने में मदद करता है।

#### आवश्यक सामग्री

शुगर – 2 बड़े चम्मच
जैतून का तेल– 1 बड़ा चम्मच

#### हेयर मास्क बनाने और इस्तेमाल का तरीका

- एक बाउल में चीनी और तेल को एक साथ मिलाकर हेयर मास्क तैयार करें।
- इस हेयर मास्क को अपने बालों में ऊपर से नीचे तक लगाएं।
- हेयर मास्क को अपने बालों पर 15–20 मिनट के लिए लगा रहने दें।
- बालों को शॉवर कैप से ढककर रखें।
- 15 –20 मिनट के बाद बालों को अच्छी तरह से शैम्पू करें और शैम्पू के बाद बालों में कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें।

### नारियल तेल का हेयर मास्क

नारियल तेल बालों की ड्राईनेस को कम करने में मदद करता है और मेहंदी से ड्राई हो चुके बालों को भी शाइन प्रदान करने में मदद करता है।

#### आवश्यक सामग्री

शहद – 1 बड़ा चम्मच
नारियल तेल – 1 बड़ा चम्मच

#### बनाने और इस्तेमाल का तरीका

- एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच नारियल का तेल और 1 बड़ा चम्मच शहद डालकर आपस में अच्छी तरह से मिलाएं।
- मिश्रण को एक बर्तन में निकाल लें और इसे गर्म करें ताकि शहद और नारियल का तेल एक दूसरे में अच्छी तरह से मिक्स हो जाए।
- मिश्रण को वापस बाउल में डालें और ठंडा होने दें। फिर, अपने बालों पर ऊपर से नीचे तक मास्क लगाएं और अपने पूरे बालों पर पूरी तरह से अप्लाई करें। यदि आपकी जड़ें आमतौर पर काफी ऑयली हैं, तो केवल मध्य लंबाई से नीचे तक मास्क लगाएं।
- बची हुई नमी को बनाए रखने के लिए शॉवर कैप लगाएं।
- 20 मिनट के बाद अपने बालों को गर्म पानी से धो लें और हमेशा की तरह शैम्पू और कंडीशनर करें।
- अगर आपके बाल मेहंदी लगाने के बाद रूखे हो गए हैं तो आपको बालों की ज्यादा देखभाल करने की जरूरत है। इसके लिए यहां बताए हेयर मास्क अप्लाई करें। लेकिन इन मास्क का इस्तेमाल करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें।



# वेडिंग गिफ्ट जा रही हैं खरीदने तो इन जरूरी बातों को रखें खास ख्याल

शादियों का सीजन शुरू हो गया है, ऐसे में सिर्फ कपड़े–गहने ही नहीं बल्कि गिफ्ट की भी खरीदारी शुरू हो जाती हैं। खासकर अगर शादी घर के किसी सदस्य की हो तो इस बात को सोचना और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है कि आखिर गिफ्ट में दूल्हा और दुल्हन को क्या दिया जाए? बता दें कि इंडियन वेडिंग में महंगे तोहफे देने का रिवाज काफी पुराना है, लेकिन अब समय काफी बदल गया है, ऐसे में बजट के साथ–साथ जरूरत का ख्याल रखना बहुत जरूरी है।
वहीं कुछ लोग वेडिंग गिफ्ट खरीदारी में समय अधिक चला जाता है। दरअसल, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि लोग गिफ्ट को लेकर काफी कंफ्यूजन रहते हैं, ऐसे में हम पहले डिसाइड कर लें, तो पैसे और समय दोनों को बचाया जा सकता है। इसलिए वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी करते वक्त कुछ बातों का ख्याल रखना बहुत जरूरी है।

## वेडिंग गिफ्ट सेलेक्शन

वेडिंग गिफ्ट में क्या दें, यह सबसे बड़ा सवाल होता है। आप इसे बारे में दूल्हा या फिर दुल्हन से सवाल भी नहीं कर सकते हैं। इसके अलावा दूसरों से पूछने पर वो अलग से आपको आइडिया दे सकते हैं। इस तरह कंफ्यूजन काफी बढ़ जाता है, इसलिए बेहतर है कि आप खुद तय करें कि शादी के बाद दूल्हा और दुल्हन को किन चीजों को जरूरत अधिक पड़ती है। उसे ध्यान में रखते हुए गिफ्ट की खरीदारी करें। इसके अलावा गिफ्ट इस उम्मीद से ना दें, आपको वापस मिल सकता है। गिफ्ट अच्छा और जरूरत को ध्यान में रखकर दें।

## कैश रजिस्टरी का ऑप्शन चुने

वेडिंग गिफ्ट के तौर पर कैश रजिस्ट्री का ऑप्शन चुन सकती हैं। वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी से पहले आप चाहें तो कैश रजिस्ट्री का ऑप्शन चुन सकती हैं। दरअसल, आज कल डेस्टिनेशन का ट्रेंड चल पड़ा है। ऐसे में साथ में गिफ्ट ले जाना काफी ओल्ड फैशन हो सकता है। आप चाहें तो कैश रजिस्ट्री का ऑप्शन चुन सकती हैं। कैश रजिस्ट्री कराने से न्यूली मैरिड कपल अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार चीजें खरीद सकती हैं। वहीं कपल भी चाहें तो इस कैश को आने वाले समय के लिए सेव भी कर सकते हैं।

## खरीदारी से पहले बजट सेट करें

वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी से पहले बजट तय कर लें। दरअसल, कई बार मार्केट में खरीदने कुछ जाते हैं और खरीदकर कुछ लाते हैं। मार्केट में चीजें की तरह–तरह होती हैं, जिसे लेकर कंफ्यूजन काफी होता है। अगर आप बजट सेट करने से आप कंफ्यूज नहीं होंगे और उतनी ही कीमत में आप गिफ्ट खरीदकर लाएंगे। इस तरह आप फिजूलखर्ची से भी बच सकती हैं।

## ऑफलाइन और ऑनलाइन चेक करें

कई बार हम वेडिंग गिफ्ट की खरीदारी आखिरी समय में करते हैं, ऐसे में आप चाहे तो ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों का ऑप्शन चुन सकती हैं। दरअसल, घर की शादी में काफी तैयारी करनी पड़ती है।



ऑफलाइन खरीदारी में काफी समय चला जाता है, ऐसे में आप समय को बचाना चाहती हैं तो ऑनलाइन खरीद सकती हैं। वहीं अगर आप ने तय कर लिया कि आपको दूल्हा और दुल्हन को गिफ्ट में क्या देने वाली हैं तो उसे ऑनलाइन पहले चेक कर लें। इसके बाद समय है तो ऑफलाइन खरीदारी कर सकती हैं।

## क्वालिटी जरूर करें चेक

अक्सर ऐसा देखा होगा कि लोग शादी के गिफ्ट के तौर पर एक नहीं कई चीजें देते हैं। हालांकि, जब बाद में उसे चेक करें तो कई चीजें खराब या फिर इस्तेमाल के योग्य नहीं होती। इससे छवि खराब होती है, इसलिए एक साथ कई सारी चीजें तोहफे में देने के बजाय एक ही चीज सेलेक्ट और उसे गिफ्ट करें। कोशिश करें कि खरीदारी करते वक्त वेडिंग गिफ्ट को अच्छी तरह चेक कर लें। उसकी क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए।



**शादियों का सीजन चल रहा है और जिनकी शादी होने वाली है, उन्होंने अभी से इसकी तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। शादी की तैयारियां केवल शॉपिंग पर खत्म नहीं होती हैं, बल्कि जल्द न्यूली वेड कपल बनने की तैयारी कर रहे जोड़े अपने रूम को सजाने और संवारने के बारे में भी बातें करते हैं।**

# ऐसा होना चाहिए न्यूली वेड कपल का बेडरूम

दुल्हन का आगमन हजारों खुशियां लेकर आता है। हिंदू धर्म में तो दुल्हन को देवी लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है। ऐसे में देवी लक्ष्मी का गृह प्रवेश परिवार में सुख और समृद्धि लेकर आए, इसके लिए घर में जुड़ने वाली नई सदस्या का खुश रहना बहुत जरूरी है। किसी को भी सबसे ज्यादा सुकून उसके अपने कमरे में मिलता है, इसलिए न्यूली वेड कपल का कमरा सेट करते वक्त कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। खासतौर पर वास्तु के हिसाब से न्यूली वेड कपल का कमरा कैसा होना चाहिए, इस परएस्ट्रोलॉजर एवं वास्तु एक्सपर्ट कहती हैं, 'न्यूली वेड कपल के कमरे की दिशा, रंग और उसमें रखे सामान का वास्तु के हिसाब से होना बहुत जरूरी है। इससे उनका रिश्ता बेहतर बनता है और परिवार के लिए भी सब कुछ शुभ होता है।'

## बेडरूम की दिशा

वास्तु एक साइंस है और 'वे ऑफ आर्किटेक्चर' है। इसमें दिशाओं का विशेष महत्व होता है।' इसलिए वास्तु के हिसाब से न्यूली वेड कपल का कमरा साउथ–ईस्ट दिशा में होना चाहिए और घर की सबसे ऊपर वाली मंजिल में होना चाहिए। हालांकि, कई बार वास्तु के हिसाब से न्यूली वेड कपल का कमरा सही दिशा में नहीं होता है। ऐसे में वास्तु दोष को दूर करने के लिए कमरे में बेड की सेटिंग इस तरह होनी चाहिए कि दुल्हन का सिर साउथ में और पैर नॉर्थ में हो। इस दौरान ध्यान रखें कि पैर एकदम दरवाजे के सामने नहीं होने चाहिए। अगर इस दिशा में सोने की व्यवस्था नहीं हो पा रही हैं तो ईस्ट की ओर सिर किया जा सकता है। लेकिन जब भी आपको कंसीव करना हो तो अपने सोने की जगह को बदल लें।

## बेड कैसा होना चाहिए

सोशल डेकोरेशन को भूल कर आपको लकड़ी का ही बेड अपने लिए चुनना चाहिए।' मेटल में कोल्ड एनर्जी होती होती है और वुड में वॉर्म एनर्जी होती है। न्यूली वेड कपल्स को वॉर्म एनर्जी की जरूरत होती है।' इसके साथ ही, इस बात का ध्यान रखें कि बेड में अगर बॉक्स भी है तो उसमें कोई भी कबाड़ न रखें और न ही कोई धारदार चीज रखें। यहां तक की बेड पर पड़ा गद्दा भी सिंगल होना चाहिए।

## कैसा होना चाहिए कमरे में शीशा

शीशा आपका प्रतिबिंब बनाता है। किसी भी चीज को डबल करना और एनर्जी को फैलाना शीशे की प्रॉपर्टी होती है। इसलिए शीशे का सही दिशा में होना जरूरी है। सोते वक्त शीशे में आप नजर न आएं इसके लिए हमेशा शीशा बेड के बगल में होना चाहिए।

## कमरे का डेकोरेशन कैसा होना चाहिए

कमरे के डेकोरेशन में सबसे ज्यादा लोग फोटो फ्रेम्स का इस्तेमाल करते हैं। न्यूली वेड कपल्स को भी अपने कमरे में हमेशा ऐसी तस्वीरें लगानी चाहिए, जो उन्हें खुशी दें। भगवान की तस्वीर कभी न लगाएं, सोलो व्यक्ति की तस्वीर न लगाएं और जंगली जानवरों की तस्वीरें भी न लगाएं। कपल अपनी भी तस्वीर लगा सकते हैं।

## कमरे का रंग कैसा होना चाहिए

अपना फेवरेट कलर ही कमरे की दीवारों पर कराएं। हो सके तो कमरे में कहीं न कहीं लाल रंग का इस्तेमाल जरूर करें। क्योंकि यह रंग एनर्जी को बढ़ाता है और कपल के बीच के प्रेम संबंधों को मधुर बनाता है। ज्यादा लाल रंग न इस्तेमाल करें क्योंकि इससे कंसीव करने में दिक्कत आती है और लड़ाई झगड़े भी होते हैं।



# घर पर बनाएं मूंग दाल डोसा

**साउथ इंडियन खाने का अपना अलग ही मजा है। स्वादिष्ट होने के साथ-साथ दक्षिण भारतीय व्यंजन हेल्दी भी हो सकते हैं, क्योंकि उनमें तेल की मात्रा कम से कम होती है। इडली, डोसा, सांभर, रसम, वड़ा, अप्पम, लेमन राइस जैसे अन्य कई व्यंजनों को देखकर आपके मुंह भी पानी आता होगा? दूसरी सबसे अच्छी बात यह है कि आप इनका आनंद सुबह नाश्ते, ब्रंच, लंच, स्नैक्स और डिनर में भी ले सकते हैं।**

आज हर शहर में आप साउथ इंडियन फूड का आनंद ले सकते हैं। इतना ही नहीं, घर पर भी इन्हें बनाया जा सकता है। अब बात करें डोसा की, तो आज हम आपके लिए डोसा की रेसिपी लेकर आए हैं, लेकिन यह आम डोसा नहीं, बल्कि मूंग दाल से बनने वाला डोसा है। इसे आप केवल दो मिनट में बना भी सकते हैं।

## बनाने का तरीका

- मूंग दाल का डोसा बनाने के लिए पहले जरूरी सामग्री को इकट्ठा कर लें। मूंग दाल को कुछ देर पहले भीगोकर रखें। उसके बाद एक मिक्सी में भीगी हुई मूंग दाल, थोड़ा–सा पानी, अदरक और हरी मिर्च डालकर ग्राइंड कर लें।
- जब बैटर तैयार हो जाए तो उसे एक भगोने में निकाल कर रख लें। अब तैयार बैटर में स्वादानुसार नमक और दो चम्मच चावल का आटा डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें।
- अब एक तवा गर्म करें और उस पर यह बैटर फैला लें। थोड़ी देर सेकने के बाद बैटर के ऊपर हल्का–सा तेल डालें और फिर आलू का मसाला डालने की बजाय उसमें बारीक कटा प्याज, टमाटर और धनिया डालें।
- इसे कुछ सेकंड सेकने के बाद डोसा फोल्ड करें और एक प्लेट पर निकाल लें। स्वादिष्ट टमाटर और नारियल की चटनी के साथ मूंग दाल के इस डोसे को सर्व करें।
- घर पर मूंग दाल का डोसा बनाना बेहद आसान है। इसे बनाने में आपको केवल दो मिनट लगेंगे। आइए जानें इसकी आसान रेसिपी

## सामग्री

1 कप मूंग दाल
1 इंच अदरक
2 चम्मच चावल का आटा,
1 हरी मिर्च
आधा कप पानी,
स्वादानुसार नमक
1 बारीक कटा प्याज
1 बारीक कटा टमाटर
1 बड़ा चम्मच बारीक कटा हुआ धनिया

## विधि

- भीगी हुई मूंग दाल को एक मिक्सी में डालें और उसमें अदरक और हरी मिर्च डालकर ग्राइंड करें।
- बैटर को एक भगोने में निकालें और उसमें चावल का आटा और नमक डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें।
- अब एक तवा गर्म करें और उसमें तैयार बैटर फैलाएं। ऊपर से हल्का–सा तेल डालें और कुछ देर सेक लें।
- अब इसमें बारीक कटा हुआ प्याज, टमाटर और धनिया डालें। डोसा को फोल्ड कर एक प्लेट में निकालें और चटनी के साथ सर्व करें।



# सिर्फ सेहत ही नहीं, घर चमकाने के काम भी आता है जैतून का तेल

जैतून तेल का इस्तेमाल सेहत और ब्यूटी से जुड़ी परेशानियों को दूर करने के लिए किया जाता है। मगर क्या आप जानते हैं कि यह घर की सफाई में भी मददगार है। जी हां, जैतून के तेल से आप घर की साफ–सफाई भी कर सकते हैं। चलिए आज हम आपको बताते हैं कि किस तरह जैतून के तेल का इस्तेमाल आपके घर की छोटी–छोटी प्रॉब्लम को दूर करता है।

## लकड़ी के फर्श को करें साफ

1 चम्मच ऑलिव ऑयल और 1/2 चम्मच व्हाइट विनेगर को मिक्स करके उसे अपनी घर की फर्श को साफ करें। यह आपके फर्श को नए जैसा चमका देगा और इससे फर्श के दाग–धब्बे भी आसानी से साफ हो जाएंगे।

## पुराने फर्नीचर को रखें नए जैसा

लकड़ी के फर्नीचर की अलग सही तरीके से देखभाल न की जाए तो वह खराब होने लगते हैं। ऐसे में आप कपड़े पर हल्का–सा जैतून का तेल लगाकर लकड़ी के फर्नीचर को साफ करें। उसके बाद सूखे कपड़े के फर्नीचर साफ करें। इससे आपका पुरानी वुडन फर्नीचर भी नया लगेगा।

## बर्तनों को चमकाएं

रसोई में खाना बनाते हुए कई बार बर्तन जल जाते हैं। ऐसे में सबसे पहले उसपर व्हाइट विनेगर और बेकिंग सोडा डालकर बर्तन को साफ करें। फिर उसपर जैतून का तेल और नमक डालकर स्क्रब की मदद से साफ करें। इससे आपका बर्तन बिल्कुल साफ हो जाएगा।

## जूट फर्नीचर की सफाई

जूट के फर्नीचर में गंदगी आसानी से नहीं निकलती और उसकी शाइन खोने लगती है। वैक्यून क्लीनर से सफाई करने के बावजूद भी वह अच्छी तरह साफ नहीं होते। ऐसे में आप कपड़े पर जैतून का तेल लगाकर फर्नीचर की सफाई करें। इससे उसकी धूल–मिट्टी भी आसानी से निकल जाएगा और नया भी लगने लगेगा।

## पैरा एथलीट जीतू कंवर, जिन्होंने शारीरिक और मानसिक चुनौतियों से ऊपर उठकर खुद को साबित किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में हाल ही में समाप्त हुए खेलो इंडिया पैरा गेम्स में हर एथलीट अनोखा था। शारीरिक और मानसिक चुनौतियों से ऊपर उठने की उनकी क्षमता ने उनके ईश्वर-प्रदत्त विशेष गुणों को उजागर किया, जिन्हें सक्षम खिलाड़ी कभी समझ नहीं सकते। जीतू कंवर शायद कुछ ज्यादा ही खास हैं. उसकी जीवन कहानी बिल्कुल अवास्तविक और अविश्वसनीय है। सेरेब्रल पाल्सी स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीपीएसएफआई) की महासचिव कविता सुरेश ने कहा, उन्होंने सभी चुनौतियों का अकेले सामना किया है और आज वह एक स्व-निर्मित महिला हैं और समाज के लिए एक प्रेरणा हैं। स्पास्टिक क्वाड्रिप्लेजिक सेरेब्रल पाल्सी की मरीज, जीतू कंवर, जो अब 29 साल की है, तब से ही जीवन की बाधाओं का सामना कर रही है जब वह अपनी मां के गर्भ में थी। उसके स्पास्टिक सीपी का रूप सबसे गंभीर है और यह उसके चारों अंगों, धड़ और चेहरे की गति को प्रभावित करता है। जीतू का धैर्य और दृढ़ संकल्प पिछले हफ्ते जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में देखा गया जब उसने टी-35 वर्ग में 100 मीटर में कांस्य पदक जीता। अब वह 2024 पेरिस पैरालिंपिक में पदक जीतना चाहती हैं। जीतू कंवर का जन्म 26 जून 1994 को जोधपुर जिले के शेरगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत खुडियाला ढाणी में एक साधारण परिवार में हुआ था। सेरेब्रल पाल्सी के पहले लक्षण जीतू के जन्म के तीन घंटे के भीतर पता चले थे, क्योंकि वह पूरी अवधि में एक बार भी नहीं रोई थी।

## रोवमैन पॉवेल और हैरी ब्रूक पर लगे दाव से क्रिकेट दिग्गजों का फूला मुंह, दिए यह तर्क

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर पार्थिव पटेल ने रोवमैन पॉवेल पर बात करते कहा कि अगर कैरेबियाई खिलाड़ी ऑक्शन में नहीं होते तो राजस्थान रॉयल्स (आरआर) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में किसी पर दाव लगा सकती थी। पार्थिव ने कहा कि आईपीएल 2024 की नीलामी की शुरुआत कैरेबियाई बल्लेबाज के कारण उत्साह से भरी थी। शुरूआत में ही नाम पॉवेल का था। इसलिए, हमें कुछ अलग देखने को मिला। आपको शुरुआत में ही इतना उत्साह देखने को नहीं मिलता है। लेकिन पॉवेल के साथ ऐसा हुआ। समय एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। फ्रेंचाइजी नहीं चाह रही हैं इंतजार करें और देखें। यदि उन्हें कोई ऐसा व्यक्ति मिलता है जो उनकी उम्मीदों पर खरा उतर सकता है, तो वे उसके पास जाते हैं। यदि वह उपलब्ध नहीं होता, तो शायद वे किसी और की ओर जाते हैं। बता दें कि पॉवेल जिनका बेस प्राइस 1 करोड़ रुपए था, को कोलकाता ने शुरुआती बोली दी थी। इसके बाद राजस्थान रॉयल्स आ गई। पॉवेल ने बीते दिनों सीपीएल में बारबाडोस रॉयल्स की कप्तानी की थी और वह अंत में 7.4 करोड़ रुपए की भारी भरकम रकम लेने में सफल रहे। विंडीज टी20 कप्तान ने 66 T20I में 26.71 के औसत और 143 से ऊपर के स्ट्राइक रेट से 1,202 रन बनाए जिसमें एक शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल हैं। दूसरी ओर, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन ने हैरी ब्रूक के दिल्ली कैपिटल्स में जाने पर खुलकर बात की और कहा कि उनके जैसे गुणवत्ता वाले खिलाड़ी के लिए 4 करोड़ रुपए एक सौदा है। उन्होंने कहा कि भारत के अन्य स्थानों की तरह दिल्ली ब्रूक के लिए उपयुक्त नहीं होगी। मोर्गन ने कहा कि मेरे लिए, वह (हैरी ब्रूक) एक मध्यक्रम बल्लेबाज है। जैसा कि एबी डिविलियर्स ने उल्लेख किया है कि एनरिक नॉर्टजे का फिटनेस स्तर उनकी टीम के संतुलन पर निर्भर हो सकता है, उनके पास लुंगी एनगिडी जैसे खिलाड़ी हैं जो प्लेइंग 11 में आ सकते हैं।

## डेविड वॉर्नर को सनराइजर्स हैदराबाद ने मारा BLOCK, स्टार बल्लेबाज ने शेयर कर दिए स्क्रीनशॉट

**नई दिल्ली।** आईपीएल ऑक्शन 2024 के लिए ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों पर बड़ा दाव लगाने की खबर पर अपनी खुशी जाहिर करने के लिए जब डेविड वॉर्नर ने जब सोशल मीडिया का रुख किया तो उन्हें अजीब स्थिति का सामना करना पड़ा। मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस और ट्रेविस हेड के लिए खुश वार्नर सोशल मीडिया पर इंस्टा और एक्स पोस्ट शेयर करना चाह रहे थे लेकिन वह इसमें असफल रहे। पाया गया कि उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने सोशल मीडिया अकाऊंट से ब्लॉक किया है। वार्नर यह देखकर चुप नहीं रहे। उन्होंने स्क्रीनशॉट लिए और अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर कर दिए।

हैदराबाद के लिए लंबे समय खेलते हुए डेविड वार्नर ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया था। वह अपनी टीम को आईपीएल खिताब दिलवाने में भी सफल रहे। लेकिन टीम में केन विलियमसन की एंट्री के बाद से वह टूट से गए थे। इसके बाद वह दिल्ली कैपिटल्स में वापस आ गए थे। उनके टीम से बाहर होने के कारण सोशल मीडिया पर खूब बातें चली थीं। माना गया कि सनराइजर्स हैदराबाद प्रबंधन ने वार्नर के बतौर कप्तान खराब प्रदर्शन के कारण चिंतित थे। हालांकि वार्नर लगातार सोशल मीडिया पर अपने हैदराबाद के फैंस के साथ बने रहे लेकिन हैदराबाद प्रबंधन की नाराजगी कायम रही।

# आईपीएल नीलामी राउंडअपः मिचेल स्टार्क की 24.75 करोड़ रुपये की बोली ने रचा इतिहास, खर्च हुए 230.45 करोड़

**दुबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के लिए दुबई में चल रहे खिलाड़ियों की नीलामी का समापन हो गया है। नीलामी में कुल मिलाकर 72 खिलाड़ियों (30 विदेशी) को चुना गया और टीमों ने कुल 230.45 करोड़ रुपये खर्च किए। नीलामी में इस बार एक नया इतिहास लिखा गया, जब आंकड़ा 25 करोड़ 75 लाख रुपये तक पहुंच गया।

सबसे पहले, पैट कमिंस को हैदराबाद ने 20.50 करोड़ रुपये में खरीदा और फिर मिचेल स्टार्क ने उस रिकॉर्ड को तोड़ दिया और उन्हें केकेआर ने 24.75 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा, जो कि किसी भी आईपीएल खिलाड़ी के लिए अब तक की सबसे अधिक कीमत है!

**हर्षल पटेल बने सबसे महंगे खिलाड़ी**



हर्षल पटेल सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बने, उन्हें पीबीकेएस ने 11.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। अनकैप्ड बल्लेबाज समीर रिज़वी (8.4 करोड़ रुपये, सीएसके) ने सभी आश्चर्यचकित कर दिया है। उनके अलावा डेरिल मिशेल (14 करोड़ रुपये, सीएसके), अल्जारी जोसेफ (11 करोड़ रुपये, आरसीबी), राइली रुसो (8 करोड़ रुपये, पीबीकेएस), रोवमैन पॉवेल (आरआर, 7.40 करोड़ रुपये), शाहरुख खान (7.40 करोड़ रुपये), जीटी), कुमार कुशाग्र (7.2 करोड़ रुपये, डीसी), ट्रैविस हेड (एसआरएच, 6.80 करोड़ रुपये) अन्य महंगे बिके खिलाड़ी थे।

**स्टीव स्मिथ सहित कई बड़े खिलाड़ी रहे अनसोल्ड**

नीलामी में जहां स्टार्क और कमिंस ने सारे रिकॉर्ड तोड़े, वहीं ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज स्टीव स्मिथ अनसोल्ड रहे।

स्मिथ के अलावा करुण नायर, माइकल ब्रेसवेल, दुश्मंथा चमिरा, मैट हेनरी, एडम मिल्ने को भी खरीददार नहीं मिले।


## पैरा एथलीट जीतू कंवर, जिन्होंने शारीरिक और मानसिक चुनौतियों से ऊपर उठकर खुद को साबित किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में हाल ही में समाप्त हुए खेलो इंडिया पैरा गेम्स में हर एथलीट अनोखा था। शारीरिक और मानसिक चुनौतियों से ऊपर उठने की उनकी क्षमता ने उनके ईश्वर-प्रदत्त विशेष गुणों को उजागर किया, जिन्हें सक्षम खिलाड़ी कभी समझ नहीं सकते। जीतू कंवर शायद कुछ ज्यादा ही खास हैं. उसकी जीवन कहानी बिल्कुल अवास्तविक और अविश्वसनीय है। सेरेब्रल पाल्सी स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीपीएसएफआई) की महासचिव कविता सुरेश ने कहा, उन्होंने सभी चुनौतियों का अकेले सामना किया है और आज वह एक स्व-निर्मित महिला हैं और समाज के लिए एक प्रेरणा हैं। स्पास्टिक क्वाड्रिप्लेजिक सेरेब्रल पाल्सी की मरीज, जीतू कंवर, जो अब 29 साल की है, तब से ही जीवन की बाधाओं का सामना कर रही है जब वह अपनी मां के गर्भ में थी। उसके स्पास्टिक सीपी का रूप सबसे गंभीर है और यह उसके चारों अंगों, धड़ और चेहरे की गति को प्रभावित करता है। जीतू का धैर्य और दृढ़ संकल्प पिछले हफ्ते जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में देखा गया जब उसने टी-35 वर्ग में 100 मीटर में कांस्य पदक जीता। अब वह 2024 पेरिस पैरालिंपिक में पदक जीतना चाहती हैं। जीतू कंवर का जन्म 26 जून 1994 को जोधपुर जिले के शेरगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत खुडियाला ढाणी में एक साधारण परिवार में हुआ था। सेरेब्रल पाल्सी के पहले लक्षण जीतू के जन्म के तीन घंटे के भीतर पता चले थे, क्योंकि वह पूरी अवधि में एक बार भी नहीं रोई थी।


# दिल्ली ने कुमार कुशाग्र को 7.20 करोड़ रुपये में खरीदा, गुजरात में गए शाहरुख खान

**दुबई।** दुबई में चल रही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 की नीलामी में 2022 आईपीएल चैंपियन गुजरात टाइटन्स ने अनकैप्ड बल्लेबाज शाहरुख खान को 7.40 करोड़ रुपये में खरीदा, जबकि लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) ने अनकैप्ड भारतीय ऑलराउंडर अर्शिन कुलकर्णी को 20 लाख रुपये की बेस्ड प्राइस पर खरीदा।

शाहरुख, जो पिछले सीज़न में पंजाब किंग्स का हिस्सा थे, लेकिन रिलीज़ कर दिये गए, 40 लाख रुपये के बेस प्राइस के साथ नीलामी में उतरे। पीबीकेएस ने 40 लाख पर बोली खोली और गुजरात टाइटन्स तुरंत उनके साथ जुड़ गई। धीरे-धीरे बोली बढ़ने के साथ 1 करोड़ रुपये का आंकड़ा जल्दी ही पार हो गया। अंत में, टाइटंस ने शाहरुख को 7.40 करोड़ रुपये में खरीद



लिया। बड़े हिटिंग बल्लेबाज और एक उपयोगी सीमर, अर्शिन कुलकर्णी 20 लाख रुपये के आधार मूल्य पर लखनऊ सुपर जाइंट्स में गए। इसके अलावा, रमनदीप सिंह, जो अतीत में मुंबई इंडियंस के लिए खेल चुके थे, को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 20 लाख के बेस प्राइस पर खरीदा था। अनकैप्ड विकेटकीपर में, इंग्लैंड के खिलाड़ी टॉम कोहलर-कैडमोर को राजस्थान रॉयल्स ने 40 लाख रुपये में खरीदा, जबकि भारतीय खिलाड़ी रिकी भुई को दिल्ली कैपिटल्स ने 20 लाख रुपये में खरीदा। वहीं, झारखंड के युवा खिलाड़ी कुमार कुशाग्र को कैपिटल्स ने 7.20 करोड़ रुपये में खरीदा। हाल ही में विजय हजारे ट्रॉफी में, महाराष्ट्र के खिलाफ 355 रनों का पीछा करते हुए, वह झारखंड के लिए छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए कुशाग्र ने 37 गेंदों में नाबाद 67 रन बनाकर अपनी टीम को एक असंभव जीत दिलाई।

# अनकैप्ड खिलाड़ियों में सबसे महंगे बिके समीर रिजवी, सीएसके ने 8.4 करोड़ रुपये में खरीदा

**दुबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी में बल्लेबाज समीर रिजवी अनकैप्ड खिलाड़ियों में सबसे महंगे बिके, इसके अलावा वह सबसे महंगे बिके पांच भारतीय खिलाड़ियों की सूची में भी शामिल हो गए। समीर को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने 8.4 करोड़ रुपये में खरीदा, जबकि एक अन्य अनकैप्ड बल्लेबाज शुभम दुबे को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने 5.8 करोड़ रुपये में खरीदा।

गुजरात टाइटंस के साथ गहन बोली स्पर्धा के बाद रिजवी को पांच बार के चैंपियन सीएसके ने खरीदा। उनका बेस प्राइज 20 लाख रुपये था।

रिजवी ने इस साल यूपीटी20 लीग में 10 मैचों में 50 से ज्यादा की औसत से 455 रन बनाए, जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उनके रन 188 से अधिक की स्ट्राइक रेट से आए। यूपी के लिए 11 टी20




में, उन्होंने 49.16 के औसत और 134 से अधिक के एसआर के साथ दो अर्द्धशतक के साथ 295 रन बनाए हैं।

वहीं, इस साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में विदर्भ के लिए दुबे ने सात पारियों में 73.66 की औसत और 187 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से 221 रन बनाए, जिसमें एक अर्धशतक भी शामिल था। मुंबई के युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 20 लाख रुपये में खरीदा। अनकैप्ड बल्लेबाज रोहन कुन्नूमल, सौरव चौहान, प्रियांश आर्य और मनन वोहरा अनसोल्ड रहे।

# दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 8 विकेट से हराया, श्रृंखला 1-1 से बराबर

**गकेबरहा (दक्षिण अफ्रीका)।** दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारतीय टीम को 8 विकेट से मात दी है। इस जीत से साथ मेजबान टीम ने श्रृंखला में एक-एक की बराबरी कर ली है।

भारत की ओर से मिले 212 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीकी टीम ने सधी शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज रीजा हैंड्रिक्स और टोनी डी जोर्जी ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 130 रन जोड़े। तभी हैंड्रिक्स 52 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद रेसी वान डर डुसे ने टोनी का उम्दा साथ देते हुए 76 रन की साझेदारी निभाई। डुसे ने 36 रन की पारी खेली। वहीं दूसरे छोर पर युवा बल्लेबाज टोनी डी जोर्जी ने




शानदार शतक लगाया और 119 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने एडन मार्कराम के साथ मिलकर टीम को 45 गेंद पहले ही जीत दिला दी। भारत की तरफ से अर्शदीप और रिंकू सिंह को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया 211 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ एक बार फिर बड़ा स्कोर बनाने से चूक गए और 4 रन बनाकर आउट हो गए। तीन नंबर पर बल्लेबाजी करने आए तिलक वर्मा (10 रन) भी जल्द ही पवेलियन लौट गए। फिर साई सुदर्शन और कप्तान केएल राहुल ने पारी को संभाला और 68 रन की साझेदारी की। सुदर्शन ने 83 गेंद पर 62 रन बनाए, जबकि केएल राहुल ने 64 गेंद पर 56 रन की पारी खेली। इनके कोई भी बल्लेबाज ज़्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सका।

सभी का आने जाने का क्रम लगा रहा। इस तरह पूरी टीम 46.2 ओवर में 211 के स्कोर पर पवेलियन लौट गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए नांद्रे बर्गर ने 3 विकेट झटके। जबकि ब्रॉन हैंड्रिक्स और केशव महाराज को दो-दो सफलता मिली। वहीं लिजाड विलियम्स और एडन मार्करम को एक-एक विकेट मिला।

## इंग्लैंड के खिलाफ आखिर दो टी20 मैचों के लिए वेस्टइंडीज टीम का ऐलान, अल्जारी जोसेफ को दिया आराम

**एंटीगुआ।** वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के साथ होने वाले आखिरी दो टी-20 मैच के लिए अल्जारी जोसेफ को आराम दिया है तथा शिमरोन हेटमायर को टीम से बाहर कर दिया है। हेटमायर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टी-20 में एक और दो रन बनाए और वह फॉर्म को लेकर संघर्ष करते देखे गए। उनकी जगह अगस्त में भारत में टी-20 खेलने वाले जॉनसन चार्ल्स को टीम में शामिल किया है। इस बीच जोसेफ को अगले महीने वेस्टइंडीज के ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले आराम दिया गया है। इसमें दौरे में दो टेस्ट, तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 मैच खेले जाने है। 17 जनवरी से एडिलेड में टेस्ट मैच शुरु होगा। जोसेफ के तीनों प्रारूपों में खेलने की संभावना है। जोसेफ ने दूसरे टी-20 में 39 रन देकर तीन विकेट लेकर महत्वपूर्ण प्रदर्शन किया। वेस्टइंडीज ने यह मुकाबला 10 रन से जीत लिया था।

**इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी दो टी-20 मैचों के लिए वेस्टइंडीज टीम :**

रोवमैन पॉवेल (कप्तान), शाई होप, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज़, मैथ्यू फोर्ड, जेसन होल्डर, अकील होसेन, ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड और ओशाने थॉमस राम

## मुम्बई सिटी एफसी और मोहन बागान सुपर जायंट के बीच होगा हैवीवेट मुकाबला

**मुंबई।** मोहन बागान सुपर जायंट की टीम अपने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 मैच के लिए मुम्बई फुटबॉल एरेना (एमएफए) की यात्रा करेगी, जहां मैरिनर्स का सामना मेजबान मुम्बई सिटी एफसी से होगा। यह मैच आईएसएल की दो सबसे ताकतवर टीमों के बीच हैवीवेट मुकाबला होगा।

मैरिनर्स लीग में अब तक अपराजित रहे हैं, उन्हें अपने खेले सात मैचों में छह जीत और एक ड्रा से 19 अंक हासिल किए हैं। एएफसी कप की निराशा और कई चोटिल खिलाड़ियों की चिंताओं को पीछे छोड़कर मौजूदा आईएसएल लीग विनर्स शील्ड विजेता इस सीजन में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और अपनी प्रतिभा व गुणवत्ता के साथ न्याय कर रहे हैं।

आइलैंडर्स के आठ मैचों में 16 अंक हैं और वे भी अभी तक हारे नहीं हैं, लेकिन उनका लक्ष्य चार ड्रा और चार जीत के आंकड़े में एक और जीत जोड़ने का लक्ष्य रहेगा। पीटर क्रैटकी की आईएसएल में शुरुआत बहुत माकूल नहीं रही है, चेक कोच की देखरेख में उन्होंने एफसी गोवा और ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ गोल रहित ड्रा खेला है। ये परिणाम आगे मुम्बई सिटी को परेशान करेंगे। मुम्बई सिटी एफसी के मुख्य कोच पीटर क्रैटकी ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मोहन बागान शीर्ष टीमों में से एक



है। हम उनके खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित हैं। यह एक ऐसा मुकाबला है जिसका हम इंतजार कर रहे हैं क्योंकि यह फुटबॉल का उत्सव है। हमारा अपना खेलने का तरीका नहीं बदलेगा। हम ठीक से रक्षण करेंगे, और साथ ही हम उस तरीके पर काम करेंगे जिससे हमें अधिक गोल मिलें और अधिक गोल करने के अवसर पैदा हों।'

मोहन बागान सुपर जाइंट के मुख्य कोच जुआन फेरांडो ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मुझे लगता है कि हर मैच अलग होता है। यह सच है कि पिछले मैच में (ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ), उन्होंने ड्रा खेला लेकिन उनको बहुत सारे मौके मिले थे और उन्होंने कई आसान अवसर गंवाए। यह भी सच्चाई है। इस मामले में, मैं उनकी टीम और अपनी योजना के बारे में सोच रहा हूं। मुम्बई घरेलू मैदान पर एक मजबूत टीम है और उनके घर पर खेलना मुश्किल है।' बता दें कि दोनों टीमों के बीच अब तक 7 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें मुंबई ने 5 जीते हैं, जबकि मोहन बागान को एक भी मैच में जीत नहीं मिली है। 2 मैच ड्रा रहे हैं।

# सनसनीखेज प्रतिभाओं के साथ दिल्ली कैपिटल्स ने एक मजबूत टीम बनाई

**दुबई।** जेएसडब्ल्यू-जीएमआर के सह-स्वामित्व वाली दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को दुबई में आईपीएल मिनी-नीलामी 2024 में अपनी टीम में रोमांचक बदलाव किए। फ्रेंचाइजी ने हार्ड-हिटिंग हैरी ब्रूक को 4 करोड़ रुपये में, ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन को 5 करोड़ रुपये में और वेस्ट इंडीज के विकेटकीपर-बल्लेबाज शाई होप को 75 लाख रुपये में खरीदा। दिल्ली कैपिटल्स ने अनकैप्ड भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को भी 7.2 करोड़ रुपये में खरीदा। आईपीएल 2024 के लिए दिल्ली कैपिटल्स टीम के बारे में पूछे जाने पर हेड कोच रिकी पोंटिंग ने कहा, हमने वे सभी कमियां भर दीं जो हम चाहते थे और मुझे लगा कि हमने नीलामी तालिका में बहुत अच्छा काम किया है। मैं हैरी ब्रूक के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। वह इस समय सबसे




प्रतिभाशाली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों में से एक है। इस साल की नीलामी में वह हमारी नंबर एक प्राथमिकता थे और हम उसे बड़ी कीमत पर हासिल करने में कामयाब रहे। इस बीच, दिल्ली के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली ने कहा, मैं शाई होप को लेकर उत्साहित हूं। वह स्पिन के अच्छे खिलाड़ी हैं और 50 ओवर के क्रिकेट में उनका रिकॉर्ड शानदार है। आक्रमण में झाय रिचर्डसन के साथ हमारा गेंदबाजी विभाग अच्छा दिख रहा है।

दिल्ली कैपिटल्स ने दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स को 50 लाख रुपये में खरीदा। 23 वर्षीय खिलाड़ी ने 59 टी20 में 147.23 की स्ट्राइक रेट से 1119 रन बनाए हैं। अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज रिकी भुई को 20 लाख रुपये में खरीदा गया। उन्होंने 62 टी20 में 32.54 की औसत से 1497 रन बनाए हैं. गुजरात टाइटंस के साथ कड़ी बोली के बाद, दिल्ली कैपिटल्स ने विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को 7.2 करोड़ रुपये में खरीद लिया। उन्होंने 11 टी20 में आठ कैच और एक स्टंपिंग की है। कुशाग्र के बारे में बात करते हुए, सहायक कोच प्रवीण आमरे ने कहा, दिल्ली कैपिटल्स ने हमेशा युवाओं को एक मंच दिया है। हमने टी20 क्रिकेट खेलना शुरू करने से पहले ऋषभ पंत, पृथ्वी शॉ और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों का समर्थन किया था। और कुमार एक और खिलाड़ी हैं जिन्हें हमने चुना है, उम्मीद है कि वह हमारे लिए काम करेंगे।

इस बीच, मध्यम तेज गेंदबाज रसिख डार को 20 लाख रुपये में खरीदा गया। उन्होंने 15 टी20 में 27.66 की औसत से 15 विकेट लिए हैं और 85 टी20 में 21.58 की औसत से 112 विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन को 5 करोड़ रुपये में चुना गया।

कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ गहन बोली युद्ध के बाद, भारतीय ऑलराउंडर सुमित कुमार को 1 करोड़ रुपये में खरीदा गया। उन्होंने 45 टी20 में 574 रन बनाए हैं और 43 विकेट लिए हैं।

**दिल्ली कैपिटल्स टीम**

भारतीय:ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, इशांत शर्मा, पृथ्वी शॉ, खलील अहमद, ललित यादव, प्रवीण दुबे, मुकेश कुमार, यश ढुल, विक्की ओस्टवाल, अभिषेक पोरेल, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, सुमित कुमार और स्वास्तिक चिकारा.

**विदेशी:** डेविड वार्नर, मिशेल मार्श, एनरिक नॉर्टजे, लुंगी एनगिडी, हैरी ब्रूक, ट्रिस्टन स्टब्स, झाय रिचर्डसन और शाई होप।

## IPL 2024 के सबसे महंगे भारतीय प्लेयर बने हर्षल पटेल, RCB के स्टार गेंदबाज पर इसलिए लगी बड़ी बोली

**दुबई।** अपना पहला आईपीएल खिताब जीतने के प्रयासों में एक बार फिर से पंजाब किंग्स तेज गेंदबाजों पर बड़ा दांव लगाती हुई नजर आ रही है। पिछली ऑक्शन में सैम कुरैन पर 18 करोड़ से ज्यादा का दाव लगाने वाली पंजाब ने इस बार आरसीबी के स्टार गेंदबाज हर्षल पटेल के साथ हाथ मिलाया है। हर्षल पर पंजाब ने 11.75 करोड़ की बोली लगाई है7 जोकि इस स्टार गेंदबाज पर पिछले ऑक्शन से एक करोड़ रुपए ज्यादा है।

**इन 3 फ्रेंचाइजियों ने लगाई बोली**

हर्षल पटेल पर सबसे पहले गुजरात टाइटंस ने बोली लगाई। उसके बाद पंजाब किंग्स भी बोली में कूद गई। दोनों फ्रेंचाइजियां बोली को 10.75 करोड़ तक ले गई जहां से गुजरात पीछे हट गई। इसके बाद बोली में लखनऊ सुपर जायंट्स कूद गई। लेकिन पंजाब इसके बावजूद 11.75 करोड़ में उनकी बोली लगाने में सफल रही।

आईपीएल ऑक्शन में हर्षल पटेल

आईपीएल 2014 : 40 लाख (आरसीबी)
आईपीएल 2015 :40 लाख (आरसीबी)
आईपीएल 2016 :40 लाख (आरसीबी)
आईपीएल 2017 : 40 लाख (दिल्ली)
आईपीएल 2018 : 20 लाख (दिल्ली)
आईपीएल 2019 : 20 लाख (दिल्ली)
आईपीएल 2020 : 20 लाख (आरसीबी)
आईपीएल 2021 : 20 लाख (आरसीबी)
आईपीएल 2022 :10.75 करोड़ (आरसीबी)
आईपीएल 2023 : 10.75 करोड़ (आरसीबी)
आईपीएल 2024 : 11.75 करोड़ (पंजाब)



# आलिया भट्ट ने पति Ranbir Kapoor की इस EX गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप पर तोड़ी चुप्पी, बोलीं- सब बेहूदा?

अपनी शानदार फिल्मों से फैंस के दिलों को जीतने वालीं आलिया भट्ट को भला कौन नहीं जानता। अपने बिंदास को लेकर आए दिन आलिया का नाम चर्चा का विषय बना रहता है।अपने पति और एनिमल फिल्म कलाकार रणबीर कपूर को लेकर एक्ट्रेस कई मौके पर खुलकर बात कर चुकी हैं। हाल ही में आलिया ने रणबीर की एक एक्स गर्लफ्रेंड को लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है और बड़ा बयान दिया है।

**रणबीर की एक्स को लेकर खुलकर बोलीं आलिया भट्ट**

इस साल निर्माता करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर चर्चा में रहने वालीं आलिया भट्ट ने हाल ही में रणबीर कपूर की एक्स गर्लफ्रेंड को लेकर बेबाक अंदाज में बात की है। हाल ही में आलिया ने दिग्गज बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा धूपिया के चैट शो में अपने हसबैंड रणबीर की एक्स गर्लफ्रेंड के साथ बेक्रअप को लेकर खुलकर बात की है।दरअसल





आलिया से रणबीर कपूर और कटरीना कैफ के ब्रेकअप की मुख्य वजह को लेकर सवाल पूछा गया, जिस पर उन्होंने कहा- मैंने कई जगह पर पढ़ा जिसमें रणबीर और कटरीना के ब्रेकअप की वजह मुझे बताया गया है। ये मेरे लिए बेहद बेहूदा था, मुझे बिल्कुल भी ऐसा नहीं लगता की इस पर कोई स्पष्टीकरण देने की जरूरत है।इस तरह से आलिया ने रणबीर की एक्स कटरीना संग रिश्ते पर अपनी राय रखी है। इस बयान के बाद आलिया भट्ट का नाम लगातार सुर्खियां बटोर रहा है।

**आलिया बिता रहीं शादीशुदा खुशहाल जीवन**

लंबे समय तक रणबीर कपूर को डेट करने के बाद आलिया भट्ट ने बीते साल रणबीर कपूर के साथ शादी रचा ली। शादी के कुछ महीने के बाद नवंबर के शुरुआती हफ्ते में रणबीर और आलिया के घर बेटी राहा के रूप में एक नन्ही शहजादी आई।ऐसे में शादी के बाद से इस कपल को खुशहाल जीवन बिताते हुए देखा जाता है। जिसका अंदाजा आलिया भट्ट के सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए आसानी से लगाया जा सकता है।

# बिग बॉस हाउस में अपना बर्थडे मना रही हैं अंकिता, शेयर किया सेलिब्रेशन वीडियो



टीवी की अर्चना यानी एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे (Ankita Lokhande) 19 दिसंबर को अपना 39वां जन्मदिन मना रही हैं। एक्ट्रेस का जन्म 19 दिसंबर 1984 को इंदौर में मराठी परिवार में जन्म हुआ था।अंकिता के लिए इस साल का जन्मदिन अब तक का सबसे अलग और खास है। दरअसल, इन दिनों अंकिता टीवी के फेमस शो बिग बॉस 17 में है और वहीं पति विक्की जैन और बाकी घर वालों के साथ अपना जन्मदिन मना रही हैं।

**अंकिता का बर्थडे सेलिब्रेशन**

जन्मदिन के मौके पर अंकिता के इंस्टाग्राम पर कुछ वीडियो शेयर किए गए हैं, जिसमें वह पति विक्की जैन के साथ बर्थडे केक कट करती नजर आ रही है। इस मौके पर एक्ट्रेस ने शिमरी सिल्वर कलर की ड्रेस पहनी हुई है। साथ पोज देती नजर आ रही हैं।

**पति संग काटा केक**

इस वीडियो में अंकिता पति संग बर्थडे केक काटती नजर आ रही है और कैप्शन में लिखा, हमारी और अपनी जिंदगी में चमक लाने वाले को जन्मदिन की शुभकामनाएं। हम सब तुम्हें बहुत प्यार करते हैं।

**विक्की संग किया रोमांस**

वीडियो के अलावा एक्ट्रेस ने पति संग कुछ रोमांटिक फोटो शेयर की है और कैप्शन में लिखा, आज, कल और हमेशा...वह हमेशा हमारी रानी है। उस व्यक्ति को जन्मदिन की शुभकामनाएं जो दुनिया की सारी खुशियों का हकदार है।

बता दें, ये फोटोज अंकिता की टीम इंस्टाग्राम पर शेयर कर रही है। बिग बॉस हाउस में जाने से पहले इस कपल ने बर्थडे का ये फोटोशूट करवाया था, जिसमें अब शेयर किया जा रहा है।

# प्रेग्नेंसी की अटकलों के बीच अनुष्का शर्मा ने शेयर किया ये पोस्ट, फैंस से मिली बधाइयां




बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा (Anushka Sharma) इन दिनों सेकंड प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में हैं। एक्ट्रेस के कुछ ही महीनों में दोबारा मां बनने की खबर जोरों से फैली है। फैंस भी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि दोनों जल्द ही प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट करेंगे। इस बीच एक्ट्रेस का एक वीडियो सामने आया है, जिसे देखने के बाद फैंस ने उन्हें बधाई दी है।

**प्रेग्नेंसी को लेकर लाइमलाइट में अनुष्का**

अनुष्का शर्मा पिछले कई दिनों से दूसरी बार मां बनने को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर उनकी कुछ तस्वीरें सामने आने के बाद इस बात की अटकलें लगना तेज हो गईं कि एक्ट्रेस प्रेग्नेंट हैं। विराट या अनुष्का ने अभी तक इससे जुड़ी ऑफिशियल अपडेट शेयर नहीं की है, लेकिन अनुष्का के नए वीडियो ने इन खबरों को एक बार फिर तूल दी है।

**क्या है मामला ?**



एक्ट्रेस ने प्रेग्नेंसी किट का ऐड किया है। इस विज्ञापन को उन्होंने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। एक्ट्रेस के वीडियो पर फैंस के कमेंट्स की बौछार आ गई है। किसी ने लिखा, हम आपका इशारा समझ रहे हैं, बधाई हो। वहीं, एक ने लिखा, %इसका मतलब है कि आप दूसरी बार प्रेग्नेंट हो। कई फैंस ने अनुष्का को सेकंड प्रेग्नेंसी के लिए कॉन्गरैच्युलेट किया है।

बता दें कि हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट में बताया गया था कि अनुष्का शर्मा को मैटरनिटी क्लिनिक के बाहर देखा गया, जिसके बाद एक्ट्रेस के दूसरी बार प्रेग्नेंट होने की चर्चा शुरू हो गई।

**अनुष्का शर्मा वर्कफ्रंट**

एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की बात करें, तो उनकी झोली में डायरेक्टर प्रोसित रॉय की चकदा एक्सप्रेस है। फैंस पहली बार उन्हें क्रिकेटर के रोल में देखेंगे। अनुष्का इस मूवी में क्रिकेटर झूलन गोस्वामी के कैरेक्टर में होंगी। झूलन गोस्वामी महिला वनडे में सबसे ज्यादा गेंदबाज लेने वाली लेडी क्रिकेटर हैं।

# ऋतिक रोशन की एक्स वाइफ ने 11 साल छोटे ब्वॉयफ्रेंड को किया लिप-लॉक, Saba Azad के कमेंट ने खींचा ध्यान



बी-टाउन के हैंडसम हंक ऋतिक रोशन (Hrithik Roshan) और उनकी पत्नी सुजैन खान (Sussanne Khan) कभी पावर कपल कहे जाते थे, लेकिन दोनों ने साल 2014 में अपनी 14 साल की शादी को तोड़ अलग होने का फैसला किया। अब दोनों ही अपनी लव लाइफ में मूव ऑन कर चुके हैं।

ऋतिक रोशन जहां इन दिनों बॉलीवुड एक्ट्रेस सबा आजाद के साथ रिलेशनशिप में हैं। वहीं, सुजैन खान, अभिनेता अली गोनी के भाई व मॉडल अर्सलान गोनी (Arslan Goni) को डेट कर रही हैं। सुजैन ने जब से अर्सलान के साथ अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया है, दोनों आए दिन रोमांटिक पिक्चर्स और वीडियोज को लेकर चर्चा में आते रहते हैं।ब्वॉयफ्रेंड को लिप-लॉक करती दिखीं सुजैन खान 19 दिसंबर 2023 को सुजैन खान ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। क्लिप में सुजैन और अर्सलान की कई खूबसूरत और रोमांटिक मोमेंट्स हैं। एक जगह दोनों लिप-लॉक करते हुए भी नजर आ रहे हैं। वेकेशन, पार्टी और रोमांटिक डेट्स की तस्वीरों से भरा सुजैन और अर्सलान का वीडियो वायरल हो रहा है।



**ब्वॉयफ्रेंड के लिए सुजैन खान ने किया नोट**

सुजैन खान ने अर्सलान के साथ वीडियो शेयर करते हुए एक रोमांटिक नोट भी लिखा है। इंटीरियर डिजाइनर ने कहा, मेरे प्यार को जन्मदिन की शुभकामनाएं। आप मेरी जिंदगी का सबसे अच्छा तोहफा हैं। आपने मुझे पहले से ज्यादा खुशी दी है, जो मैंने कभी नहीं सोचा था। आपके देने की क्षमता अभिभूत करती है, इसलिए आप मुझे एक बेहतर इंसान बनाते हैं।

सुजैन ने आगे लिखा, मेरे प्यार, हम अपनी आत्मा के जरिए इस जिंदगी में धमाल मचा देंगे चाहे कुछ भी हो जाए। हर छोटी चिंगारी से हम अपने दिल को रोशनी से भर देंगे। चलो ये जर्नी शुरू करते हैं, क्योंकि हमने अभी शुरुआत की है। मैं आपको बहुत प्यार करती हूं। मैं सिर्फ आपको चाहती हूं। इस पोस्ट पर ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड सबा आजाद ने कमेंट कर अर्सलान गोनी को बर्थडे विश किया है।